


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -185, पृष्ठ -14+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 37 सूर्यास्त 06 : 07

कानपुर, रविवार, 25 फरवरी 2024

दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी... 2

## यात्री बसों, भारी वाहनों में भी लगानी होगी सीट बेल्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईआरएफ का राजमार्ग मंत्रालय से अनिवार्य करने का अनुरोध

सड़क सुरक्षा के वैश्विक निकाय इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों और घायलों को कम करने के लिए यात्री बसों और स्कूल बसों सहित सभी भारी वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करने का आग्रह किया है।

आईआरएफ के मानद अध्यक्ष केके कपिला ने मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि बसों में सीट बेल्ट उपलब्ध कराने की तत्काल जरूरत है, जिसे अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल दहला देने वाली यात्री बस दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उनमें से कई लोग बच गए होते, अगर उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी होती। कपिला ने बताया कि 2021 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में बस हादसों में केवल 14 व्यक्तियों की जान गई। 2022 में चीन में 215 मौतें हुईं। उन्होंने बताया कि विकासशील और विकसित दोनों देशों ने बसों जैसे सार्वजनिक परिवहन के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अपनाकर उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं।

### उप्र पुलिस में 60,244 पदों के लिए 17-18 फरवरी को हुई परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी हुए थे शामिल

## सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त, छह माह बाद फिर से होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पेपर लीक होने के प्रकरण की एसटीएफ करेगी जांच
- अभ्यर्थियों को मिलेगी रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा सुविधा

**अमृत विचार :** पेपर लीक होने की खबरों के बीच शासन ने उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए हुई परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया है। 17 व 18 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने अगले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

शासन ने पुलिस भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराए जाने का फैसला किया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह में पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

## आरओ/एआरओ परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने 27 फरवरी तक मांगे साक्ष्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक व नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. secyappoint@nic.in पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

# कासगंज में अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलटी, 23 की जान गई

### मृतकों में 13 महिलाएं और 9 बच्चे, ट्राली के पहिए की बैरिंग टूटने से हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



तालाब में डूबे लोगों को जेसीबी से बाहर निकालती पुलिस और ग्रामीण।

- एटा के गांव नगला कसा से स्नान मुंडन के लिए जा रहे थे गंगा घाट

> घटना दुखद है। शाम तक 23 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। एटा और कासगंज जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली है। घायलों के इलाज के लिए हर पल नजर रखी जा रही है।
> –**रविंद्र कुमार**, मंडलायुक्त अलीगढ़।

**अमृत विचार :** कासगंज में गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बैरिंग टूटने से अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक घायल हैं। कमिश्नर, आईजी, डीएम, एसपी, राजस्व मंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी गौरव के छह माह के बेटे का मुंडन होना था। शनिवार को माघ पूर्णिमा पर बच्चे के मुंडन संस्कार को लेकर गौरव के परिवार में भारी उत्साह था। परिजनों, रिश्तेदारों के अलावा गांव के लोगों के साथ आसपास के गांव खिड़िया, रोरी, बरार के भी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा घाट कादरगंज जा रहे थे। ट्रैक्टर गौरव ही चला रहे थे। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराला के समीप पहुंचे कि अचानक ट्रॉली के पहिए का बैरिंग टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई और श्रद्धालु पानी में डूब गए। आसपास के ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले ही ग्रामीण ट्रॉली को सीधा करने का प्रयास करने लगे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने ट्रॉली को हटाया फिर डूबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। पुलिस भी मदद में जुट गई। लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया जहां एक-एक कर कई लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दोपहर बाद तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच गई। मृतकों में 13 महिलाएं, 9 बच्चे हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान को एटा के गांव कसा एवं कासगंज के गांव ककराला पहुंचने के निर्देश दिए। कमिश्नर रविंद्र कुमार, आईजी शलभ माथुर, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक भी मौके पर पहुंचे। सांसद राजवीर सिंह के अलावा विधायकों ने भी मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घटना में 20 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

## जेल वार्डर के भाई की सऊदी अरब में हत्या

**फतेहपुर।** चांदपुर थाने के बबई निवासी युवक की सऊदी अरब में हत्या कर दी गई। खबर आने के बाद परिजन बेहाल हैं। करीब एक माह में शव के आने की उम्मीद है। चांदपुर थाने के बबई निवासी श्याम बिहारी विश्वकर्मा का पुत्र विजय शंकर डेढ़ साल पहले सऊदी अरब की राजधानी रियाद कमाने गया था। सऊदी में वह ड्राइवर था। बहराइच जेल में वार्डर के पद पर तैनात भाई प्रेम शंकर ने बताया कि करीब 15 दिन पहले भाई की हत्या की खबर उसके मालिक ने दी। भाई की किसी वजह से तीन लोगों ने हत्या कर दी।

## बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची पुलिस, बेटा और पत्नी अभी भी फरार



**अमृत विचार :** पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची, देर रात मेडिकल कराने के बाद रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मलिक की पत्नी सोफिया और बेटे अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने शनिवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8 आजाद नगर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगी हुई थीं। टीमें दिल्ली, हरियाणा, उप्र, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र में तलाश कर रही थीं।

## आतंकवाद मामले में एनआईए ने चार के घर कुर्क किए

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मादक पदार्थों की बिक्री से अर्जित आय से आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को चार आरोपियों के आवास कुर्क किए। एनआईए ने एक बयान में कहा कि यह मामला मादक पदार्थों से अर्जित धन का इस्तेमाल जम्मू कश्मीर के हंदवारा-कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन द्वारा आतंकी गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए किए जाने से संबद्ध है।




## दिल्ली में आप चार सीटों पर तीन पर कांग्रेस लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों दलों में दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा में बनी सीटों के बंटवारे पर सहमति
- पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अलग अलग चुनाव लड़ने का फैसला

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है, हालांकि चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी।

विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' घटक दलों के बीच पिछले कुछ दिनों के भीतर सीट बंटवारे से जुड़ी यह दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा है। गत 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का ऐलान किया गया था। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस और आपका गठबंधन एक अवसरवादी गठबंधन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और आतिशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी



**फतेहपुर।** श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे की पैरवी से लौट रहे पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी व्हाट्सएप कॉल के जरिये दी गई। फोन करने वाले ने खुद को पाकिस्तान के आतंकी संगठन का बताया है। वृंदावन श्रीमठ माहेश्वरी धाम मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर निवासी भृगुवंशी आशुतोष पांडेय ने बताया कि वह मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह वाद के मुख्यवादी और पक्षकार हैं। वे शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई में हाईकोर्ट गए थे। वहां से शाम को मथुरा जा रहे थे। शाम आठ बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने मुकदमा वापस न लेने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। एसएसआई संतोष कुमार ने बताया तहरीर की जांच की जा रही है। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस के माध्यम से जांच कराई जा रही है।

# जुलाई से प्रभावी होंगे नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

**अधिसूचना जारी**

- आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम की लेंगे जगह
- हिट एंड रन मामलों के प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे



देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किए गए तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिंट एंड रन' से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। वहीं, सरकार ने वाहन चालक द्वारा हिट एंड रन के मामलों से संबंधित प्रावधान को लागू नहीं करने का निर्णय लिया है, जैसा कि ट्रक चालकों से वादा किया गया था। ट्रक चालकों ने इन प्रावधानों का विरोध किया था। एक अधिसूचना में कहा गया कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार एक जुलाई, 2024 को उस तारीख के रूप में निर्दिष्ट करती है, जिस दिन धारा 106 की उपधारा (2) के प्रावधान को छोड़कर उपरोक्त संहिता के प्रावधान लागू होंगे। कानून के प्रावधान सामने आने के बाद ट्रक चालकों ने धारा 106 (2) के प्रावधान का विरोध किया था। इसमें उन लोगों को 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, जो तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाकर किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनते हैं और घटना के बारे में पुलिस को सूचना दिए बिना भाग जाते हैं।

## खेल डायरी

### सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे। नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन पिछले हफ्ते एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गये थे। दुबई चैम्पियनशिप में रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष वरीय हैं।

### कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को हराया। सेमी फाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया। इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को हराया। सेमीफाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन बेज़ होंगे, जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को पराजित किया।

### कलिंस्काया दुबई ओपन के फाइनल में

**दुबई, एजेंसी।** क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया ने स्वियातेक को सीधे सेटों में पराजित किया। यह एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने येलेना ओस्टापेंको और कोको गाफ को हराया था। कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी। पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को हराया।

### जेडन शॉ के दो गोल, अमेरिका ने गोल्ड कप में अर्जेंटीना को 4-0 से रौंदा



**कार्सन (अमेरिका), एजेंसी।** जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने शुक्रवार रात कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी। अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी। उसके लिए 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिए तीसरा गोल किया। टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा। अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा, जिसने डोमिनिक गणराज्य को 8-0 से मात दी।

# स्पिन में फंसा भारत, बढ़त के करीब इंग्लैंड

## चौथे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी लड़खड़ाई, 219 रन पर गवांए 7 विकेट

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**रांची, एजेंसी**





शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर 2 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 219 रन बनाए।

भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का है। वह 55 रन पर पहुंचते ही 1 टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने दो मैच में दोहरे शतक जमाए थे। भारत का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए। इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। भारत के जडेजा ने 67 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया। जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई। जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की लेकिन 44 रन के अंदर 3 विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया। पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे। जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया।

बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज को भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हार्टली की गेंद पर रूट ने स्लिप में उनका शानदार कैच लिया। हार्टली ने अश्विन को भी ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई।

जडेजा ने पहले सत्र में बाकी बचे तीन विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। रूट के शतक और रॉबिंसन के अपने करियर के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड पहले दिन लंच तक 112 रन पर 5 विकेट गंवाने के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। इंग्लैंड ने इसके बाद 241 रन जोड़े।

## यशस्वी एक टेस्ट शृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले 5वें भारतीय



**रांची, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट शृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा 5 मैच की टेस्ट शृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। जायसवाल ने मौजूदा शृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट शृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट शृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई शृंखला में हासिल की थी। गावस्कर ने 1970-71 की इस शृंखला में ही 4 शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट शृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट शृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं। 'लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे। एक टेस्ट शृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 353/10 (104.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 122 | 274 | 10/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन का जुरेल बो जडेजा | 58 | 96 | 9/1 |
| शोएब बशीर का पाटीदार बो जडेजा | 00 | 02 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बो जडेजा | 00 | 04 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 19, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, 8-347, 9-349, 10-353, **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 18-3 -78-2, आकाश दीप 19-0-83-3, रवीन्द्र जड़ेजा 32 .5-7-67-4, रविचंद्रन अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 12-4 -22-0, यशस्वी जायसवाल 1-0 -6-0

| भारत (पहली पारी) | 219/7 (73 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं | 30 | 58 | 2/1 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 17 | 72 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 15, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, **गेंदबाजी:** एंडरसन 12-4-36-1, रोबिन्सन 9-0-39-0, बशीर 32-4-84-4, हार्टले 19-5-47-2, रूट 1-0-1-0

### कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए रूट की प्रशंसा की

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में चल रहे चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा कि जो रूट ने अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं। उनके रिवर्स स्कूप को लेकर काफी चर्चा हुई, लेकिन रूट ने यह पारी अपने विशिष्ट अंदाज में खेली। उन्होंने कहा कि यह सामान्य से थोड़ा धीमी पारी थी लेकिन वह अपनी पूरी लय में थे। जब वह लय में होते हैं तो फिर रोहित की तरह उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है।

# डब्ल्यूपीएल अलग शहरों में कराने से टीमों को नए दर्शक बनाने में मिलेगी मदद : मिताली

**बेंगलुरु, एजेंसी**



पूर्व भारतीय कप्तान और गुजरात जायंट्स की 'मेंटोर' मिताली राज ने कहा कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को एक से ज्यादा शहर में आयोजित करने से टीमों को नए दर्शक बनाने में मदद मिलेगी और इससे टूर्नामेंट के 'प्रोफाइल' में भी इजाफा होगा।

डब्ल्यूपीएल का पहला चरण केवल मुंबई में कराया गया था लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली और बेंगलुरु में कर रहा है। मिताली ने कहा कि अगर डब्ल्यूपीएल प्रत्येक शहर में आयोजित होगा तो इससे फ्रेंचाइजी को नए दर्शक बनाने का मौका मिलेगा जो स्टेडियम में आकर उन्हें खेलते हुए देखेंगे। इससे सिर्फ टूर्नामेंट और फ्रेंचाइजी का 'प्रोफाइल' ही सुधरेगा। अपनी मार्गदर्शक की भूमिका पर उन्होंने कहा कि मैं मेंटोर की भूमिका का लुत्फ उठा रही हूं, युवा खिलाड़ियों के साथ काम कर रही हूं और अपना ज्ञान साझा कर रही हूं तथा उन्हें अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ तरीके से निभाने में मदद कर रही हूं। आस्ट्रेलिया की 'रन मशीन' बेथ मूनी की कप्तानी में गुजरात जायंट्स रविवार को गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार है।

## कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर से मिले सचिन

**श्रीनगर, एजेंसी।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन से मुलाकात की और उन्हें हस्ताक्षर किया हुआ बल्ला भेंट दिया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आमिर (33) के साथ अपनी बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन दिया, "आमिर असली हीरो हैं, प्रेरणा देते रहो! आपसे मिल कर अच्छा लगा।" क्रिकेट के दिग्गज ने आमिर को एक हस्ताक्षरित बल्ला उपहार में दिया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के निवासी आमिर के दोनों हाथ न होने के बावजूद बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग अन्य क्रिकेटरों की तरह ही करते हैं। दरअसल, आमिर ने आठ साल की उम्र में एक दुर्घटना में उन्होंने अपने दोनों हाथ खो दिए। आमिर ने पूर्व क्रिकेटर से कहा कि आज, मैं इतना खुश हूं। मैंने अपने जीवन में कभी आशा नहीं खोई है। सर, इसी सोच के साथ आगे बढ़ाता रहा हूं।


## जीत के लिए संघर्ष



फ्रांस के ल्योन में फ्रांस और जर्मनी के बीच शनिवार को खेले जा रहे नेशंस लीग महिला सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान जर्मनी की मरीना हेगरिंग के साथ गेंद के लिए चुनौती पेश करती फ्रांसे की कादि दियातोउ डायनी।


# बॉलीवुड हलचल

## हर्ष और प्रणव का जय जय राम रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** भगवान श्रीराम चन्द्र की जय जयकार करता हुआ भजन जय जय राम रिलीज़ हो गया है। भजन जय जय राम प्रणव वत्स ने लिखा है और संगीत कम्पोजिशन हर्ष उपाध्याय ने दिया है। इस भजन का कोरस राहुल चिटनीस, विवेक नाइक, सन्तोष बोटे, और सागर लेले ने गाया है। इस भजन में प्रयुक्त अतिरिक्त पंक्तियों को श्रुति शुक्ला ने कलमबद्ध किया है। वाइब म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हर्ष उपाध्याय और जय मवानी द्वारा निर्मित इस भजन का वोकल सुकृति भारद्वाज और जय मवानी ने डिजाइन किया है। भजन जय जय राम के यूट्यूब के रिलीज टॉपिक चैनल पर सुना जा सकता है।

## संजय लीला भंसाली ने मनाया 61वां जन्मदिन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली आज 61 वर्ष के हो गए। 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्में संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत विदु विनोद चोपड़ा के सहायक के तौर पर की। भंसाली ने विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिन्दा, 1942 अ लव स्टोरी और करीब में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। बतौर स्वतंत्र निर्देशक संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी से की। इस फिल्म में नाना पाटेकर, सलमान खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिकायें निभायी थी। यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन संजय लीला भंसाली ने अपने बेहतरीन निर्देशन के जरिये दर्शकों के साथ हीं समीक्षकों का भी दिल जीत लिया। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम संजय लीला भंसाली के करियर की पहली सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म में भी संजय लीला भंसाली ने सलमान खान का चुनाव किया। फिल्म में सलमान खान के अलावा ऐश्वर्या राय और अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

## दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी वरुण धवन-जाह्नवी कपूर की जोड़ी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका होगी।इस फिल्म में वरुण धवन 'सनी संस्कारी' के किरदार में नजर आएंगे। जाह्नवी कपूर फिल्म में 'तुलसी कुमारी' का किरदार अदा करेंगी। फिल्म का टाइटल शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, अपनी कुमारी को लेने के लिए संस्कारी आ रहा है। ये लव स्टोरी आपका मनोरंजन करने के लिए जल्द ही स्क्रीन पर आ रही है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

## समीर ने दिए कई सुपरहिट फिल्मों में गीत



**मुंबई।** बॉलीवुड के गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गये। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी। अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिये समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिये संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर ..बेखबर .. फिल्म के लिये गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता से वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

### पूजा भट्ट ने मनवाया था कभी अपने अभिनय का लोहा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री -फिल्मकार पूजा भट्ट 42 वर्ष की हो गई। 24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने कॅरियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस पिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई थी। अपनी पहली ही फिल्म के जरिए पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नहीं पूजा भट्ट के कॅरियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी। फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# राजापुर में खुला चकबंदी कार्यालय अर्जुनपुर

सुविधा

▸▸ अब पहाड़ी की नहीं लगानी होगी दौड़, 3-4 किमी होगा जाना, 9 गांवों-मजरों को होगी सहूलियत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



तहसील परिसर में खुले कार्यालय में बैठे एसडीएम, सहायक चकबंदी अधिकारी।

**अमृत विचार :** दूर-दराज के गांवों के बाशिंदों को अब चकबंदी कामों के लिए पहाड़ी की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। तहसील परिसर में सहायक चकबंदी अधिकारी अर्जुनपुर के कार्यालय खोला गया है। एसडीएम प्रमोद झा ने शनिवार को इसका उद्घाटन किया। इस कार्यालय के खुल जाने से अब नौ ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को सुविधा होगी।

उप जिलाधिकारी ने शनिवार को फीता काटकर सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय का उद्घाटन किया। प्रमोद झा ने आशा जताई कि इस कार्यालय के खुलने से कई गांवों के बाशिंदों को सुविधा और सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सहायक चकबंदी अधिकारी अर्जुनपुर का कार्यालय पहाड़ी में होने से नौ ग्राम पंचायत के बाशिंदों को चकबंदी संबंधी कामों के लिए वहां आनाजाना पड़ता था। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। ग्रामीणों को लगभग बीस किमी की दूरी तय करनी पड़ती थी। पर अब ऐसा नहीं होगा। सहायक चकबंदी अधिकारी महेंद्र सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए इस संबंध में एसडीएम प्रमोद झा से बात की थी और अनुरोध किया था कि राजापुर तहसील में ही इसकी व्यवस्था कर दी जाए। एसडीएम ने तहसील कार्यालय के खाली कक्ष से इसके संचालन की व्यवस्था कर दी। शनिवार को इसकी शुरुआत भी हो गई। सहायक चकबंदी अधिकारी ने कहा कि अर्जुनपुर क्षेत्र के नौ गांव के हजारों किसानों के खेतों की पैमाइश व चक बनाने में लेखपालों को अब कोई दिक्कत नहीं होगी। बताया कि लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि किसानों के चकों का आवंटन पारदर्शिता के साथ किया जाए। बचत की जमीन तथा चक रोड का सर्वे बिना किसी भेदभाव के किया जाए। अब खसरा खतौनी की नकल भी किसानों को तुरंत उपलब्ध होगी। इस मौके पर तहसीलदार फूलचंद्र यादव, नायब तहसीलदार राजीव दुबे, चकबंदी लेखपाल रविंद्र कुमार, नीरज सिंह, शशिकांत, रामराज, पुष्पेंद्र सिंह, मनीष सिंह, छेदीलाल, मान सिंह आदि मौजूद रहे।

### किसान बोले- बहुत अच्छी व्यवस्था



नन्नहू राम



इंद्रसेन।

इस व्यवस्था से किसान खुश हैं। उन्होंने इसे बहुत अच्छी व्यवस्था बताया और प्रशासन का आभार जताया। किसान नन्नहू राम ने कहा कि सहायक चकबंदी कार्यालय राजापुर में खुल जाने से अब 18 किलोमीटर न जाना पड़ेगा। अब तो वह साइकिल से भी कार्यालय जा सकते हैं। इंद्रसेन का कहना है कि गरीब व्यक्ति पहाड़ी कार्यालय में जाने के लिए धन खर्च करता था। राजापुर में कार्यालय खुल जाने के कारण गरीब व्यक्ति पैदल भी आकर आसानी से मुकदमा संबंधी या अन्य जानकारी ले सकता है और यह कार्य जनहित में है।

### गांववालों को होगा फायदा

सहायक चकबंदी अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जनहित को ध्यान में रखते हुए राजापुर तहसील परिसर में सहायक चकबंदी अधिकारी अर्जुनपुर का न्यायालय स्थापित किया गया है। उन्होंने एसडीएम का इस व्यवस्था को करने पर आभार जताया।

### तय करनी होगी मामूली दूरी

अब नया कार्यालय आने में लगभग 9 ग्राम पंचायत के बाशिंदों को मामूली दूरी तय करनी होगी। ये गांव कार्यालय से बमुश्किल तीन किमी में आएंगे। जिन गांवों के लोगों को फायदा होगा, उनमें बछरन सुर्किहा, अर्जुनपुर, नोनार, तेरा बुजुर्ग, लठागुठाऊपुर, खरूही, लमेहटा, शालिकपुर आदि गांव-मजरे हैं।

# कर्मचारी से मारपीट में 5 पर एफआईआर

फॉलोअप

चांदी घाट मामला

▸▸ एसओ बोले- नाम न पूछिए, नहीं तो आरोपी भाग जाएंगे

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** चांदी घाट संचालक के कर्मचारी के साथ मारपीट के मामले में उसके भाई ने सरधुआ थाने में पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ ने इनके नाम बताने से यह कहकर इनकार कर दिया कि इससे आरोपी भाग जाएंगे।

बता दें कि शुक्रवार को चांदी घाट में दो कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि कंप्यूटर ऑपरेटर दिवाकर मिश्रा निवासी बसुहार (सराय अकिल) से घाट के सुरक्षाकर्मी, जो बरगढ़ निवासी बताया जाता है, ने जमकर मारपीट की थी। यह भी जानकारी मिली थी कि दोनों के बीच विवाद ओवरलोड वाहन पास कराने के मामले को लेकर हुआ था। दिवाकर को घाट के ही अन्य कर्मचारियों ने जिला चिकित्सालय मंझनपुर में भर्ती कराया था। शनिवार को घायल युवक के भाई ने सरधुआ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सरधुआ थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि घायल के भाई प्रभाकर मिश्र ने पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जब उनसे आरोपियों के नाम पूछे गए तो उनका जवाब आश्चर्यजनक था। उनका कहना था कि अगर नाम बता दूंगा तो ये भाग नहीं जाएंगे। इस मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल के सहकर्मियों पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। संबंधित अधिकारी को मामले की जल्द विवेचना करने के निर्देश दिए गए हैं।

### योजनाओं की जानकारी देगा कल्याण साथी

**चित्रकूट, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए शासन ने पहल की है। इसके लिए कल्याण साथी नामसे एक हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। लोग इसके नंबर पर फोन कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शासन की मंशा है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिले। इनके क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विभाग में कमांड सेंटर/ हेल्पलाइन कल्याण साथी 14568 शुरू किया गया है। इसका नंबर 0522-3538700, 14568 है। कल्याण साथी 14568 हेल्पलाइन से लोग समाज कल्याण विभाग की योजनाओं से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं।

## एक नजर

### शराब के साथ तीन आरोपी किए गए गिरफ्तार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे अवैध शराब बरामद की गई है। चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने शिवम गुप्ता पुत्र शंकर दयाल निवासी इटवा को, चौकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने नेते पुत्र जगदेव निवासी बहादुरपुर को, चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने अजय सिंह पुत्र सूबेदार सिंह निवासी खुटहा को गिरफ्तार किया। तीनों पर संबंधित थानों में कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### युवती ने दी जान

**बरगढ़ (चित्रकूट), अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श कॉलोनी में एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका के भाई सचिन कुमार ने बताया कि बहन पिंकी (20) ने बीते दिन घर में लगी बल्ली में दुपट्टे से फांसी लगा ली। वारदात के समय घर में कोई नहीं था। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे प्रभारी राकेश कुमार मौर्या ने मौके पर पहुंचकर युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। खुदकुशी की वजह सामने नहीं आ सकी है।

### पुलिस ने वारंटी दबोचा

**पहाड़ी (चित्रकूट), अमृत विचार :** एसआई मातादीन ने आबकारी अधिनियम के वारंटी आरोपी होरीलाल पुत्र बहोरी निवासी रईयापुरवा को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी कमलेश कुमार शामिल रहे।

# शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

## 2 मार्च को है बहन की शादी, दुर्घटना में दो रिश्तेदार घायल

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)







अस्पताल में मौजूद युवक के परिजन व अन्य ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बहन की शादी के कार्ड बांटकर घर जा रहे युवक की बाइक को डग्गामार वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दो अन्य रिश्तेदार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सीएचसी में इलाज करा रहे घायल रज्जन (26) पुत्र श्यामलाल निवासी उमराव शाहपुर थाना महेवाघाट (कौशांबी) ने बताया कि वह अपने दादा के लड़के सागर (26) पुत्र कामता प्रजापति निवासी असोह के साथ बाइक से ससुराल मुहरवा गया था। शनिवार को लौटते समय रिश्तेदार महेंद्र (20) पुत्र चुन्ना प्रजापति निवासी गोसाईंपुर भी साथ में हो लिया। बताया कि सागर की बहन सोनिया की दो मार्च को शादी है। तीनों लोग इसके कार्ड बांट रहे थे। लोहदा गांव में प्रभुदयाल प्रजापति के यहां निमंत्रण देकर सभी असोह लौट रहे थे। अपराह्न लगभग ढाई बजे पथरामानी व लोहदा के बीच बल्ला बाबा के पास पहाड़ी की ओर से आ रहे डग्गामार वाहन ने टक्कर मार दी। सागर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में रज्जन व महेंद्र भी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप सिंह पटेल, सब इंस्पेक्टर परशुराम यादव ने एंबुलेंस से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से रज्जन को जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। सागर चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से शादी वाले घर में मातम छा गया। बहन सोनिया और मां हीरामनी का रोरोकर बुरा हाल हो गया।

### वाहनों की भिड़त में गई युवक की जान

एक अन्य घटना में बाइक और बोलेरो की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रामकल्याण (25) पुत्र स्व. बलवीर निवासी चकजाफर अपने मौसेरे भाई विकास (15) पुत्र मुन्ना वर्मा निवासी संग्रामपुर और चचेरे भाई रामबालक (17) पुत्र रामकिशोर निवासी चकजाफर के साथ शनिवार को गांव जा रहे थे। अपराह्न तीन बजे के लगभग राजापुर-कर्वी मार्ग से गांव जाने वाले मोड़ पर गांव से निकल रही बोलेरो से इनकी बाइक भिड़ गई। रामकल्याण की मौके पर मौत हो गई। रामबालक को प्रयागराज रेफर कर दिया गया। रामकल्याण की मौत से मां भोंडी बेसुध हो गई।

# कुश्ती में पहलवानों के दांव पेच देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)



पहलवानों से हाथ मिलाकर दंगल की शुरुआत करते जगदीश गौतम।

**अमृत विचार :** पालेश्वर नाथ धाम में शनिवार से दो दिवसीय दंगल शुरू हो गया। पहले दिन पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंद्वी को चित करने में जोर लगाया। कुश्ती में दांव-पेंच देखकर लोगों ने इनका जमकर हौसला बढ़ाया।

भाजपा नेता व क्षेत्रीय संयोजक आपदा राहत व सहयोग विभाग कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र जगदीश गौतम ने दंगल की शुरुआत पहलवानों का हाथ मिलाकर कराई। हर साल की तरह इस साल भी पहाड़ी के मध्य स्थित भगवान पालेश्ववर नाथ धाम में माघ माह की पूर्णिमा से दो दिवसीय दंगल व पंद्रह दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। दंगल के पूर्व कुश्ती स्थल की पूजा की गई। पहली कुश्ती राजेश पहलवान दरसेड़ा और प्रकाश फतेहगढ़ के बीच हुई, जिसमें राजेश विजयी रहे। पहले दिन करीब एक दर्जन कुश्तियां हुईं। इनमें प्रमुख कुश्तियों में मुकेश हमीरपुर ने कल्लू कौशांबी को, नारायण अंबेडकरनगर को मुस्लिम लखनऊ ने, घनश्याम जालौन ने मुन्ना फतेहपुर को, अनिल बांदा ने सत्यप्रकाश बडी मऊ को और देवराज बांदा को मलखान हमीरपुर ने, शिवराज कन्नौज ने लल्लू फतेहपुर को रामबाबू हमीरपुर ने राजू छतरपुर को पराजित किया। गौतम ने कहा कि कुश्ती से जहां शारीरिक व्यायाम होता है वहीं शरीर भी हृष्ट-पुष्ट बना रहता है। गांवों में होने वाले ऐसे आयोजनों से क्षेत्र की प्रतिभाएं सामने आती हैं। इस मौके पर सुशील सिंह रघुवंशी, रमाकांत पांडेय, रमाकांत त्रिपाठी, राजेश सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह, मेला समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष विशाल सिंह उर्फ बासू सिंह, उदयवीर सिंह, शैलेंद्र सिंह, रामप्रकाश उपाध्याय, उद्घोषक की भूमिका में पालेश्वर नाथ इंटर कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता चंद्रदत्त त्रिपाठी तथा निर्णायक की भूमिका में रमाकांत त्रिपाठी, राजेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल और सब इंस्पेक्टर शिवशरन तिवारी के साथ पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

## सार-संक्षेप

### हर बूथ से कम से कम 370 मत का बनाएं लक्ष्यः आशुतोष



माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत करते भाजपा पदाधिकारी।

**चित्रकूट, अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति बैठक में विधानसभा क्षेत्र प्रभारी आशुतोष तिवारी ने कहा कि भाजपा ने अनुच्छेद 370 खत्म किया है। हर बूथ से कम से कम 370 मत प्राप्त करने का लक्ष्य बनाएं। बैठक में विधानसभा क्षेत्र प्रभारी आशुतोष तिवारी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं को भाजपा के लिए मतदान करने को प्रेरित करें। उन्होंने इस मौके पर नारा दिया, दो बातें मत जाना भूल, राम मंदिर कमल का फूल। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने भी भाजपाइयों से तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनवाने के लिए जुट जाने की अपील की। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र संयोजक शक्ति प्रताप सिंह तोमर, ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, गुलाब सिंह, अश्वनी अवस्थी, आलोक पांडेय, राजेश जायसवाल, हरिओम करवरिया, रवि गुप्ता, आदित्य रघुवंशी, ममता सिंह गौर, विनीता द्विवेदी, अर्चना सिंह आदि मौजूद रहीं।

### बर्थडे पर लिया नगर के विकास का संकल्प



नगर पंचायत अध्यक्ष को बधाई देते लोग। अमृत विचार

**राजापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय की अगुवाई में बीते दिन नगर पंचायत में अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर संजीव ने नगर के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया। बताया कि नगर में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए दो नलकूप तथा छह वार्डों में छह नलकूप प्रस्तावित हैं। 1000 मीटर पाइप लाइन भी बिछाने की योजना है। बताया कि नगर में प्रकाश व्यवस्था, प्रधानमंत्री स्वच्छ मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान 12 घंटों के अंतराल में दो बार चलाया जाएगा। विकास के लिए धन का सदुपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी बीएन कुशवाहा, पत्रकार बालकृष्ण शर्मा, राजकुमार उपाध्याय, सुशील द्विवेदी, अमित गुप्ता, अमित मिश्रा (दीपू), संतोष मिश्रा, गोरेलाल, अन्नू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में इंस्पेक्टर घायल



**चित्रकूट, अमृत विचार :** बहिलपुरवा थाने में तैनात दरोगा विजय बहादुर यादव शनिवार शाम एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। एसआई विजय बहादुर की बाइक शनिवार को कर्का पड़रिया के झिनहापुरवा के पास राजू यादव पुत्र शिवकुमार यादव हल्दी डांडी थाना मानिकपुर की बाइक से जा भिड़ी। इससे विजय बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में दो जगह फ्रैक्चर और शरीर में कई जगह चोटें आईं। जिला अस्पताल से उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया। राजू को भी चोटें आईं।

### सीसीसी की परीक्षा संपन्न

**चित्रकूट, अमृत विचार :** सभी सरकारी नौकरियों में अनिवार्य कंप्यूटर कोर्स सीसीसी की परीक्षा शनिवार को राष्ट्रीय कंप्यूटर शिक्षा मिशन शंकर बाजार में हुई। इसके लिए 100 कंप्यूटरों की ऑनलाइन हाइटेक लैब तैयार की गई थी। परीक्षा प्रभारी नरेंद्र कुमार लीलिट एवं केंद्र व्यवस्थापक सुभाष चंद्र साहू की देखरेख में संपन्न हुई। ज्योति साहू, विनीता सिंह, रिजवाना, अमीर हसन, राजीव सिंह एवं लैब टेक्नीशियन विनोद कुमार ने इसमें सहयोग किया। इस दौरान कुल 283 परीक्षार्थियों में 49 अनुपस्थित रहे।

# लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी जरूरी

संवाददाता, चित्रकूट



रैली में शामिल पालिकाकर्मी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वीप के अंतर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी की ओर से शनिवार को नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की शुरुअता अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने की। जागरूकता रैली ट्रैफिक चौराहा से होते हुए एलआईसी तिराहा, पटेल तिराहा से कोठी तालाब के पीछे बस स्टैंड अटल पार्क से पुनः ट्रैफिक चौराहा आकर समाप्त हुई। इस दौरान जनता को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

ईओ लाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी होगी जब हर मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेगा। मतदान जितना अधिक होता है, उतनी सशक्त और मजबूत सरकार बनती है। देश हित में मतदान में हिस्सा लेना हर नागरिक का परम कर्तव्य है। सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हर भारतवासी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान कर निरीक्षक प्रवीण श्रीवास्तव, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, सुभाष गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता, सुरेश राम, अशरफ खान, सदर लेखपाल महेंद्र सिंह, सभासद शंकर यादव, शैलेंद्र सोनी, सफाई नायक अमित कुमार, महफूज खान, शारदा प्रसाद तिवारी, इदरीश खान, अंकित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# राजकीय पॉलीटेक्निक के 148 छात्रों का चयन

बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचारः** राजकीय पॉलीटेक्निक में वर्तमान में 148 छात्रों का विभिन्न कंपनियों ने चयन किया। 21 से लेकर 24 फरवरी तक चली चयन प्रक्रिया में बरगढ़ के अलावा मानिकपुर, कन्नौज, कौशांबी, घाटमपुर, प्रयागराज और प्रतापगढ़ से कुल 320 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में जेवीएम ग्रुप ऑफ कंपनीज गुड़गांव के मैनेजर ज्ञानेंद्र सिंह और सूरज कुमार गोंड ने साक्षात्कार लिया। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद कुल 103 छात्रों का चयन कर छात्रों को ऑफर लेटर दिया गया। बताया कि इनकी ज्वाइनिंग सेमेस्टर की परीक्षा के पश्चात एक अगस्त से होगी। सभी छात्रों का प्लेसमेंट लगभग दो लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। सभी को कार्यक्षेत्र गुड़गांव और मानेसर दिया गया है। कैंपस इंटरव्यू में संजीव कुमार सिंह, दीपेंद्र मिश्रा, शाजिया तबस्सुम, चंद्रभान प्रजापति, प्रियंका भारद्वाज, सचिन गुप्ता, उर्वशी कश्यप, आदित्य सिंह, पवन कुमार, सचिन मौर्या, आकांक्षा श्रीवास्तव, उमा शुक्ला आदि ने सहयोग किया।

## पुलिस ने सुलह करा परिवार टूटने से बचाया

**चित्रकूट, अमृत विचार :** महिला थाना की पुलिस टीम ने मां-बेटे के बीच विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। पुलिस के अनुसार, राधा देवी पत्नी किशन निवासी कालूपुर पाही ने महिला थाना में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि उनका छोटा पुत्र सत्यप्रकाश गालीगलौज करता है तथा खाना खर्चा नहीं देता है। एसआई संतोष कुमार त्रिपाठी व उनकी टीम द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया। सत्यप्रकाश ने भविष्य में गाली-गलौज न करने तथा समय-समय पर खाना देने की बात कही। इसके बाद दोनों राजी-खुशी अपने घर चले गए। सुलह- समझौता कराने वाली टीम में आरक्षी स्नेहा राजपूत और सोनम यादव शामिल रहीं।

तैयारी

राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 14वीं पुण्यतिथि 27 को, दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं घर-घर

# एक मुट्ठी अनाज और एक रुपये दान से होगा विशाल भंडारा

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)



महिला से अंशदान लेती कार्यकर्ता। अमृत विचार



भंडारे के लिए सहयोग देते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि 27 फरवरी को है। 14वीं पुण्यतिथि पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां जारी हैं। इस मौके पर घर-घर जाकर दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ता लोगों से कम से कम एक मुट्ठी चावल और एक रुपये दान लेंगे और इससे भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि नानाजी ने ग्राम्य विकास में जनता की पहल और सहभागिता को ही प्रमुखता दी थी। इसी वजह से उनकी पुण्यतिथि भी जन सहभागिता से मनाई जाती रही है। बताया कि टोली के रूप में लोग मझगवां एवं चित्रकूट जिले के गांव पहुंच रहे हैं। लोगों को पुण्यतिथि कार्यक्रम का आमंत्रण दिया जा रहा है और सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। बताया कि कार्यक्रम 26 फरवरी को प्रातः सात बजे से अखंड मानस पाठ के साथ प्रारंभ होकर 27 फरवरी को हवन के पश्चात भंडारा प्रसाद के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम दीनदयाल परिसर उद्यमिता विद्यापीठ में होगा। महाजन ने कहा कि नानाजी के जाने बाद भी उनके प्रति ग्रामीणों में प्रबल आस्था है। मझगवां विकासखंड और चित्रकूट जिले के लोग पुण्यतिथि के कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी में लगे हैं। ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

### जागरूकता कार्यक्रम भी होंगे

अभय महाजन ने बताया कि नानाजी की पुण्यतिथि के अवसर पर ग्रामीणों को सरकारी योजनाएं भी बताई जाएंगी। कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, विवाद मुक्त ग्राम और अन्य क्षेत्रों की विभिन्न योजनाओं एवं प्रगति की जानकारी दी जाएगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत करारी, विकास खण्ड- चित्रकूटधाम कर्वी चित्रकूट

पत्रांकः मेमो/ प0 वि. / पंद्र0 वित्त / मनरेगा / टेडर नोटिस / 2023–24 दिनाकः 24.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा / राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत करारी द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधो हस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/ आयकर में पंजीकृत फार्मो / सप्लायरों से दिनांक 28.02.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आंमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री 25.02.2024 से 28.02.2024 को अपरान्ह 1 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0 में) | 2%धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करारी | ग्राम पंचायत करारी में छोटेलाल के घर से सामुदायिक शौचालय तक नाली निर्माण कार्य। | 347960 | 6959 | 500 |

निविदा शर्तेः-

नोट – निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत- करारी, विकास खंड- चित्रकूट धाम, कर्वी, चित्रकूट

## एक नजर

### परिवहन प्राधिकरण की बैठक 5 मार्च को

**बांदा :** संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक आगामी पांच मार्च को आयुक्त कार्यालय के मयूर भवन सभागार में आयोजित की जाएगी। जिसमें परमिट प्राप्त करने वाले इच्छुक वाहन स्वामी 28 फरवरी तक सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए आनलाइन आवेदन जमा करें। इसके उपरांत जमा किए गए आवेदन बैठक में सम्मिलित नहीं किए जाएंगे। यह जानकारी संभागीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव ने देते हुए सभी परमिट प्राप्त करने वाले इच्छुक वाहन स्वामियों से अपने आवेदन समय से जमा करने की अपील की है।

### एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन भंग

**नरैनी :** एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन नरैनी की वर्तमान कमेटी का निर्धारित कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण इल्डर कमेटी के चेयरमैन बृजगोपाल कुशवाहा की अध्यक्षता में एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वर्तमान कमेटी भंग कर दी गई। नई कमेटी के गठन के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रभावी है। बृजगोपाल कुशवाहा ने बताया कि जब तक नई कमेटी का गठन नहीं हो जाता, तब तक ऐसोसिएशन के सभी अधिकार व कर्तव्य इल्डर कमेटी के अधीन होंगे तथा संपूर्ण अग्रिम कार्यवाही चेयरमैन द्वारा संपादित की जाएगी।

# डबल इंजन की सरकार में व्यापारियों को मिला हक और बढ़ रहा सम्मान

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का मंडलीय व्यापारी सम्मेलन, व्यापारियों को साध रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मिशन 80 फतह के लिए व्यापारियों को साधने के लिए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने मोर्चा संभाल लिया है। इसी क्रम में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित मंडलीय व्यापारी सम्मेलन में केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा व्यापारियों के लिए संचालित योजनाओं का जमकर गुणगान हुआ। जलशक्ति राज्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में व्यापारियों को उनका हक और सम्मान मिला है।

डीएवी कालेज के पास स्थित मैरिज हाउस में शनिवार को भाजपा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मंडलीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित हुआ। प्रांतीय संयोजक विनीत शारदा ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों और कार्यक्रमों का परिणाम है कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गईं योजनाओं के दम पर भारत



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता। अमृत विचार

पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया है। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा भाजपा हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है। साथ ही भाजपा ने ही व्यापारियों को उनका हक व सम्मान दिलाने का काम किया है।

उन्होंने कहा देश भर के व्यापारियों के सामने जीएसटी मुख्य समस्या है, इसके लिए जीएसटी काउंसिल की बैठक में मिल रहे सुझावों के आधार पर लगातार सुधार किए जा रहे है। मोदी सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में शिक्षा स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। देश को आगे ले जाने में व्यापारियों के साथ सभी वर्गों की भूमिका अहम है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में योगी सरकार ने व्यापारियों को सुरक्षा देने का काम किया है। हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा प्रधानमंत्री का नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर देश भर में कार्यक्रम किए जा रहे हैं। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने कहा कि भाजपा को व्यापारियों की पार्टी कहा जाता है। भाजपा सरकार ने सभी योजनाएं पारदर्शिता से लागू की हैं।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेशाध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा 2024 में एक बार फिर सभी व्यापारी मिलकर केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार बनायेंगे। इस मौके पर कर्वी नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मालाती बासू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक और भाजपा जिला मंत्री डा.मनीष ने सभी का आभार जताया।

# समाज के हर तबके का सहारा बन रही भाजपा सरकार: ममता

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से पहले सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी मोदी-योगी सरकारों की योजनाओं से लाभांवित होने वाले लाभार्थियों पर सीधा फोकस कर रही है और उन्हें सरकार की उपलब्धियों से रूबरू कराते हुए उनकी समस्याओं पर भी चर्चा करने का अभियान चला रही है। इसके लिए भाजपा हाईकमान के निर्देश पर 25 फरवरी से 5 मार्च लाभार्थी संपर्क अभियान चलाकर लोगों के घर-घर जाने और उनकी समस्याएं जानने के साथ ही उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत कराने की मुहिम छेड़ी जानी है। अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है।

शनिवार को नगर उत्तरी मंडल की लाभार्थी संपर्क कार्यशाला का आयोजन भाजपा के जिला कार्यालय में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा की जिला उपाध्यक्ष और मंडल प्रवासी ममता मिश्रा ने सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि डबल इंजन की सरकार में सभी वर्गों के लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। जिससे समाज का स्तर पर ऊपर उठ रहा है और हर तबके के लोग समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करती ममता मिश्रा। अमृत विचार

- 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान, योजनाओं का होगा बखान

बताया कि भाजपा के तत्वावधान में आगामी 25 फरवरी से 5 मार्च तक घर-घर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का दायरा इतना विस्तृत है कि हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है। ऐसे में सरकारी योजनाओं को लेकर आम जनता के अनुभव जानने के बाद आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर काम किया जाएगा।

श्रीमती मिश्रा ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों को 40 लाभार्थी परिवारों से संपर्क स्थापित करना होगा। कार्यशाला में मंडल प्रभारी विष्णु प्रताप सिंह, नगर उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, ज्ञानू, अभय प्रताप, सुरेश कान्हा समेत शक्ति केंद्र संयोजक, नगर पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी व सभासदगण उपस्थित रहे।

# सही हाथों में पहुंची बहुजन समाज की कमान: कुशवाहा

**अतर्रा:** कस्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में जन अधिकार पार्टी के पूर्व जिला महासचिव रामभवन कुशवाहा ने कहा पूर्व मंत्री एवं एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्या को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 2013 में साहब सिंह धनगर द्वारा बनायी गयी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रतिनिधि सम्मेलन में 22 फ़रवरी 2024 को धनगर ने लोकसभा चुनाव के पहले स्वामी प्रसाद मौर्या को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपकर शोषित समाज के विकास के लिए संघर्ष करने की बड़ी जिम्मेदारी दी है। कुशवाहा ने कहा उन्हें राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने से पर पूरे देश के वंचित समाज के लोग उनके साथ खड़े हो गये हैं। उमा कुशवाहा ने राष्ट्रीय शोषित समाज

- शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यकों ने दी बधाई

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्या को नई राजनैतिक पारी की शुरुआत करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि वह वास्तव में बहुजन समाज का नेतृत्व करने के काबिल हैं। उन्होंने मौर्या के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने का भरोसा दिया है। इसी प्रकार देवेन्द्र सिंह कुशवाहा, अरविन्द कुशवाहा, श्यामलाल प्रजापति, राजबहादुर कुशवाहा, शरीफ खान, नवाब अली, जमील अहमद, रामनोज वर्मा, होरीलाल प्रजापति, सन्तोष कुमार कुशवाहा, फलगो प्रसाद सोनकर, गयादीन अनुरागी, ब्रजमोहन कुशवाहा, चंद्रशेखर कुशवाहा, रामसेवक, देवराज मौर्या, रामसिया कोटार्य आदि मौजूद थे।

# नियमों को ताक पर रखकर हुई आशाबहू भर्ती

**अतर्रा:** आशाबहू की भर्ती पर धांधली की आशंका को लेकर जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर मेरिट के आधार पर चयन किए जाने की मांग उठाई गई। तहसील अंतर्गत ग्राम खेरिया के खूनूपुरवा विकासखंड नरैनी निवासी केदार समेत एक दर्जन ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायत पत्र भेज कर कहा है कि आशा बहू की जगह उनके गांव की भी निकली हैं, जिसमें 11 आवेदन हुए हैं। प्राप्त आवेदनों में गायत्री देवी पत्नी रविकरण यादव की शैक्षिक योग्यता अधिक है, लेकिन गांव के कुछ लोग अनुचित लाभ के लिए मैरिट से छेड़खानी करने पर आमादा हैं। ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी व जिलाधिकारी को पत्र भेजकर इस पद पर भर्ती मेरिट के आधार पर करने की मांग उठाई है।

# संत रविदास ने भारत को अलग पहचान दिलाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कह कर समाज और देश-दुनिया को एक नया विचार देने वाले महान संत रविदास को उनकी जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय में याद किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष ने कहा कि संत रविदास हमारे देश के आस्था के प्रतीक हैं। उनकी वजह से समूची दुनिया में भारत की अपनी एक अलग पहचान है।

महान संत रविदास की जयंती पर शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में उन्हें याद किया गया। कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके मार्ग पर चलने के साथ ही उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने कांग्रेस जनों को



महान संत रविदास की जयंती मनाते कांग्रेस जन। अमृत विचार

संबोधित करते हुए कहा कि सारी दुनिया को सदाचरण, सद्भावना और ईशवरीय सत्ता का रास्ता दिखाने वाले महान संत हमारे देश के जन-जन के आस्था के प्रतीक हैं। मन चंगा तो कठौती में गंगा कह कर उन्होंने देश-दुनिया को एक नया विचार दिया था। कार्यक्रम में बी.लाल, केशव पाल, सीमा खान, अफसाना, राजबहादुर गुप्ता, अशोक वर्धन, केपी सेन, असरफ उल्ला रम्पा, रफत खान गोगा, जितेंद गौरव, सोनू मिश्रा, रेखा वर्मा, पवन देवी कोरी, नत्थू सेन आदि उपस्थित रहे। संत रविदास जयंती के अवसर पर एडवोकेट हरी शंकर कबीर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।

### आडंबर से कुछ नहीं होगा, मन का मैल धोना जरूरी

राष्ट्रीय स्वराज पैंथर ने भी ज्योति नगर स्थित कैंप कार्यालय में संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर पैंथर के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्नालाल दिनकर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास संतों की आकाश गंगा में ध्रुव तारे की तरह सुशोभित हो रहे हैं। कहा कि भारत में अंधविश्वास और पाखंड को खत्म करने की दिशा में उनका योगदान देश कभी नहीं भूलेगा। समाज में लोग बाहरी आडंबर करते हैं। संत रविदास ने समाज को मन का मैल धोने का सबक सिखाया। इस अवसर पर राजबहादुर सिंह कुशवाहा, कमलेश चौधरी, रज्जनलाल यादव, रामबाबू वर्मा, भोला प्रसाद वर्मा, राजबहादुर अनुरागी, कोदूराम कोटार्य, कालीदीन आर्य, रमेशचंद्र, शिवपूजन वर्मा, रामनरेश गौतम, हरिचरन वर्मा, विमलेश वर्मा, नत्थू कोटार्य, राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# चोरी के माल संग दो चोर गिरफ्तार

**नरैनी (बांदा):** सीमावर्ती अजयगढ़ (मध्य प्रदेश) में बाइक और सबमर्सिबल पंप चोरी करने वाले शातिर चोर को उसके साथी के साथ मध्य प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों के पास से माल भी बरामद किया है। मध्यप्रदेश के पन्ना जिला के अजयगढ़ कस्बा निवासी हसीब खान की बाइक और यहीं के निवासी अमित जड़िया की दुकान से दो सबमर्सिबल पम्प चोरी हो गए थे। पीड़ितों ने अजयगढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दी थी। थाना प्रभारी बीएल पांडेय ने बताया कि कालिंजर थानाक्षेत्र के तरहटी कालिंजर निवासी प्रमोद कुमार उर्फ पिल्ला पुत्र शिवचरण सोनकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो इसने अपराध स्वीकारा। चोरी में सहयोगी बाबू यादव के घर से बाइक बरामद करवा दी। सबमर्सिबल पम्प की चोरी में शामिल अजयगढ़ निवासी मुकीम पुत्र रफीक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# मोटे अनाज में पोषक तत्वों की रहती है भरमार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** मिलेट्स द फ्यूचर सुपर फूड राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों व शिक्षाविदों ने मोटे अनाज के उत्पादन के साथ दैनिक जीवन में प्रयोग पर जोर दिया। कहा कि मोटा अनाज जीवन शैली में आए बदलाव के कारण कई बीमारियों को रोकने में सक्षम है। राजा देवी डिग्री कॉलेज व विपिन बिहारी कालेज (झांसी) प्राचार्यों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। संगोष्ठी के दौरान 'मनन' पत्रिका का विमोचन हुआ।

नरैनी रोड स्थित राजा देवी डिग्री कालेज में शनिवार को मिलेट्स द फ्यूचर सुपर फूड राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में ग्रामोदय विश्वविद्यालय (चित्रकूट) प्राकृतिक संसाधन विभाग प्रमुख डॉ.उमाशंकर मिश्रा, विपिन बिहारी डिग्री कालेज (झांसी) प्राचार्य प्रो. टीके शर्मा, महिला महाविद्यालय प्राचार्य डा.दीपाली गुप्ता, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मृदा विज्ञान व कृषि रसायन विज्ञान




पत्रिका का विमोचन करते आयोजक। अमृत विचार

- मिलेट्स द फ्यूचर सुपर फूड राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन
- विशेषज्ञों ने दी दैनिक जीवन में शामिल करने की नसीहत
- समारोह के बीच शिक्षाविदों ने 'मनन' पत्रिका का किया विमोचन

विभागाध्यक्ष डा.जगन्नाथ पाठक डा.सिप्पी दासानी, डा.शीला सिंह, डा.कमलेश राजपूत आदि ने संयुक्त रूप से सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। राजा देवी डिग्री कालेज प्राचार्य डा.संतोष तिवारी व विपिन विहारी कालेज प्राचार्य ने एमओयू पर हस्ताक्ष किए। प्राकृतिक संसाधन विभाग प्रमुख ने दैनिक जीवन में मोटे अनाज की उपयोगिता बताई। कहा कि इसमें पोषक तत्त्वों की अधिकता होती है। बताया कि मोटे अनाज के महत्व को दुनिया ने स्वीकारा है। भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसे 70 देशों ने समर्थन दिया है। विपिन विहारी कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि मोटे अनाज की पौष्टिकता के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। आंगनबाड़ी और मध्यान्ह भेजन योजना में भी मोटे अनाजों को शामिल किया है।

प्रो.कमालुद्दीन ने कहा कि मोटे अनाजों में मुख्य रूप से बाजरा, मक्का, ज्वार, रागी, सांवा, कोदो, कंगनी, कुटकी और जौ शामिल हैं। गोष्ठी के दौरान 'मनन' पत्रिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर डा.दीप्ति द्विवेदी, डा.उमेश श्रीवास्तव, डा.जयकिशोर तिवारी, निधी अग्रवाल, डा.देवेन्द्र नामदेव, डा.प्रियंका वर्मा, डा.अजय वर्मा, विवेक चैरसिया, अमर पाल, सुनील द्विवेदी, सुरभि, डा.ऊषा द्विवेदी, अमर सिंह परिहार, श्रवण गुप्ता, नीलम गुप्ता, ऋचा सिंह, बिंदू शुक्ला, श्याम सिंह, सुरेश, अमन सिंह परिहार, संतशरण मिश्रा, सुशील प्रजापति, गुलाब, कमलेश कुमार, अनुराग तिवारी, प्रेमनारायण आदि उपस्थित रहे।

# सीएम साहब ! अवैध बालू खनन से पानी की किल्लत

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

**अमृत विचार:** बालू माफियाओं द्वारा उत्तर प्रदेश की बालू मध्य प्रदेश में ले जाने जाने की शिकायत महिला ग्राम प्रधान ने पत्र भेजकर मुख्यमंत्री से की है। बताया कि नदी की बीच जलधारा में रास्ता बनाकर रात के अंधेरे में अवैध खनन कर उत्तर प्रदेश सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। यह भी दोनों प्रदेशों में एक ही कंपनी है और कंपनी बाहुबली माफिया की है जिसकी वजह से प्रशासन भी उन पर हाथ डालने से कतरा रहा है। इसलिए अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। खनन न रोका गया तो आने वाली गर्मियों में यहां पानी के लिए हा-हाकार मचना तय है।

तहसील क्षेत्र के लहुरेटा की महिला ग्राम प्रधान फैमीदा ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कर बताया है कि उनकी

- ग्राम प्रधान ने सीएम से अवैध बालू खनन रुकवाने की मांग की

ग्राम पंचायत में बालू खनन का आरएसएचएसएएम कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम कुल रकबा 81.54 एकड़ 6 माह के लिए आवंटित हुआ था, लेकिन खनिज विभाग द्वारा कोई सीमांकन एवं ठोस सबूत चिन्हित न किये जाने से इसका फायदा उठाकर पट्टाधारक कंपनी ने पूरी नदी पर 30 से 40 फीट गहराई तक भारी भरकम मशीन पोकलैंड, छन्ना व लिफ्टर मशीनों द्वारा खनिज नियमों की धज्जियां उड़ाकर अवैध खनन किया। कंपनी की शिकायत होने पर जिलाधिकारी द्वारा बैरियर लगाकर राजस्व एवं पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई, जिससे कुछ दिनों तक ओवरलोडिंग बंद रहीं और कंपनी ने खदान बंद कर दिया। पुनः खदान चालू होते ही कंपनी ने अवैध खनन चालू कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक के उपचार के लिए परिजनों को सौंपा चेक

**बांदा।** मार्ग दुर्घटना में घायल शिक्षक के उपचार के लिए शनिवार को टीएससीटी संस्था के पदाधिकारियों ने उनके आवास जाकर 50 हजार का चेक प्रदान करते हुए आर्थिक सहायता मुहैया करवाई। तिंदवारी विकास खंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय जरैला में शिक्षक पद पर कार्यरत शिक्षक प्रेमचंद्र अतर्रा कस्बा में अस्थाई रूप से आवास बनाए हुए है और वहीं से रोज नौकरी करने जरैला जाते थे। कुछ दिन पूर्व विद्यालय से लौटते समय मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। वे लंबे समय से टीएससीटी संस्था से जुड़े है। शनिवार को संस्था के लोगों ने उनके आवास पहुंचकर सहयोग के रूप में 50 हजार रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर संस्था के जिला संयोजक रामकुमार, जितेंद्र कुमारक सिंह, हरवंश श्रीवास्तव, पूनम यादव, अभय कश्यप, दीपक प्रजापति, प्रदीप साहू, प्रेम नारायण, रामबाबू, नैपाल सिंह, पंकज साहू आदि मौजूद रहे। संस्था ने कुछ साथियों को सदस्यता भी प्रदान की।



परिजन को चेक प्रदान करते टीएससीटी पदाधिकारी।

### चोरों के हौसले बुलंद: एसपी आवास के पास गुमटी का ताला तोड़कर हजारों के माल पर हाथ साफ किया

**बांदा :** सिविल लाइन इलाके में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आए दिन चोर गुमटी का ताला तोड़कर सामान ले जाते हैं। ताजी घटना में एसपी आवास के नजदीक गुमटी का ताला तोड़कर चोर अन्दर घुस गए और गोलक में रखी नकदी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान पहुंचे मालिक ने देखा तो सामान गायब था। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। शहर के सिविल लाइन निवासी अतुल पुत्र बसंतलाल एसपी आवास के समीप गुमटी खोले है। वह शुक्रवार की रात दुकान बंद कर घर चला गया। रात को सूचना मौका देख चोर गुमटी का ताला तोड़कर दुकान में रखी नगदी समेत 25 हजार का सामान लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने आए अतुल ने देखा तो गुमटी का ताला टूटा था। सामान गायब था। अतुल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। चार दिन पहले तहसील गेट पर रखी गुमटी का ताला तोड़कर चोर कंम्प्यूटर समेत लैपटॉप ले गए थे। पुलिस आज तक उसका खुलासा नहीं कर सकी।

### चश्मा मांगने पर मां बेटे समेत पांच को पीटा

**बांदा।** चश्मा मांगने पर दो युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि 12 लोगो ने मां बेटे समेत पांच लोगों को पीटकर लहूलूहान कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। शहर के किलेदार पुरवा निवासी लेखपाल (32) पुत्र मोहन से पड़ोसी युवक संतोष ने चश्मा ले लिया था। शुक्रवार की शाम लेखपाल ने संतोष से अपना चश्मा मांगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच मारपीट हो गई। कुछ देर के बाद संतोष के पक्ष से करीब 12 लोग हाथों में डंडा लेकर आ गए। लेखपाल को पीटा शुरू कर दिया। पुत्र को पिटता देख मां विमला (55) बहन नीतू (18) चचेरा भाई संतोष (31) चाचा भाऊ (32) बचाने आए तो उन्हे भी मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने किसी तरह समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। घायलों को कोतवाली ले जाया गया। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया।

## किसानों का दर्द

संयुक्त टीम ने रिपोर्ट में 33 फीसदी से कम का नुकसान बताया, शासनादेश के मुताबिक पीड़ितों को नहीं मिलेगी फूटी कौड़ी

# किसान बोले : ओला, बारिश से बर्बाद फसलों की सर्वे रिपोर्ट झूठी

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

**अमृत विचार:** पिछले दिनों प्रकृति की मार से टूटे तहसील क्षेत्र के अन्नदाताओं की फसलों के नुकसानी का आकंलन तो प्रशासन ने कर लिया, लेकिन इससे किसान संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं। प्रशासन ने तहसील क्षेत्र के ओलावृष्टि प्रभावित 22 में सिर्फ छह गांवों का सर्वे करते हुए मात्र 33 फीसद नुकसान माना है। ऐसे में शासनादेश के मुताबिक 33 फीसदी नुकसान होने पर किसानों को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजा



ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल। अमृत विचार

नाम पर फूटी कौड़ी भी नहीं मिलेगी। इस मामले में किसानों का कहना है कि जितना नुकसान प्रशासन बता रहा है, उससे चार गुना तो बीज की लागत ही लग गई है। किसानों ने आक्रोश जताते हुए दोबारा सर्वे

**50%** फसल के नुकसान का किया किसानों ने दावा

कराए जाने की मांग की है।

पिछले दिनों 12 फरवरी को तहसील क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में वर्षा के साथ जबर्दस्त ओलावृष्टि हुई थी, जिससे तहसील क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की हजारों बीघा खेतों में लगी तमाम फसलें ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हो गईं थीं। जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने संयुक्त जांच टीम गठित कर जांच करने का निर्देश दिया। हल्का लेखपालों के साथ कृषि विभाग और बीमा कंपनी के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से जांच की। जांच रिपोर्ट में बरुआ कालिंजर, बदौसासानी, बरियारपुर, सढ़ा, परसहर और दलहवा सहित कुल छह गांवों में 33 फीसदी से अधिक का नुकसान पाया है, जबकि 16 गांवों में 33 फीसदी से कम का नुकसान होने की रिपोर्ट दी गई है। शासनादेश के अनुसार 33 फीसदी से कम नुकसान होने पर फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति देय नहीं है। बुलाकीपुर गांव के किसान अशोक कुमार ने बताया कि वह सात बीघा जमीन का काश्तकार है। पूरी जमीन में मटर और सरसों बोया था। फसल तैयार करने में जुताई बुआई में 10 हजार रुपए, बीज में 10 हजार रुपये और 3 हजार रुपये की खाद डाली थी। चार हजार रुपये सिचाई में खर्च किया था। पीड़ित ने बताया कि गांव पहुचे लेखपाल को खेत मे हुए नुकसान को दिखाया था। इसी प्रकार गांव के किसान श्याम पाल, शैलेंद्र सिंह, विनोद कुमार, प्रमोद, मैयादीन, श्रीपाल आदि ने बताया की उनकी कृषि भूमि पर लगभग 40 से 50 फीसदी फसलों का नुकसान हुआ। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से दोबारा जांच कराने की मांग की है।

# 176 जोड़ों ने थामा एक- दूजे का हाथ

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : बांटे गए उपहार, बेटियां विदा हुईं तो हर किसी की आंखें नम हो गईं

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मंडप पर वर वधु की विवाह की रस्में होतीं, वर वधु को आर्शीवाद देते जनप्रतिनिधि।



अमृत विचार

**अमृत विचार।** हाथों में मेहंदी, पांव में महावर और सुहाग जोड़े में सजी बेटियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लिए तो लोगों ने फूलों की वर्षा कर उनके सुखमय जीवन की कामना की। बेटियां विदा हुईं तो हर किसी की आंख नम हो गई। अवसर था मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह का। चारों विकासखंडों और नगरी निकाय क्षेत्र में विवाह सम्मेलन आयोजित किए गए। 176 जोड़े एक- दूसरे के जीवन साथी बने।

मंगलवार को सम्मेलन स्थल पर सुबह से ही गीत संगीत की धूम रही। सुबह दस बजे के बाद वैवाहिक रस्में शुरू हुईं, जो शाम चार बजे तक चलती रहीं। विकासखंड करबई में 27 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। वर- वधु के साथ आए परिजनों और रिश्तेदारों के खानपान की भी व्यवस्था की गई। कबरई ब्लाक में अलग- अलग कई मंडप बनाए गए जहां एक साथ वर- वधु ने विवाह की रश्म को पूरा किया। आचार्यों ने वैदिक मंत्र पढ़े तो बेटियों ने सात फेरे लिए। ब्लाक चरखारी में 21 जोड़ों का विवाह हुआ तो नगरीय क्षेत्र में 25 जोड़ों की शादियां कराई गईं। सम्मेलन स्थल पर वर वधु के साथ आए परिजनों के अलावा अन्य लोगों की भारी भीड़ जुटी। वर वधुओं को उपहार भी दिए गए।

**पनवाड़ी प्रतिनिधि** के अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ब्लाक परिसर पनवाड़ी में 58 जोड़ों का पंडित दीपक ब्यास द्वारा विवाह कराया गया। उपस्थित लोगों ने विवाह सम्पन्न होने के बाद वर- वधु को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर 35,000 रुपये वधु के बैंक खाते में और 16,000 रुपये के उपहार दिए गए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी ने किया। इस मौके पर पनवाड़ी ग्राम प्रधान पनवाड़ी संजय द्विवेदी, डा0 मंगल सिंह महान, उपेंद्र द्विवेदी, श्रीप्रकाश मिश्रा, संतोष विश्वकर्मा, संतोष अग्निहोत्री, अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि बब्लू रावत, नीरज द्विवेदी, रवि पटेल दिदवारा, बुडेरा प्रधान प्रतिनिधि मुरलीधर श्रीवास, सोरा प्रधान प्रतिनिधि रामाधीन अहिरवार, लोधीपुरा प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना अहिरवार, राजू राजपूत भरवारा प्रधान प्रतिनिधि, श्रीप्रकाश अनुरागी खंड विकास अधिकारी संतराम, एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी, सचिव निर्देश पटेल, रामआसरे यादव, सैफ खान, आलोक द्विवेदी, राहुल पाठक, धर्मवीर अभिषेक चौरसिया, सचिव हरबंस अनुरागी, गणेश शंकर गुप्ता सहित मौजूद सहित ब्लॉक कार्यालय के स्टाफ मौजूद रहा।

**जैतपुर प्रतिनिधि** के अनुसार मंगलवार को कस्बा जैतपुर के ब्लाक परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन क्षेत्र पंचायत द्वारा किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 45 जोड़ों ने एक- दूसरे के हमसफर बने। इस मौक पर ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत ने कहा कि प्रदेश में दहेज रहित सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह संपन्न कराकर दहेज प्रथा जैसी कुरीति से समाप्त करने का काम किया जा रहा है तथा गरीब परिवार की बेटियों की हंसी खुशी हाथ पीले हो रहे हैं। सम्मेलन दौरान सभी जोड़ों को उपहार व वैवाहिक प्रमाणपत्र दिए गए। इस मौके पर रवींद्र पटेरिया, जुवैर खान, मंडल अध्यक्ष कुलपहाड़ मानवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अजनर पवन राजपूत, बुंदेलखंड विकास बोर्ड सदस्य रामस्वरूप श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरविंद नायक, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश गोस्वामी, राजेश राजपूत, सुरेंद्र किशोरी शिवहरे, रणविजय सिंह राजपूत, एडीओ आईएसबी अनिल पाठक, एडीओ पंचायत जयसंकर जायसवाल, खंडविकास अधिकारी मूलचंद सिंह सहित भारी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व ब्लाक के कर्मचारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र राजपूत व पीडी पटेरिया ने किया।



निकाह पढ़ाते काजी। अमृत विचार

### मुस्लिम जोड़े ने निकाल कुबूल किया

**पनवाड़ी।** मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत पनवाड़ी ब्लाक में हुए 58 जोड़ों का विवाह हुआ। इसमें एक जोड़ा मुस्लिम था। जिसका शहरकाजी ने निकाह कराया। इस मौके पर शहर काजी पनवाड़ी अब्दुल हकीम ने दूल्हा दुल्हन का निकाह कुबूल कराया, जहां पर उनके मां बाप ने बच्चों को दुआएं देकर विदा किया।

### गवाहों की अनिवार्यता से कई जोड़े नहीं आए

अब शादियों का रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वर- वधु पक्ष के मोहल्ले और गांव के चार गवाह लिए जाने लगे हैं। इसलिए तमाम लोगों द्वारा पूर्व में विवाह के लिए बड़े पैमाने पर रजिस्ट्रेशन कराए थे। जिनके कम्युनिटी हाल महोबा और ब्लाक स्तर पर 24 फरवरी को विवाह होना थे, लेकिन गवाह की अनिवार्यता के कारण तमाम वर- वधु विवाह सम्मेलन में नहीं पहुंच सके।

### कहां कितने जोड़ों का विवाह

| क्षेत्र | विवाह |
|---|---|
| कबरई | 27 |
| जैतपुर | 45 |
| चरखारी | 21 |
| पनवाड़ी | 58 |
| नगर | 25 |

# आज शब-ए-बरात, पूरी रात होगी इबादत और तिलावत

कार्यालय संवाददाता महोबा

● शब-ए-बरात की रात को ही इंसान के अच्छे और बुरे कामों का लिखा जाता हिसाब

**अमृत विचार।** इबादत व मगफिरत की रात शब-ए-बारात त्योहार इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीना के 15 तारीख को मनाया जाता है। इस बार यह त्योहार 25 फरवरी को मनाया जाएगा। जिले भर में शब-ए-बरात त्योहार पर मस्जिदों में इबादत के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए माकूल इंतजाम किए जा रहे है। मस्जिदों की पहले से साफ सफाई कर बिजली की आकर्षक सजावट भी की जा रही है। रविवार को शाम ढलते ही मस्जिदों में इबादत करने वाले लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो जाएगी। पूरी रात इबादत में गुजरने के बाद ज्यादातर लोग सहरी करने के बाद रोजा रखेंगे। शब-ए-बारात त्योहार पर मुस्लिम समुदाय के लोग अपने अपने मरहूमों की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़कर उनके लिए दुआएं भी करते हैं।

हाफिज राहत रजा ने शब-ए-बरात त्योहार का मतलब बताते हुए बताया कि शब का मतलब होता है। रात और बारात का अर्थ होता है बरी होना। इस्लामिक कैलेंडर के माह शाबान की 14 तारीख को सूरज ढलते के बाद आने वाली 15 तरीख की रात को शब-ए-बारात का त्योहार मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत और तिलाबत करके पूरी रात गुजारेंगे। साथ ही अपने गुनहों की तौबा कर अल्लाह से माफी मांगेंगे। बताया कि इस रात को लोग अपने उन रिश्तेदारों के लिए मगफिरत की दुआएं करेंगे। इस दुनिया को छोड़कर चले गए हैं। मरहूमों की कब्र पर जाकर भी लोग दुआएं करेंगे। बताया कि इस रात को हर इंसान के अच्छे बुरे सभी कार्यों का हिसाब लिखा जाता है। हाफिज ने कहा कि शब-ए-बारात के त्योहार पर किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, शो शराबा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह रात इबादत की रात होती है। उन्होंने कहा कि इस मुबारक रात में गुस्ल करना, अच्छे और पाक कपड़े पहनना, आंखों में सुरमा लगाना, मिसवाक करना, इत्र लगाना, कब्रों की जियारत करना, फातिहा, खैरात करना, नफिल के साथ साथ तहज्जुद की नमाज अदा करना के अलावा ने काम करना चाहिए। कहा कि शब-ए-बारात की पूरी रात इबादत करने के बाद रोजा रखने का फायदा यह है कि बंदा अपने आप को रमजान का रोजा रखने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार है। शब- ए- बारात की रात के बारे में बहुत फजीलतें आई हैं।

# पीएम सूर्यघर योजना से 13,800 घर होंगे रोशन

कार्यालय संवाददाता महोबा

● सोलर संयंत्र पर किलोवाट के अनुसार दिया जा रहा अनुदान

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर योजना के तहत जिले के 13800 घरों को जल्द ही रोशन किया जाएगा। इस योजना के तहत अनुदान पर सोलर संयंत्र की स्थापना की जाएगी। सोलर संयंत्र की स्थापना के लिए आवेदकों को किलोवाट के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकार अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसी सारी तैयारियां शुरु करा दी गई हैं।

अधीक्षण अभियन्ता विद्यत वितरण मंडल महोबा आरएस गौतम ने बताया कि 22 जनवरी को पीएम सूर्यघर योजना शुरू की गई थी। यह योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और इसके तहत अनुदान पर सोलर संयंत्र की स्थापना का कार्य किया जाना है। योजना के तहत हर जिले के लिए लक्ष्य आवंटित किया गया है। सोलर संयंत्र की स्थापना के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा।

वांछित धनराशि का उपभोक्ता को अंशदान करना होगा। बताया कि जिले के दोनों वितरण खण्डों में लक्ष्य आवंटित हुआ है। जिले के 13800 घर सोलराइज्ड होंगे। उपभोक्ता को विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उपभोक्ता अधिक जानकारी विभागीय कार्यालय में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्युत वितरण खण्ड प्रथम 6700 और विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय में 7100 का लक्ष्य आवंटित किया गया है।

### इस तरह मिलेगा अनुदान



अधीक्षण अभियंता ने बताया कि एक किलोवाट संयंत्र में केंद्र सरकार द्वारा 30,000 रुपये और राज्य सरकार द्वारा 15, 000 रुपये का उपभोक्ताओं को अनुदान दिया जा रहा है और इसमें उपभोक्ताओं का 20, 000 रुपये का अंशदान होगा। दो किलोवाट के संयंत्र पर केंद्र का 60,000 रुपये और राज्य सरकार का 30,000 रुपये अनुदान रहेगा, जबकि 40,000 रुपये उपभोक्ता का अंशदान होगा। तीन किलोवाट सोलर संयंत्र में केंद्र का 78,000 रुपये, राज्य सरकार का 30, 000 रुपये अनुदान के सापेक्ष उपभोक्ता का 72,000 रुपये का अंशदान होगा। इसी प्रकार चार किलोवाट, पांच किलोवाट और दस किलावाट सोलर संयंत्र में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनुदान उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है।

## हाईवे के स्पीड ब्रेकर दे रहे दुर्घटनाओं को दावत

**महोबा।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में कबरई से बांदा के बीच हाईवे पर आधा दर्जन स्थानों पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर व्हाइट कलर से ना पोते जाने के कारण दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। हाईवे में रिवई के आगे नहदौरा गांव के पास, टोल प्लाजा के समीप, मठोंध के पास सहित आधा दर्जन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं जिसमें तेज वाहन चढ़ते ही असंतुलित होकर गिर जाते हैं। वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है। समाज सेवी राम जी गुप्ता पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने हाईवे में बने स्पीड ब्रेकरों को सफेद कलर से पुताई जाने की मांग की है।

# ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता महोबा

● घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार




**अमृत विचार।** शुक्रवार की रात्रि महोबा से कबरई आटो से सवारियां छोड़कर घर वापस लौट रहे ऑटो चालक को पेट्रोल पंप के पास अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पेट्रोल पंप के पास खड़े लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस द्वारा घायल को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक चालक घटना को अंजाम देने के बाद रात होने का फायदा उठाकर वहां से भाग गया।

शहर के मोहल्ला ढलैतनपुरा निवासी फहीम खान (46) पुत्र झल्लू शुक्रवार की रात्रि करीब ग्यारह बजे आटो से सवारी लेकर कस्बा कबरई गया हुआ था। आटो चालक ने सवारियां उतारी और कुछ खड़ा होने के बाद वह वहां से खाली आटो लेकर महोबा के लिए चल दिया, तभी दो किमी दूर रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने आटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे आटो चालक का सड़क किनारे पड़े पत्थर से सिर टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर से आटो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना के कुछ देर बाद आसपास के लोगों और अन्य वाहन चालकों ने घायल को देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को उठाया और एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसका परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और मोहल्ले वासी अस्पताल पहुंच गए, जहां पर मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई वसीम ने बताया कि मृतक अविवाहित था और आटो चालकर जीवन यापन करता था।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 28 को

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** पेंशनरों व वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण 28 फरवरी को 12 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन कचहरी कंपाउंड में किया जाएगा। पेंशनर्स सेवा संस्थान ने इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

यह जानकारी वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उप्र के महामंत्री बीके तिवारी ने दी। बताया कि भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा द्वारा पेंशनरों/वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉ. गुलशेर अहमद, डॉ. वरूण, डॉ. एके सक्सेना नेत्र सर्जन सहित फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन की टीम द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में 28 फरवरी को अपरान्ह 12 बजे निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाकर दवाएं वितरित करेगी।

पेंशनरों/वरिष्ठ नागरिकों से स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में समय से पहुंचकर लाभ प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का लाभ उठाने का भी जोर दिया।

# माघ पूर्णिमा : जय श्रीराम के उद्घोष के साथ लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** माघ मास की पूर्णिमा के अवसर पर गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में गोरखगिरि की परिक्रमा लगाकर भक्तों ने सुध समृद्धि की कामना की। भक्त राम नाम की धुन व ओम नमः शिवाय के जायकारे के साथ गोरखगिरि की परिक्रमा करने में जुटे रहे। परिक्रमा दौरान भक्त हाथों में धार्मिक ध्वज लिए चल रहे थे। परिक्रमा प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव मंदिर पहुंची जहां पर भजन कीर्तन और सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माघ पूर्णिमा और गोरखगिरि के इतिहास पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला।

शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे परिक्रमा गोरखगिरि के शिव तांडव मंदिर से प्रारंभ हुई, जो पठवा के हनुमान जी, महावीरन, कबीर आश्रम, हाजी फिराजशाह बाबा की दरगाह, राम दरवार मंदिर, भूतनाथ, काली माता, राधा कृष्ण, छोटी चंडिका मंदिर, पुलिस लाइन होते हुए पुनः शिव तांडव मंदिर परिसर में समाप्त हुई। परिक्रमा दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। परिक्रमा में लोग बुलंद आवाज के साथ जय शिव शम्भू, जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। परिक्रमा दौरान भक्तों द्वारा श्रद्धा भाव से लगाए गए भगवान के जयकारों से वातारण भक्ति में सरावोर नजर आया।



माघ पूर्णिमा पर गोरखगिरि परिक्रमा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

परिक्रमा समाप्ति के बाद शिव मंदिर परिसर में भजन कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें वीरभूमि महाविद्यालय के प्रवक्ता डा0 एलसी अनुरागी ने कहा कि माघ मास भगवान विष्णु को अतिप्रिय होने से इस महीने की पूर्णिमा का महत्व और भी बढ़ जाता है। माघ मास की पूर्णिमा को माघी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। माघ पूर्णिमा के दिन स्नान और दान का विशेष महत्व होता है। इस दिन नदियों, सरोवरों में स्नान करना बहुत शुभ माना जाता है। सा वस्त्र दान और गौदान का भी विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि माघ पूर्णिमा के दिन देवतागण पृथ्वी लोक का भ्रमण करने आते हैं। कार्यक्रम में सुनीता अनुरागी ने संत रविदास की भक्ति पर प्रकाश डाला। सिद्ध आश्रम के संत रामदास महाराज ने गोरखगिरि के इतिहास बताया साथ ही माघी पूर्तिमा के स्नान के पर चर्चा की गई। इस मौके पर अजीत फोटोग्राफर, हरिशंकर नायक, राजेश उपाध्याय, श्यामबिहारी महाराज, राकेश चौरसिया, गौरीशंकर, जगदीशचंद्र, बैजनाथ, हरप्रसाद अनुरागी रहे।

उत्सव | शोभायात्रा में झांकियों के हुए दर्शन, भंडारे में जुटी लोगों की भीड़

# संत रविदास की जयंती पर निकाली शोभायात्रा, बरसे पुष्प

कार्यालय संवाददाता, महोबा



रविदास मंदिर में लगी भीड़, शोभा यात्रा में सजीं झांकियां।



अमृत विचार

**अमृत विचार।** संत रविदास जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

शहर भर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शनिवार को शहर के रविदास मंदिर से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दौरान ट्रैक्टर विभिन्न झांकियों से सुसज्जित होकर चल रही थी। इसमें महिलाएं, पुरुष, बच्चे व रविदासी पंथ के अनुयायी शामिल रहे। जयंती पर रविदास समाज के लोगों ने भंडारे का आयोजन किया। जहां पर सुबह से ही लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। रात में भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।

मुहल्ला नैकानापुर स्थिति रविदास मंदिर परिसर से दो बजे संत रविदास के जीवन पर आधारित झांकियों के साथ शोभायात्रा प्रारम्भ की गई। शोभायात्रा शहर के तहसील चौराहा, मैन बाजार, ऊदल चौक, राठ चुंगी, खोवा मंडी होते हुए पुनः रविदास मंदिर में आकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में महिला, बच्चे बैंडबाजों और डीजो की धुनों के साथ झूमते चल रहे थे। बच्चें ट्रैक्टरों पर महापुरुषों का रूप धारण कर लोगों को प्रभावित करते नजर आए। शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

रविदास मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने मंदिर में माथा टेका और चल रहे भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों और कीर्तन मंडली ने गुरु रविदास के जीवन पर आधारित कीर्तन व गीतों के माध्यम से प्रकाश डाला। शहर के भटीपुरा, नयापुरा नैकाना में भी रविदास के मानने वालों ने भंडारे और रात्रि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देर रात्रि तक चले कार्यक्रमों में लोगों की भीड़ जुटी रही।



रविदास जयंती पर निकलती शोभा यात्रा। अमृत विचार

### जैतपुर में भी उत्सव का आयोजन

**बेलाताल।** कस्बा के मोहल्ला मऊपुरा में रविदास कुटी मंदिर परिसर में शनिवार को संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। संत के मानने वाले लोगों ने पूजा अर्चना करने के बाद शोभायात्रा निकाली। नगर के व्यासपुरा, घुसयाना, जुगयाना, मल्याना, जमींदारी, बजरिया, बाजार, ड्योढ़ीपुरा होते हुए ओनेपुरा में पहुंचकर समाप्त हुई। समाजसेवी मौला बक्स ने कहा कि संत रविदास जी जैसे विचारों वाले महापुरूष हमारे देश में न हुए है और न होंगे। उनके बारे में में जितना कुछ भी कहा जाए वह कम है। रविदास जी एक सच्चे संत महापुरूष के रूप में जाने जाते है। इस मौके पर ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार, देशराज कुशवाहा, हसमत, हल्लू कुशवाहा, रामबाबू अहिरवार, गोपी अहिरवार, मोहम्मद नवी, नन्दकिशोर कुशवाहा, सनी आदि मौजूद रहे।

# जैतपुरा में महिला ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता बेलाताल महोबा

● फांसी लगाने से पहले पति व बच्चों को कमरे में बंद किया

**अमृत विचार।** कस्बा जैतपुर के बाईपास रोड पर निवासी महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों के जागने पर कमरे में गए तो महिला को फांसी में लटका देख उनके होश उड़ गए और चीखने चिल्लाने लगे। परिजनों द्वारा दी गई सूचना पर चौकी पुलिस पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बे के बाईपास रोड निवासी अशोक कुमार की 35 वर्षीय पत्नी पुष्पा शुक्रवार की रात्रि खाना खाने के बाद अपने पति और तीन बच्चों के साथ सो रही थी। अर्द्ध रात्रि पुष्पा उठी और कमरे का दरवाजा बाहर से लॉक कर दूसरे कमरे में चली गई। दरवाजे के ऊपर बने रोशनदान में रस्सी डालकर गले में फंदा लगाकर फांसी पर झूल गई। सुबह पति की आंख खुली तो देखा पत्नी कमरे में नहीं है। कमरे का दरवाजा खोलना चाहा, लेकिन बाहर से दरवाजा बंद होने की वजह से वह परेशान हो गया। पास के मकान में रह रहे अपने भाई बब्लू को फोन लगाया जिस पर उसका भाई आया और कमरे का दरवाजा खोलकर भाई को निकाला। वे पुष्पा को ढूंढने लगे, तभी बाहर वाले कमरे में फांसी के फंदे से शव लटका देख दोनों भाइयों के होश उड़ गए। पत्नी को फांसी पर लटका देख पति चीख चीख कर रोने लगा। आवास सुन आसपास के लोग वहां पहुंच गए। परिजनों द्वारा चौकी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे चौकी इंचार्ज धर्मेंद सिंह ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया। मृतका अपने पीछे एक लड़क और दो लड़कियों को छोड़ गई है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि महिला ने फांसी क्यों लगाई इसका कारण ज्ञात नहीं हो सका है। जांच के बाद ही फांसी की वजह ज्ञात हो सकेगी।

## एक नजर

### स्वच्छता अभियान आज

**हमीरपुर।** संत निरंकारी मंडल क्रांति कुमार ने बताया कि रविवार को नगर में यमुना नदी तटबंध में प्रातः 7 से दोपहर 12 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। समाजसेवी सफाई तो करेंगे ही लोगों को जागरूक भी करेंगे।

### भाई को शराब पिलाने से रोका तो दिव्यांग को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में भाई को शराब पिलाने से मना करने पर आरोपी युवक ने दिव्यांग को जमकर पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है। सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी रामकुमार अहिरवार पुत्र बृजगोपाल ने बताया कि शनिवार की सुबह वह माता प्रसाद के घर के सामने से गुजरा। बताया माता प्रसाद से उसने अपने भाई को रुपये देने व शराब पिलाने से रोका। कहा कि उसके भाई को शराब न पिलाया करो। बताया इसी बात को लेकर माता प्रसाद गाली गलौज करने लगा और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से दिव्यांग को चोटें आईं हैं। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### विभागीय समीक्षा में अवर अभियंताओं को दी चेतावनी

**राठ।** पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता बांदा सुनील कपूर ने विद्युत उपखंड कार्यालय का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय कर्मियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान राजस्व संग्रह की धीमी प्रगति पर अवर अभियंता सुनील दत्त मौर्य एवं अवर अभियंता अमित यादव को चेतावनी दी गई। इसके अलावा मुख्य अभियंता ने पूर्व में काटे गए कनेक्शनों की जांच की। इस मौके पर अधिशासी अभियंता राजकुमार आदि लोग रहे।

### 28 फरवरी को कलेक्ट्रेट पहुंचें किसान

**हमीरपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अरा) के जिला प्रभारी रामदास सविता ने किसानों से अपील की है कि वे 28 फरवरी को कलेक्ट्रेट पहुंचें। यहां उन्हें को आना है जिनकी फसल ओलावृष्टि, आंधी व बारिश से बर्बाद हो गई है। फसल, मकान, व्यक्ति व पशु हानि आदि हुई है, ऐसे किसान अपने आवेदन बनाकर अधिक से अधिक संख्या में 28 फरवरी को कलेक्ट्रेट गोल चबूतरा पहुंचे। जहां संगठन के नेतृत्व में किसान महापंचायत कर नुकसान की भरपाई के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ताकि मुआवजा मिल सके और लोगों को लाभ हो।

# शब- ए- बारात आज, सजे कब्रगाह

**तैयारी**

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



कब्रगाहों की सफाई और पुताई करते हुए लोग। अमृत विचार


**अमृत विचार।** शब- ए- बारात की तैयारियां जोरों पर हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की भीड़ कब्रिस्तानों में लग रही है। लोग अपने पूर्वजों और करीबियों की कब्र की सफाई और रंगाई-पुताई में जुटे हुए हैं।

शब-ए- बारात रविवार की रात मनाया जाएगा। जिसके चलते कस्बे की लगभग सभी कब्रिस्तानों में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा साफ सफाई और पुताई करने का सिलसिला तेज किया गया है। इस्लामिक कैलेंडर के आठवें महीने की चौदह तारीख की रात में मनाए जाने वाले इस त्योहार पर लोगों द्वारा अपने पूर्वजों की कब्रिस्तान की रंगाई, पुताई कर उस पर फातिहा पढ़ा जाता है। जबकि इस रात को मुस्लिम समुदाय के लोग अन्य रातों से अफजल मानते हैं और इस रात कुरआन की तिलावत कर अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। अगले दिन पंद्रह तारीख को रोजा भी रखा जाता है। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। किराना, रंग, अगरबत्ती, मोमबत्ती आदि की दुकानों पर जमकर खरीदारी की जा रही है। नगर पालिका द्वारा भी कस्बे की कब्रिस्तानों की साफ सफाई कराई गई है और उनमें लाइटनिंग की व्यवस्था जा रही है जो रविवार तक पूरी हो जाएगी।

# चित्रकूट एक्सप्रेस के ठहराव की मांग, खून से लिखी पीएम को चिट्ठी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- इचौली स्टेशन पर कई साल से ट्रेन के स्टॉपेज की हो रही मांग
- अधिवक्ता सौरभ सिंह ने ध्यान आकर्षित करने को उठाया कदम




खून से प्रधानमंत्री को लिखा पत्र।

**अमृत विचार।** कोरोना काल से इचौली रेलवे स्टेशन पर चित्रकूट एक्सप्रेस का अस्थाई रूप से बंद ठहराव बंद है। इसे पुनः चालू किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ता ने खून से प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है।

झांसी रेलवे मंडल के अंतर्गत आने वाले इचौली रेलवे स्टेशन पर दशकों से जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव होता था। कोरोना महामारी काल में इचौली रेलवे स्टेशन पर ठहराव अस्थाई रूप से समाप्त कर दिया गया था, लेकिन कोरोना महामारी से उबरने के बाद लगभग सभी ट्रेनों के पुराने ठहराव पुनः बनाए जा चुके हैं, परन्तु अभी तक लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव इचौली रेलवे स्टेशन पर नहीं शुरू किया गया। उक्त ट्रेन का ठहराव न होने से कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों, कस्बे के व्यापारियों, सरकारी संस्थाओं के कर्मचारियों व आम जनमानस को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र से एक मात्र ट्रेन है जो क्षेत्र को प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जोड़ती है। भारी संख्या में स्थानीय एवं दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र के छात्र उक्त ट्रेन के माध्यम से इचौली रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन पढ़ने जाते थे। अधिवक्ता सौरभ मिश्रा ने बताया कि पहले कई बार मंडलीय रेलवे प्रबंधक झांसी से पत्राचार किया जा चुका है, परन्तु समस्या हल न होने पर प्रधानमंत्री को अपने खून से पत्र लिख कर इस समस्या की ओर ध्यानाकर्षण का प्रयास किया है।

# पांच दिन से दर्जनों गांवों की बिजली गुल

## मंगलवार को आए चक्रवर्ती तूफान में करीब 200 से अधिक बिजली के पोल टूट गए थे, अभी तक नए नहीं बने

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पिछले मंगलवार को आए चक्रवात के साथ हुई मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों के साथ पावर कारपोरेशन को खांसी चपट लगाई। करीब 200 बिजली खंभे गिरकर टूट गए। कई ट्रांसफार्मर जमींदोज हो गए। इसमें सदर तहसील सहित मौदहा तहसील के करीब 80 गांवों की बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई। पिछले चार दिनों से पावर कारपोरेशन की टीमें आपूर्ति बहाल करने में पसीना बहा रही हैं। इसके बावजूद तमाम गांवों का अंधेरा दूर नहीं हो पाया है।

भरुआ सुमेरपुर स्थित 132 केवी पावर हाउस से हमीरपुर, मौदहा व इमिलिया, बिवांर, पौथिया, चंदौखी जैसे सब स्टेशनों को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। सुमेरपुर व इसके आसपास के गांवों में चक्रवात के साथ मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि का सर्वाधिक असर हुआ है। वहीं कुरारा ब्लाक क्षेत्र में बिजली खंभे जमींदोज होने से बिजली सप्लाई पर विपरीत असर देखा जा रहा है। अकेले कुरारा क्षेत्र में 104 बिजली के खंभे टूट गए। जिनमें जल्ला फीडर के 48, बेरी के 42 व मिश्रीपुर में चार खंभे हैं। इसकी वजह से करीब 12 गांवों की आपूर्ति ठप है।

> मंगलवार को आए चक्रवर्ती तूफान में करीब 200 से अधिक टूटे खंभों व कई ट्रांसफार्मरों के जमींदोज हुए हैं। बिजली आपूर्ति शुरू करने के लिए टीमें काम कर रही हैं। जल्द ही आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।
>
> – अनिल आहूजा, अधिशासी अभियंता

इन गांवों की एकल पेयजल योजना प्रभावित हैं। सुमेरपुर के एसडीओ एसपी मिश्रा के अनुसार क्षेत्र में आंधी व बारिश से 50 बिजली पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं 50 आशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। इंसुलेटर व तार अनगिनत संख्या में टूट गए। चक्रवात से करीब 50 लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। इससे 40 गांवों प्रभावित हुए है।

## मुसीबतः अंधेरे में डूबे गांवों में पानी का संकट

संवाददाता, कुरारा



खेतों में टूटी पड़ी लाइन को लकड़ी से हटाता किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विद्युत आपूर्ति ठप रहने से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों को गांव के बाहर लगे हैंडपंप व कुओं से पानी भरने को विवश होना पड़ रहा हैं। गेहूं पिसाने व मोबाइल चार्जिंग को लेकर कस्बा व अन्य गांवों में भटक रहे हैं।

विकासखंड क्षेत्र में पिछले पांच दिन पूर्व तेज आंधी से जल्ला व बेरी फीडर से जुड़े आधा सैकड़ा से ज्यादा बिजली पोल टूटे थे। जिसमें इनसे जुड़े गांवों में अंधेरा छाया है। पेयजल आपूर्ति ठप है। जखेला निवासी जयवीर ने बताया कि पिछले पांच दिनों से बिजली के दर्शन नहीं हुए हैं। इससे गांव के पेयजल योजना बंद है। गांव के बाहर लगे हैंडपंप व कुओं से पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं। भैंसापाली के उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि विद्युत आपूर्ति न होने से जीवन नरक बना रहा है। न पानी मिल रहा है। हैंडपंपों और कुओं का सहारा लेना मजबूरी है। मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। कुशौली पुरवा के उत्तम कुमार वर्मा ने बताया कि विद्युत आपूर्ति न होने से आटा चक्की बंद है। जिस वजह से आटा पिसाने कुरारा कस्बा व दूसरे गांव में जाना पड़ता है। बिजली न आने से गांव में अंधेरा छाया है। अगर मोबाइल चार्ज नहीं हो पाता है तो सरसों का तेल जलाकर उजाला करना पड़ता है। इससे बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अवर अभियंता भारत सैनी ने बताया कि कंडौर में 19 विद्युत पोल, जखेला में 11, पारा में दो, बैजेइस्लामपुर में छह, ककरऊ से खरेहटा तक 13 विद्युत पोल व कुछ सरकारी व निजी नलकूपों के विद्युत पोल आंधी से टूट गए हैं।

### तार बदलने से दो दिन बाधित रहेगी बिजली

**मौदहा।** उपखंड अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि नगर के बिजली उपकेंद्र प्रथम के बिजली फीडर टाउन, निजामी व ग्रामीण में तार बदलने का कार्य किया जाना है। जिसकी वजह से कल 25 से 26 फरवरी तक दो दिन के 10 से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने आम जनमानस से सहयोग की अपील की है।

## सार-संक्षेप

### महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर की बैठक

**सरीला।** नगर के श्री शल्लेश्वर मन्दिर में महाशिवरात्रि महोत्सव पर होने वाली भागवत कथा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 29 फरवरी को भागवत कथा के लिए कलश यात्रा तथा रात्रि में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 8 मार्च को शिव बारात निकलने के बाद रात्रि में दूर दराज से आये प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह तमाम व्यवस्थाओं को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी , राजू गुप्ता मंडी वाले, पारसमणि विश्वकर्मा, संदीप त्रिपाठी, लखन लाल अनुरागी, भारत कुमार अनुरागी, द्रगपाल राजपूत, रामकुमार कर्ण, गनेश नामदेव, अभय अनुरागी सहित सांस्कृतिक समिति के सदस्य व अन्य लोग मौजूद रहे।

### पैसेंजर ट्रेनों का बढ़ा किराया वापस लेकर पुराना लागू किया

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कोरोना काल के बाद शुरू हुई रेल यात्री गाड़ियों में बढ़ाए गए किराए को रेलवे ने वापस लेकर पैसेंजर ट्रेनों में पुराना किराया लागू कर दिया है। इससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है। कोरोना काल के पूर्व पैसेंजर ट्रेन का किराया कस्बे से कर्वी के लिए 30, बांदा के लिए 20, घाटमपुर के लिए 10, कानपुर के लिए 25 रुपये था। कोरोना काल में ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था। बाद में जब इसको शुरू किया गया तो बढ़ा हुआ किराया लिया गया। बढ़े किराए में कानपुर के 50, घाटमपुर के 35, बांदा के 35, तथा चित्रकूट धाम कर्वी के 60 रुपये वसूले जा रहे थे। फरवरी माह में रेलवे ने बढ़े किराए को वापस लेकर पैसेंजर ट्रेनों में पुराना किराया लागू किया है। दैनिक यात्री बबलू वर्मा, राजकुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, महेश गुप्ता, कमल किशोर ने कहा यह राहत भरा कार्य है। इसका लाभ कानपुर से मानिकपुर तथा मानिकपुर से कानपुर एवं कानपुर से खजुराहो तथा खजुराहो से कानपुर के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों की यात्रियों को मिलने लगा है।



अकबर अली को प्रशस्ति पत्र देते आयोजक। अमृत विचार

### सम्मानित हुए अकबर अली

**हमीरपुर।** स्काउट गाइड में नवीन नवाचार व बच्चों को लर्निंग आउटकम के लिए राज्य स्तर पर शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन ने उत्कृष्ट कार्य व नई तकनीक लाकर बच्चों में नवाचार, देशप्रेम, सामुदायिक सहभागिता, नेतृत्व क्षमता और उपस्थित के लिए अच्छे प्रयास किए हैं। इसी के चलते जिला स्काउट मास्टर बेसिक अकबर अली एवं गाइड कैप्टन रीतू सिंह को बदायूं के बिल्सी विधायक हरीश शाक्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं स्वाती भारती व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महेश सक्सेना ने संयुक्त रूप से प्रमाणपत्र, मोमेंट व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

### एक दिवसीय रोजगार मेला में 40 युवाओं को मिला रोजगार

**हमीरपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय में शनिवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। चार कंपनियों में विभिन्न पदों पर 68 अभ्यर्थियों में से 40 का साक्षात्कार उपरान्त चयन किया गया। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देशानुसार शनिवार को जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा. लि. लखनऊ, एलआईसी हमीरपुर, आदित्य बिरला कैपिटल आदि कंपनियां आईं।

# कस्बे सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

मौदहा, हमीरपुर



संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकालते अनुयायी।



पुष्पांजिल अर्पित करते सर्वोदय साहित्य सेवा संस्थान के लोग।

**अमृत विचार।** कस्बा सहित क्षेत्र के गांवों में भी संत रविदास जयंती की धूम रही। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई अपने गंतव्य पर पहुंची। देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। जबकि बुंदेलखंड का प्रसिद्ध दिवारी नृत्य लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।

कस्बे के रहमानिया कॉलेज के निकट स्थित अम्बेडकर पार्क से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महापुरुषों और समाज सुधारकों की तस्वीरों और झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया। जबकि शोभायात्रा के आगे बुन्देलखंड का प्रसिद्ध दिवारी नृत्य लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। लोगों ने दिवारी नृत्य का जमकर आनंद लिया। कस्बे के उपरौस की आदर्श संत रविदास समाज सुधार कमेटी की ओर से निकाली गई। शोभायात्रा की अगुवाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी और नगरपालिका अध्यक्ष रजामोहम्मद ने की। शोभायात्रा फत्तेपुर और स्टेशन रोड स्थित अम्बेडकर पार्कों से होकर पुनः अपने गंतव्य स्थान पर सम्पन्न हुई। इस दौरान डीजे की धुनों पर थिरकते युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। शोभायात्रा के दौरान जगह- जगह पर लोगों ने लंगर का आयोजन किया था। हालांकि अम्बेडकरवादियों सहित अन्य समुदाय के लोगों ने अम्बेडकर पार्क पहुंच कर बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। संत रविदास सहित अन्य महापुरुषों द्वारा किए गए समाज सुधारों पर व्याख्यान भी आयोजित किए गए। जबकि इस मौके पर देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

### संत रविदास की जयंती मनाई

**हमीरपुर।** सर्वोदय साहित्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में संत रविदास की जयंती अंबेडकर पार्क में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की गई। संस्था के कोषाध्यक्ष पंकज अनुराग ने कहा कि संत रविदास जी सच्चे संत थे। उन्होंने जाति प्रथा का विरोध किया और बताया कि सभी मानव की जाति एक है वह है मानव जाति। संस्था रणविजय चक्रवर्ती ने कहा कि रविदास जी समतामूलक समाज के निर्माण में आज भी प्रासंगिक हैं। संस्था के प्रबंधक कमल किशोर कमल ने कहा कि संत रविदास जी का हृदय गंगा जी की तरह पवित्र था। इसलिए उन्होंने छुआछूत और पाखंड का विरोध किया और मानवता का प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उऋणवीर सिंह ने की व संचालन प्रदीप कुशवाहा ने की। इस मौके पर विनोद कुमार, दिनेश चंद्र आर्य, ब्रजेंद्र सचान, अरविंद यादव रहे।

### धूमधाम से मनाई गई रविदास जयंती

**सरीला (हमीरपुर)।** नगर में सन्त शिरोमणि रविदास की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर कन्याभोज व भव्य शोभायात्रा निकालने के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। नगर में अनुयायियों ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस मार्ग होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में आधा दर्जन घोड़े, भांगड़ा, डीजे व झाक़ी शामिल रहीं। समापन रविदास धर्मशाला में किया गया। गोष्ठी में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने भाग लिया। उनके द्वारा कही गई पंक्तियां 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभुदयाल वर्मा, पूर्व चेयरमैन भारत सिंह, गोरेलाल, नाथूराम अहिरवार, रमेश कुमार, लल्लूराम वर्मा, राजू, सुदामा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस ने शिकायत नहीं सुनीं तो महिला ने खाया जहर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली में शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इससे परेशान महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर उसे सीएचसी ले जाया गया। वहीं महिला द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर पुलिस का कहना है कि शिकायत पर दो बार पुलिस जांच के लिए उसके घर जा चकी है आरोप निराधार हैं।

कोतवाली के सैदपुर गांव निवासी मालती देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार ने सीएचसी में इलाज के दौरान बताया कि पिछले 19 फरवरी को उसका ससुर जागेश्वर शराब पीकर उसके साथ गाली गलौज कर रहा था। जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो ससुर ने अपने छोटे पुत्र धीरेंद्र के साथ मिलकर उसे मारापीटा था।

**अभ्यर्थी दुखी** — परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ हो कठोर कार्रवाई

# पुलिस भर्ती परीक्षा रद होने पर छलका दर्द

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा रद करने का आदेश दे दिया है। इससे अभ्यर्थी दुखी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही आदेश जारी करते हुए कहा कि युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। छह माह के भीतर ही पूर्ण शुचिता के साथ परीक्षा आयोजित की जाएगी, लेकिन युवाओं को लगता है कि चुनावी प्रक्रिया के कारण अब भर्ती फिलहाल देरी से ही शुरू हो पाएगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा रद होने के बाद अभ्यार्थियों का दर्द छलकने लगा है। इस मामले में किसी ने सरकार को फेल बताया तो किसी ने कड़ा नियम बनाने की मांग की। अभ्यार्थियों ने कहा कि एक तो बहुत दिनों बाद पुलिस में भर्ती निकली थी। सभी इस भर्ती का इंतजार कर रहे थे, लेकिन जब परीक्षाएं हो गईं तो पता चला कि पेपर लीक हो गया। इससे उन लोगों को ज्यादा दिक्कत हुई, जिन्होंने पूरे साल मन लगाकर पढ़ाई की है और परिणाम आने से पहले ही सब कुछ शून्य हो गया।



सुमेरपुर कस्बा निवासी नवनीत कुमार कहते हैं इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए, हम लोग इतनी कड़ी मेहनत के बाद परीक्षा देते है, जब परीक्षा हो जाती है तो परिणाम जानने की बड़ी उम्मीद होती है। –नवनीत कुमार।



कलौली जार निवासी दीपक कुमार का कहना है हम सरकार द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा रद करने के फैसले से खुश हैं। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। परीक्षा लीक कराने वालों के खिलाफ कड़ा कानून बनाना चाहिए।– दीपक



शहर के मेरापुर निवासी नीतेश कुमार ने कहा जब परीक्षा रद होने की खबर सुनी तो बहुत बुरा लगा, क्योंकि इस पेपर में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत की। परीक्षा में बैठे तो चंद लोगों ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। –नीतेश कुमार।



मेरापुर निवासी पवन सिंह परिहार ने कहा पुलिस में भर्ती के लिए काफी समय से पसीना बहा रहे हैं। कहते हैं पेपर आउट होने से मेरिट हाई हो जाती। उन जैसे युवाओं की मेहनत पर पानी फिर जाता। अगली परीक्षा में कड़ी मेहनत करेंगे। –पवन सिंह



राठ निवासी शिवानी साहू कहतीं हैं कि पेपर आउट होने पर उन जैसों का नंबर नहीं आता। अब आगे परीक्षा होने से पहले परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो। आगे और तैयारी से परीक्षा देंग। – शिवानी साहू।

# प्रेमिका से नाराज हो खाया जहर, मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गुरुवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खाकर प्रेमिका की शिकायत करने कोतवाली पहुंचे युवक ने जिला अस्पताल में इलाज दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डीहा डेरा निवासी पवन (26) पुत्र रामबिहारी कानपुर में काम करता था। गुरुवार को जहरीली गोलियां खाकर कोतवाली पहुंचा। हालत बिगड़ने पर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। यहां उसे कोतवाली के सिपाही सूरज वर्मा लाए। युवक का एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दो साल पहले गांव की एक महिला को वह भगाकर ले गया था और दोनों कानपुर में रह रहे थे, लेकिन उनके बीच अचानक ऐसी कोई बात हो गई कि महिला उसे छोड़कर चली आई और तलाक लेना चाहती थी। इससे क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या करने जैसा कदम उठाया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मृतक के पिता ने पंचनामा के लिए लिखकर दिया था। मृतक लगभग दो साल पहले पड़ोसी महिला को भगा कर ले गया था, लेकिन अब वह उसके साथ में नहीं रहना चाह रही थी। युवक ने आत्महत्या कर लिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्रांकः 1745 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 23.02.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह | मॉ विराट रियल स्टेट प्रा0लि0 डारेक्टर श्री पवन कुमार पुत्र रामगोपाल | सिकन्दरपुरा –2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्रांकः 1731 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 23.02.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र मुन्ना सिंह | श्री मुन्ना सिंह पुत्र हरदयाल सिंह ठाकुर | जुल्हैटी–1 | 15 | 257 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

# इंजीनियर हत्याकांड: बसपा के पूर्व विधायक शेखर तिवारी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

## लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता की दिसंबर 2008 में हुई थी हत्या

कार्यालय संवाददाता उरई



शेखर तिवारी।

**यह था पूरा मामला**

दिसंबर 2008 में औरैया के दिबियापुर में गेल कालोनी निवासी लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गुप्ता की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई थी। तब मामले में बसपा के तत्कालीन विधायक शेखर तिवारी और उनके साथियों के विरुद्ध हत्या और गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त शेखर तिवारी और अन्य सहयोगियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मामले में पुलिस ने चारों अभियुक्त शेखर तिवारी, विनय तिवारी, मनोज कुमार अवस्थी व पूती उर्फ रामबाबू पर गैंगस्टर एक्ट की धारा 3(1) में भी नामजद किया था।

**अमृत विचार।** इंजीनियर हत्याकांड में सजा पाए बसपा के दिबियापुर क्षेत्र से विधायक रहे शेखर तिवारी की शनिवार को जालौन के जिला जेल से शनिवार को जमानत हुई।

वह इंजीनियर हत्याकांड में जेल में बंद थे। बसपा शासनकाल के दौरान दिबियापुर के एक सरकारी गेस्ट हाउस में अधिशासी अभियंता मनोज गुप्ता की 2008 में पीट-पीट कर हत्या कर देने के मामले में उन्हें अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। वह जालौन के जिला जेल में सजा काट रहे थे। 15 वर्ष बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल सकी। ज्ञात हो कि इंजीनियर हत्याकांड में साक्ष्य छिपाने के आरोप में दिबियापुर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष व शेखर तिवारी की पत्नी विभा तिवारी को भी चार साल की सजा सुनाई गई थी। इंजीनियर हत्याकांड की रिपोर्ट दिबियापुर थाने में दर्ज थी। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट संजय कुमार सिंह की अदालत ने इंजीनियर मनोज गुप्ता हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व बसपा विधायक तिवारी व उनके तीन सहयोगी को 5-5 साल कठोर कारावास और 8-8 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। जिसमें विनय तिवारी, मनोज कुमार अवस्थी व रामबाबू को गैंगस्टर के मामले में दोषी करार दिया।

# जिला प्रभारी ने एंबुलेंसों का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● एम्बुलेंस का रिस्पांस टाइम कम होने से बचेगी ज्यादा से ज्यादा मरीजों की जान

**अमृत विचार।** कस्बे में शनिवार को 108 और 102 एंबुलेंस सेवा के जिला प्रभारी कपिल वैष्णव ने सभी एंबुलेंस का औचक निरीक्षण कर पायलटों और सभी ईएमटी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कहा कि सड़क हादसे में घायल मरीजों को सही समय पर इलाज मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है। इसके लिए समय पर एंबुलेंस से मरीज का अस्पताल में पहुंचाना जरूरी है। सभी एंबुलेंसों में जीवन रक्षक दवाइयां व उपकरण उपलब्ध रहते है। जिसे लखनऊ के डॉक्टर के परामर्श से मरीजों को दिया जाता है। हर जरूरतमंद मरीज को समय से एम्बुलेंस मिल सके इसके लिए जिले में 108 के 18 व 102 की 16 एंबुलेंस चलाई जा रहीं है। 108 एंबुलेंस को हॉटस्पॉट पर खड़ा किया जाता है। जिसका मकसद है जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस की सेवा पहुंचने में कम से कम समय लगे और गंभीर मरीजों को समय से इलाज मिल सके। सभी 108 व 102 एम्बुलेंस कर्मचारी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए। जिला प्रभारी कपिल वैष्णव ने बताया कि कॉल आते ही सभी एम्बुलेंसों में तैनात कर्मी जनता की सेवा के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा करना ही इस दौर में परम कर्तव्य है। मुसीबत में फंसे लोगों को राहत पहुचाते हैं।



टैबलेट दिखाते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं को वितरित किए टैबलेट

**कुलपहाड़ महोबा।** जय बुन्देलखंड महाविद्यालय में एमए और एम कॉम के छात्र छात्राओं को टेबलेट और मोबाइल का वितरण किया गया। टैबलेट, मोबाइल पाकर छात्र- छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। टैबलेट पाने के बाद छात्राएं खुशी से झूमतीं नजर आईं। बच्चों के घर टैबलेट पहुंचने पर उनके परिवार के लोग भी खुश दिखे।

मालूम हो कि प्रदेश सरकार द्वारा महाविद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट मोबाइल वितरण कर रही है। इसी योजना के तहत शनिवार को नगर के जय बुंदेलखंड महाविद्यालय में एमए एवं एम कॉम के छात्र - छात्राओं को टैबलेट का वितरण प्रभारी प्राचार्य डॉ कल्पना अवस्थी एवं विद्यालय के निदेशक छोटेलाल एडवोकेट, प्रवक्ता कृष्णकांत प्रजापति के हाथों से किया गया। टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से झूम उठे। महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि अब जमाना बदल गया है शिक्षा के क्षेत्र में भी तकनीक आ जाने से अब छात्रों को टैबलेट मोबाइल लैपटॉप कब वितरण कराया जा रहा है। सरकार ने छात्र-छात्राओं की इस जरूरत को देखते हुए महाविद्यालय में टैबलेट और मोबाइल वितरित करा दिए। अब छात्राएं भी टैबलेट मोबाइल का सदुपयोग करके मेहनत से पढ़ाई करें। जिससे सरकार की मंशा पूरी हो सके। इस अवसर पर इखलाक अहमद, पुष्पा सेन आदि रहीं।

# केंद्रीय बलों के ठहराने के लिए विद्यालयों का किया निरीक्षण

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा ने लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय एवं पुलिस बल ठहराने के लिए कस्बे के युगचेतना महाविद्यालय के साथ केपी इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अतिसंवेदनशील गांव इंगोहटा के क्रिटिकल एवं बर्नलेबल मतदेय स्थलों एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाद में उन्होंने समाधान दिवस में हिस्सा लेकर शिकायतों को सुनकर शीघ्र निपटारे के आदेश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय एवं पुलिस बल ठहराने के लिए कस्बे के युग चेतना महाविद्यालय के साथ केपी इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर पानी बिजली साफ सफाई आदि की जानकारी ली। इसके बाद वह क्षेत्र के अति संवेदनशील गांव इंगोहटा पहुंची और यहां स्वर्गीय पंडित लक्ष्मीचंद्र इंटर कॉलेज में बनने वाले मतदेय स्थल एवं मतदान केंद्रों का निरीक्षण दिशा निर्देश दिए।



कुरारा में गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे लगवाने को प्रेरित किया

कुरारा (हमीरपुर)

● पुलिस अधीक्षक ने कुरारा कस्बे में किया पैदल गश्त

**अमृत विचार।** शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक माया राम ने थाना कुरारा में पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने व्यापारियों/ दुकानदारों से वार्ता कर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने को प्रेरित किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, प्रभारी निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

# लेखपाल संघ की चुनावी तिथि घोषित हलचल हुई तेज

**कुलपहाड़. महोबा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा कुलपहाड़ तहसील कार्यकारिणी का निर्वाचन की तिथियां घोषित हो गई हैं। चुनाव लड़ने के इच्छुक लेखपालों ने अभी से अपने साथियों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। लेखपाल संघ का चुनाव 5 मार्च को कराए जाने का निर्णय लिया गया है। चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। इससे चुनावी प्रक्रिया तेज हो गई।

तहसील लेखपाल संघ की बैठक में बताया गया कि लेखपाल संघ की कार्यकारिणी का कार्यकाल 25 नवम्बर 2023 को समाप्त हो चुका है। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया है कि पांच मार्च को उपशाखा तहसील कार्यकारिणी कुलपहाड़ का चुनाव कराया जायेगा। इसकी तिथि भी घोषित कर दी गई है। साथ ही सभी लोगों से निर्वाचन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अपील की गई है।लेखपाल साथियों से संपर्क करने में भी जुट गए हैं।

# बिना पर्चे दवा देने में विक्रेता फंसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



जांच के दर से दुकान बंद करता दुकानदार। अमृत विचार

● अनजान लोगों के दवा मांगने पर दुकानदारों ने दे दी दवा

**अमृत विचार।** एंटी माइक्रोबियल संक्रमण से संबंधित जीवाणुओं के द्वारा विभिन्न एंटीबॉयोटिक्स के प्रति पायी जा रही प्रतिरोधक क्षमता के बढ़ते प्रकरण पर जिला प्रशासन गंभीर हो गया है। विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर जन सामान्य के द्वारा बिना चिकित्सीय पर्चे के दवा खरीद पर प्रभावी रोक

लगाने की कवायद इसी कड़ी में शुरू की गई है। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के निर्देश पर छापेमारी शुरू हो गई है। औषधि विक्रेता फर्म द्वारा उनकी आपूर्ति किये जाने के संबंध में गोपनीय तरीके से मुखवीर को भेजकर कोरेक्स सिरप, फेंसेडी सिरप, 400 एमजी तथा सिप्लॉक्स आई ड्रॉप सहित कईऔषधियों को खरीदने के निर्देश दिये गये। मेसर्स न्यू चौहान मेडिकल स्टोर, नारूपुरा, मेसर्स अपना मेडिकल स्टोर सुभाषचौकी, मेसर्स जनता मेडिकल स्टोर ऊदल चौक एवं मेसर्स अनुपम मेडिकल स्टोर ऊदल चौक में छापेमारी की गई। फर्म द्वारा अवैध तरीके से बिना चिकित्सीय पर्चे के एण्टीबॉयोटिक्स की आपूर्ति तो नहीं की जा रही है। इसकी जांच की गई।

जाँच करने के बाद पाया गया कि मेसर्स अपना मेडिकल स्टोर, मेसर्स अनुपम मेडिकल स्टोर, में उक्त श्रेणी की दवाएं बिना चिकित्सीय पर्चे के बांटी जा रही थीं। संबंधित फर्मों को चेतावनी जारी करते हुए घटना की पुनरावृत्ति न करने के निर्देश दिये गये।

मेसर्स शुक्ला मेडिकल स्टोर भटीपुरा, मेसर्स स्वाती मेडिकल स्टोर छोटा रमना चरखारी, धुरिया मेडिकल स्टोर छोटा रमना, मां काली मेडिकल स्टोर छोटा रमना, मेसर्स मदर्स मेडिकल स्टोर देवगनपुरा पनवाड़ी, मेसर्स प्रजापति मेडिकल स्टोर अजनर का निरीक्षण आशुतोष कुमार चौबे, औषधि निरीक्षक ने उक्त मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। फर्मों से कुल 8 संदिग्ध औषधियों के नमूने जॉच के लिए भेजे गए।

# कार की टक्कर से गिरे वृद्ध की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** घर के बाहर चबूतरे पर बैठे वृद्ध को एक कार बैक करने से टक्कर लग गई। जिससे गिरने से गम्भीर चोट आईं। आनन फानन इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कस्बे के मोहल्ला मीरा तालाब निवासी कालीचरण (85) पुत्र पूरन शनिवार दोपहर धूप लेने के लिए अपने चबूतरे पर बैठा था। तभी एक कार की पीछे से हल्की टक्कर से वह गिर गया। उसके पुत्र बबलू और मोहल्ले वालों के सहयोग से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र बबलू की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में मृतक के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर कहा बृद्ध की गिरने मौत हुई है। वह पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

# अनियमितता पर दो दुकानों के लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● अभिलेखों में रखरखाव सही न मिलने पर तीन दुकानों को दिया कारण बताओ नोटिस

**अमृत विचार।** किसानों को गुणवत्तायुक्त कीटनाशक रसायन उपलब्ध कराने के साथ उन्हें निर्धारित दर पर बिक्री सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को निजी प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। इसमें रसायन के दो नमूने संग्रहीत किए गए। तीन दुकानों में अभिलेखों में रख-रखाव सही ढंग से न मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया व दो प्रतिष्ठानों पर अनियमितता के चलते लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। यह कार्रवाई कृषि विभाग ने की।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा. इन्द्रेषु कुमार गौतम ने बताया तहसीलदार राठ के नेतृत्व में उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने 13 कीटनाशक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। मौदहा में तहसीलदार के साथ उन्होंने आठ प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दो नमूने लिए। साथ ही एक दुकान में अभिलेखों का रख-रखाव सही ढंग से न मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी की गई। वहीं कीटनाशक रसायन के दो विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। बताया कि सरीला में तहसीलदार के नेतृत्व में अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी पवन सिंह ने सात दुकानों का औचक निरीक्षण किया। तीन को अभिलेखों का रख-रखाव सही ढंग से न होने के पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। छापेमारी के दौरान रसायन विक्रेताओं को रसायन बिकी पर अनिवार्य रूप से कैश मैमो देने के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर, बिकी रजिस्टर व रेट बोर्ड को अद्यतन करने के निर्देश दिए। नमूनों को जांच के लिए भेजेंगे।

श्रीमद्भागवत | कथाव्यास ने समापन पर बहाई भक्ति की धारा

# श्रीकृष्ण–सुदामा का प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)



कथा सुनाते कथा व्यास चिंतपूर्णानंद सरस्वती।



भक्ति रस में डूबे श्रोतागण। अमृत विचार

● कथा व्यास ने मित्रता धर्म के बारे में बताया, कथा यजमान रमाबाई दीक्षित रहे

**अमृत विचार:** श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग के साथ कस्बे में चल रही श्रीमदभागवत् का समापन हो गया। कथा व्यास स्वामी चिंतपूर्णानंद सरस्वती (वृंदावन) ने सुदामा चरित्र का बड़े ही सुंदर ढंग से वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा का रसपान कर श्रोतागण भावविभार हो गये।

कस्बे के नरैनी रोड में चल रही भागवत कथा का समापन बुधवार को सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। कथाव्यास स्वामी चिंतपूर्णानंदसरस्वती ने सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही उसकी मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि सुदामा संसार मे श्रीकृष्ण के सबसे अनोखे भक्त थे। वह जितने गरीब नजर आते थे, मन से उतने ही धनवान थे। सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जा पहुँचते हैं और द्वार पर खड़े प्रहरियों से कहते है कि वह कृष्ण के मित्र है और अंदर राजमहल में जाकर उनसे मिलना चाहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है। एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र सुदामा को रोककर गले लगा लेते हैं। इस प्रकार कथा व्यास ने मित्रता धर्म के बारे में बताया। कथा यजमान रमाबाई दीक्षित ने हवन पूजन कर कथा का समापन किया। कथा पंडाल में राजा मिश्रा, हरिहर मिश्रा, विष्णुदेव तिवारी, रमेश शर्मा, आरती, लक्ष्मी, दीपक शुक्ला आदि श्रोतागण उपस्थित रहे।

# महिलाओं को किया गया जागरूक

**हमीरपुर।** जनपद में पुलिस का मिशन शक्ति अभियान फेजफोर जारी है। शनिवार को विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया।

पुलिस टीम अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बालिकाओं/महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच व उनके अधिकारों के मामले में जागरूक कर रही हैं। इसी क्रम में यूपी 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया। वहीं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112/1090/ 102/108/1098 आदि से अवगत कराया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं/ बालिकाओं को जानकारी दी गई। हेल्पलाइन नंबर आदि के पम्पलेट वितरित किए गए।

## सार-संक्षेप



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में पार्टी के विभिन्न कैडर के पदाधिकारियों को मनोनीत किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष पद पर सुनील यादव, मुलायम सिंह लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह राजपूत व मजदूर सभा का राष्ट्रीय महासचिव नारायण दास अकेला बनाया गया। जबकि सुरेंद्र यादव को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा परमात्मा दीन कुशवाहा, गया प्रसाद अनुरागी व राजा भैया कैथी को जिला सचिव बनाया गया। जबकि भूपेश वर्मा को कुरारा नगर अध्यक्ष, प्रिया यादव को राठ छात्र सभा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अमर दीप यादव, छात्र सभा राष्ट्रीय सचिव तिंदवारी से बिलाल फारूकी, ओम प्रकाश सोनकर वारसी, मुन्नी लाल निषाद प्रदेश सचिव, नंद किशोर शिवहरे, जगमोहन यादव, सलीम यादव, नीरज निषाद, सोनिया सोनी, सबीना नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा सुमेरपुर, ज्ञान सिंह यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश विश्वकर्मा जिला सचिव ने किया।



छात्रसभा के पदाधिकारी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### छात्र सभा जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**सुमेरपुर।** समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सुनील यादव के प्रथम बार कस्बा आगमन पर प्रदेश सचिव के नेतृत्व में स्वागत किया गया। छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने मकरांव निवासी सुनील यादव को जिलाध्यक्ष नामित किया है। प्रथम बार कस्बा आगमन पर व्यापारिक प्रतिष्ठान में जोरदार स्वागत किया गया। सैनिक सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष बदलू फौजी, संजय यादव, फैसल खान, प्रभात यादव, हरिशंकर यादव, जितेंद्र यादव, मनीष यादव, शिवशरण यादव, अभिलाष श्रीवास आदि सपाई मौजूद रहे।



सामूहिक विवाह सम्मेलन में वरमाला डालते वर वधु। अमृत विचार

### 11 जोड़ों ने शुरू किया नया जीवन

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के गायत्री तपोभूमि प्रांगण में बुंदेलखंड किसान सेवा समिति एवं अहिंसा दल के तत्वावधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 11 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनसाथी चुना। शनिवार को गायत्री तपोभूमि प्रांगण में संपन्न हुए सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में मोहिनी संग सोनू, रागिनी संग प्रेम प्रकाश, प्रिया संग अनिल, सोनम संग अजय, रागिनी संग सचिन, ललिता संग राजकिशोर, ज्योति संग राम सिंह, सीता संग सुनील, मोहिनी संग जितेंद्र कुमार, गुंजा संग सचिन, पूनम संग प्रेम सिंह ने एक दूसरे को वरमाला पहनकर जीवनसाथी चुना। मुख्य अतिथि चन्दपुरवा बुजुर्ग के पूर्व प्रधान राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल ने मौजूद रहकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम आयोजक राजकुमार सोनी पूरी टीम के मौजूद रहे।




जखेला में ओलावृष्टि से नष्ट फसल का सर्वे करती राजस्व टीम। अमृत विचार

### राजस्व टीम ने ओलावृष्टि से नष्ट फसलों का किया सर्वे

**कुरारा हमीरपुर।** विकासखंड क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से जखेला मौजा की 125 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। राजस्व विभाग की टीम फसलों का सर्वे करने में लगी हुई हैं। विकासखंड क्षेत्र में 20 फरवरी मंगलवार की शाम पांच बजे तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से एक दर्जन गांवों के किसानों की लहलहा रही मटर, मसूर, चना, गेहूं लाही, सरसों की फसलें बर्बाद हो जाने से किसानों के सामने आने वाले समय में भुखमरी का संकट पैदा होने का खतरा है। इससे उनके चेहरे मुरझाए हुए हैं। शनिवार को जखेला गांव में राजस्व विभाग के लेखपाल गौरी शंकर, घनश्याम कमल ने किसानों की फसलों का सर्वे किया। उन्होंने बताया कि एक से 25 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी चना, मटर, गेहूं, मसूर, लाही, सरसों पर ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। कहा सर्वे कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजेंगे।

### साहब! जिंदा हूं, मेरी वृद्धावस्था पेंशन मत रोकिये



पेंशन को लेकर ज्ञापन देने आई वृद्धा।

**राठ (हमीरपुर)।** राजस्व कर्मियों द्वारा एक वृद्धा को मृत दिखाकर उसकी पेंशन रोकने का मामला सामने आया है। वृद्धा ने अधिकारियों के सामने पेश होकर वृद्धावस्था पेंशन दिलाने की गुहार लगाई है। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी वृद्धा जमुनिया पत्नी भगवान दास ने बताया कि बीते कई वर्षों से उसे वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी। बताया कि कुछ महीनों से उसकी पेंशन आना अचानक अपने आप बंद हो गई। बताया कि लापरवाह राजस्व कर्मचारियों ने सत्यापन करने के नाम पर उसे मृत दिखा दिया है। जबकि वह जिंदा है। बताया कि उसने प्रशासनिक अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कागजों में उसे जिंदा दिखाने और उसकी वृद्धावस्था पेंशन को पुन: सुचारू रूप से चालू कराए जाने की गुहार लगाई है। मामले में प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच करते हुए वृद्ध महिला की पेंशन पुन: चालू कराई जाएगी।

### बेवा ने मकान व प्लाट में अवैध निर्माण, कार्य रोकने को गुहार

**हमीरपुर।** मकान व प्लाट में कब्जा के मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद दबंग युवक द्वारा निर्माण कराए जाने आहत पीड़िता बेवा ने पुलिस अधीक्षक से निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है। कहा कि अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते न्यायालय से स्टे नहीं मिल पा रहा है। शहर के मेरापुर वार्ड 10 निवासी रामसखी पत्नी स्व.रामप्रकाश ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके मकान व प्लाट में अशोक पुत्र रमदी जबरिया कब्जा करके निर्माण कर रहा है। मना करने पर झगड़ा करने पर आमद हो जाता है। बताया कि उसने इस बावत न्यायालय सिविल जज जू.डि. में मुकदमा दायर किया था। जिसमें न्यायालय द्वारा 21 मार्च तक स्टे लगाया गया है।

# विधायक निधि से बन रहे प्रतीक्षालय को क्षेत्रीय दबंगों ने जेसीबी से ढहाया

## आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी की घटना, कार्यदायी संस्था कर रही कार्रवाई की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी में विधायक निधि से बन रहे यात्री प्रतीक्षालय को इलाके के दबंगों ने जेसीबी से ढहा दिया। इस पर कार्यदायी संस्था लघु उद्योग निगम ध्वस्तीकरण पर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

विगत माह आयोजित श्रीमद्भागवत कार्यक्रम में विशिष्टजन के आगमन के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आधुनिक विद्यालय पंचायत भवन की घोषणा हुई थी। हाइवे से कार्यक्रम स्थल तक रातोरात बनाये गये डामरीकरण युक्त मार्ग से गांव के चौमुखी विकास में चार चांद लग गये। आयोजन के दौरान स्थानीय विधायक विनोद चतुर्वेदी से सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा यात्री प्रतीक्षालय बनवाये जाने की मांग की थी। कहा कि उरई-कालपी जाने के लिए वाहनों के इंतजार में घण्टों खड़े रहना पड़ता है। चाहे धूप हो या फिर बरसात व सर्दी का मौसम वाहन के रुकने तक भारी परेशानी का सामना खुले आसमान के नीचे करना पड़ता है। अगर जनसुविधा के चलते प्रतीक्षालय का निर्माण करा दिया जाये तो अति उत्तम होगा। ग्रामीणों तथा मतदाताओं की मांग को उचित समझते हुए विधायक ने कार्यदायी संस्था लघु उद्योग प्रयागराज के अधीक्षण अभियन्ता को विधायक निधि से बजट आवंटित करते हुए उक्त प्रतीक्षालय बनाये जाने की संस्तुति की।



ध्वस्त किया गया निमार्णाधीन प्रतीक्षालय। अमृत विचार

इस पर नेशनल हाइवे सीमा परिधि मध्य सड़क से 220 फीट की सीमा क्षेत्र में अधिशाषी अभियन्ता द्वारा विगत दिनों निर्माण कार्य शुरु कर चबूतरा बनाये जाने की कार्यवाही की गयी थी। गुरुवार को जेसीबी से विधायक निधि से निर्माणाधीन चबूतरे को तहस नहस कर दिया। नवनिर्मित प्रतीक्षालय के ध्वस्तीकरण कर देने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। अधिशाषी अभियन्ता सत्यम उपाध्याय ने बताया कि अधीक्षण अभियन्ता को अवगत कराकर विधिक कार्यवाही की जा रही है । वहीं ग्रामीणों ने डीएम जालौन से मांग की है कि प्रतीक्षालय ध्वस्तीकरण करने वाले पर कार्रवाई कर क्षतिपूर्ति वसूली की जाये। कार्यक्रम व्यवस्थापक सौरभ द्विवेदी रहे। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महान, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह समेत कई अधिकारियों ने शिरकत की थी।

# दिल्ली में कल 'अपनो बुंदेलखंड' कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, उरई

- बुंदेली भाषा में फिल्म बनाने का प्रस्ताव रखा जाएगा : राजा बुंदेला

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड विकास आयोग के उपाध्यक्ष व फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने बताया कि रविवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा के आवास परिसर में 'अपनो बुंदेलखंड' कार्यक्रम आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बुंदेलखंड के खनिज की अपार संभावनाएं है। यहां का हर बुंदेलखंडी अन्य इलाकों के लोगो की अपेक्षा अधिक मेहनतकश है, मगर बेरोजगारी की वजह ज्यातर बुंदेलखंड के भाईयों को मेहनत मजदूरी के लिए दूसरे प्रांतों को पलायन करना पड़ रहा है। इसके लिए ठोस प्रस्ताव इस बैठक में लाया जाएगा कि रोजगार के लिए भटक रहे युवाओं को बुंदेलखंड में ही मिल सके। इसके अलावा इस बैठक में बुंदेलखंड के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए भोजपुरी फिल्मों की तर्ज पर बुंदेली भाषा में फिल्म बनाने का प्रस्ताव रखा जाएगा।



राजा बुंदेला।

बुंदेलखंड के राजनैतिक व सामाजिक विकास पर भी चर्चा की जाएगी। इस पर विचार विमर्श किया जाएगा कि बुंदेलखंड के ललितपुर जनपद के क्षत्रिय के बुंदेला खानदान में जन्मे हैं। बकौल राजा बुंदेला , एक दशक पहले उन्होंने कांग्रेस पार्टी में रहकर बुंदेलखंड के विकास के लिए पुरजोर कोशिश की मगर कांग्रेस सरकार ने बुंदेलखंड के विकास के लिए कुछ नहीं किया। इसी से आहत होकर उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा सरकार ने उन्हें बुंदेलखंड विकास आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। राजा बुंदेला ने कहा कि दिल्ली, मुंबई में बुंदेलखंडवासियों को एकजुट करने का प्रयास सफल रहा ।

## सार-संक्षेप

### उरई की गल्ला मंडी में सट्टा खुलेआम

**उरई।** जिला मुख्यालय उरई में सट्टा बाजार जोरों पर चल रहा है। खुलेआम हो रहे सट्टे पर पुलिस की कार्रवाई भी नहीं रोक पा रही है। सट्टा खिलावाना इन बेखौफ सटोरियों पर सत्तासीन नेता का वरदहस्त है। उरई गल्ला मंडी में सुबह से सट्टा बाजार सज जाता है। सट्टा बाजार में गल्ला मंडी में गल्ला बेचने आए किसान और युवक सटोरियों के शिकार हो रहे हैं। यहां तक कि नाबालिग, छात्र भी सट्टे में जेब खर्च की रकम गंवा रहे हैं। सूत्रों से पता चला है कि गल्ला मंडी के सट्टे में कई छात्र और युवक अपने घरों से रुपए चोरी कर सट्टा खेलते हैं। मुंह में कपड़ा बांध कर दांव लगाते लोग देखे जा सकते हैं। मालूम रहे कि दो दिन पहले कोतवाली पुलिस ने एक सटोरिए को रंगे हाथो गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फिर भी नही सट्टे का खेल बंद नहीं हो रहा है। गल्ला मंडी में सट्टे की पर्ची लिखता एक सटोरिया कैमरे में कैद कर वायरल किया गया है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।



गल्ला मंडी का सटोरिया व उसके सहयोगी। अमृत विचार

### तमंचे के साथ गिरफ्तार

**माधौगढ़-जालौन।** पुलिस को चेकिंग के दौरान अभियुक्त लालू उर्फ मनोज पुत्र कालीचरन बाथम निवासी ग्राम डिकौली पुलिस को देखकर भागने लगा। तभी पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी में पुलिस को उसके पास से तमंचा बरामद हुआ।

### गौशाला में सीसीटीवी कैमरे जरूरी

**माधौगढ़ ।** खंड विकास अधिकारी ने सचिवों के साथ एक महत्वपूर्ण साप्ताहिक बैठक कर निर्देश दिए हैं कि गौशाला में सीसीटीवी कैमरे होना अनिवार्य है । गौशाला में हरा चारा भूसा पेयजल की व्यवस्था भी दुरुस्त होना चाहिए। बीडीओ ने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरों को मजदूरी उपलब्ध करवाई जाए। हर ग्राम में सफाई की व्यवस्था दुरस्त होनी चाहिए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में तेजी लाएं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आवेदन ज्यादा ऑनलाइन करवाएं।

# परासन में नौ दिन तक यज्ञ व रामलीला

कार्यालय संवाददाता उरई

- ओलावृष्टि के चलते राम लीला व भंडारे में देरी

**अमृत विचार।** बाल ब्यास के पिता ऋषि पाराशर की तपो भूमि बेत्रवती के किनारे बसे कालपी तहसील के परासन गांव में हुआ भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। 10 हजार की आबादी वाले परासन गांव से जुड़े है आधा दर्जन मजरे के लोग शिरकत कर रहे थे। नौ दिनों से दिन में यज्ञ और रात में रामलीला का आयोजन हो रहा था। यज्ञ समाप्ति के बाद शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। गांव की सैकड़ों महिलाओं ने 32 कुंतल आटे की पुड़िया बेली। और एक दर्जन ब्राह्मणों ने पूड़िया कड़ाही में सेंकी। इस भंडारे के प्रसाद के तौर पर 10 क्विंटल बूंदी का भी वितरण किया गया। श्री रामजानकी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस इस यज्ञ और भंडारे में दर्जनों मुस्लिम भाईयो ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। समित के अध्यक्ष झल्लू सिंह, जय नारायण तिवारी, जितेंद्र सिंह, अशोक तिवारी,श्याम महाराज, ,अवधेश सिंह बबलू,सुधीर सिंह, करन सिंह, शेर सिंह, शिव कुमार तिवारी, ब्रजनारायण तिवारी की दिन रात की मेहनत और कठिन परिश्रम से यज्ञ और भंडारे का आयोजन सफल रहा। शंकर जी के स्थान पर आयोजित यज्ञ और भंडारे का सफल संचालन शिव प्रसाद सिंह ने किया। भंडारे एवम यज्ञ संचालन के लिए व्यवस्था, स्वागत आदि के लिए समेत एक दर्जन समितियां बनाई गई थीं। इनमें शामिल एक सैकड़ा युवकों पूरे दस दिन कड़ी मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। भंडारे में संत,महात्मा,गरीब,अमीर हजारों पुरुष ,महिलाओं,और बच्चो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संचालक शिव प्रसाद सिंह ने बताया कि यज्ञ का अयोजन पिछले पांच सालो से प्रतिवर्ष निर्धारित तिथि पर होता चला आ रहा है। भंडारे का आयोजन 23 फरवरी शुक्रवार को होना था, मगर 20 फरवरी को ओलावृष्टि और आए तूफान से यज्ञ एवं रामलीला के पंडाल उड़ गए और लाखो का सामान भीग कर खराब हो गया। 21 फरवरी की रात में राम लीला का मंचन नही हो सका। इसी लिए सामान और व्यवस्था दुबारा दुरुस्त की गई और एक दिन बाद भंडारे का आयोजन हो रहा है।



परासन में होता भंडारा। अमृत विचार

# लोडर में मिला चालक का शव

**कालपी-जालौन।** संदिग्ध परिस्थितियों में लोडर चालक का शव उसकी गाडी में ही मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शनिवार सुबह राहगीरो ने पुलिस को सूचित किया था कि जोल्हूपुर और छौक के मध्य हाईवे पर एक लोडर वाहन खडा है और उसकी चालक सीट पर एक व्यक्ति मृत पडा है। सूचना को संज्ञान में लेकर मौके पर पहुँचे ज्ञान भारती पुलिस चौकी इन्चार्ज अभिषेक सिंह ने शव को कब्जे में लिया और तलाशी ली तो मृतक की पहचान अरूण कुमार त्रिपाठी पुत्र रामनारायण त्रिपाठी उम्र 68 वर्ष निवासी बर्रा 8 कानपुर में हुई है। पुलिस के अनुसार वह सुबह कानपुर से लोडर में सामान लेकर उरई के लिए निकला था लेकिन वह अपने गन्तव्य तक पहुंच पाता इससे पहले उसकी मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार सम्भवतः उसकी मौत सर्दी या दिल का दौरा पड़ने से हुई है लेकिन मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।



उरई में सामूहिक विवाह समारोह में साथ बैठे नवदंपति। अमृत विचार

# सामूहिक विवाह : आधा दर्जन जोड़े एक-दूजे के हुए

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन

**अमृत विचार।** पाल बघेल विकास महासभा का 12वां सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन महाकवि कालीदास उ. मा. विद्यालय लहारियापुरवा में शनिवार को सम्पन्न हुआ। समारोह में आधा दर्जन जोड़े एक-दूजे के हुए।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन श्री श्री 1008 गंगाराम महाराज हनुमान गढ़ी अयोध्या धाम अयोध्या द्वारा किया गया। सामूहिक विवाह समारोह में जो जोड़े शामिल हुए उनमें भगवान सिंह पाल संग प्रीति पाल, जितेन्द्र पाल संग साधना पाल, रोहित पाल संग अंजनी पाल, प्रदीप पाल संग रामायणती पाल, शीपू पाल संग आरती पाल, अर्जुन पाल संग राधा देवी पाल शामिल रहे। नवदम्पति को संगठन के संरक्षक एवं पूर्व सांसद तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष पाल बघेल विकास महासभा श्रीराम पाल, संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाल फौजी, जिला संरक्षक लल्लूराम पाल लोहई, जिला महासचिव प्रयाग नारायण पाल, जिला कोषाध्यक्ष संजीव कुमार पाल सर, युवा जिलाध्यक्ष सुनील पाल अमखेड़ा आदि ने वर-वधू को आर्शीवाद देते हुए लम्बी उम्र की कामना की। सामूहिक समारोह के उपरांत संगठन के द्वारा दैनिक उपयोगी सामान भी भेंट किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राजाराम पाल पूर्व सांसद, प्रमुख अतिथि के रूप में प्रकाश पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कानुपर बुंदेलखंड क्षेत्र मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शम्भू दयाल बघेल वरिष्ठ अधिवक्ता हाईकोर्ट गवालियर एवं राजकुमार पाल पूर्व विधायक प्रदेश अध्यक्ष अपना दल एस पूजा पाल विधायिका, राकेश पाल डायरेक्टर उ. प्र. राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड मौजूद रहे।

# गांजा की तस्करी में महिला सहित दो को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, उरई

- पुलिस को चकमा देकर एक आरोपी फरार

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशन में अवैध शस्त्र, शराब, मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी असीम चौधरी व सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में डकोर पुलिस ने एक महिला समेत दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 25 किलो गांजा बरामद किया। जबकि महिला तस्कर का एक सहयोगी भागने हुआ सफल, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गयी है। क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि डकोर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने थाना क्षेत्र के जैसारी कला गांव में मुखबिर की निशानदेही पर एक घर में दबिश दी। वहां पर मौजूद जैसारी कला निवासी गांजा तस्कर पूजा देवी व रामहेत गुप्ता को गिरफ्तार किया। जबकि पुलिस को चकमा देकर तीसरा आरोपी अजय कुमार गुप्ता फरार हो गया। पुलिस ने मौके से 25 किलो गांजा बरामद किया है। सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि एक आरोपी फरार चल रहा है।




रविदास जयंती के मौके पर मंचासीन अतिथि। अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन

**अमृत विचार।** संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह रविदास विकास संस्थान करमेर रोड़ उरई पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उरई नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का संचालन जगदेव प्रसाद ने किया। आयोजक रविदास विकास संस्थान उरई द्वारा छात्र-छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्याम करन अध्यक्ष, एपी भारती पूर्व अध्यक्ष, मानिक चन्द्र पूर्व अध्यक्ष, महेश शिरोमणि, रामसनेही बाबू, लल्लू राम त्यागी, शोभाराम, गोविंद दास, रामेश्वर, स्वामी नारायण, मंशाराम, गंगा प्रसाद,रतन सिंह, सुन्दर लाल मुसमरिया, मुन्ना लाल आदि रहे।

### जालौन में दो शिकायतें आईं

जालौन। समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी फरयादियो की समस्या जालौन थाना गोहन परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता माधौगढ नायब तहसीलदार भुवनेंद्र कुमार सिंह ने की। समाधान दिवस में उनके समक्ष भूमि विवाद व पुलिस से संबंधित दो शिकायते के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। टीम गठित कर दोनो शिकायतो का मौके पर जाकर करा दिया गया इस दौरान नायब तहसीलदार भुवनेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी कर्मचारी कार्य कर रहे है आने बाली शिकायतो का त्वरित रूप से निस्तरण किया जा रहा है, जिससे किसी भी फरियादी को मायूस होकर न लौटना पड़े ।हम सभी का दायित्व है कि समय से शिकायतो का निस्तारण कराएं।



कालपी में समाधान दिवस पर मौजूद अफसर। अमृत विचार

# समाधान दिवस में आईं पांच शिकायतें

**कालपी-जालौन।** शनिवार को कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर पांच शिकायते आईं। उसमे तीन का मौके पर निस्तारण किया गया।

जमीन सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शासन ने काफी दिनों पूर्व थाना स्तर पर माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को समाधान दिवस की शुरुआत की थी जिसमे राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर ही समस्याओं के निराकरण का प्रयास करते हैं और इसी व्यवस्था के तहत शनिवार को तहसीलदार अभिनव तिवारी तथा कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद की मौजूदगी में 5 लोगो ने जमीन सम्बन्धी शिकायतें की।

कालपी | तत्कालीन विधायक ने मुख्यमंत्री योगी के यहां दी थी दस्तक

# तोड़े गए मंदिर में सात साल से देवी दुर्गा विराजमान

संवाददाता, जालौन

- निर्माण कंपनी ने नया मंदिर बनवाया, पर प्रतिमा जहां की तहां बनी

**अमृत विचार।** अयोध्या में सालों से टैंट में बैठे रामलला को तो भव्य मंदिर मिल गया और भव्यता के साथ प्राणप्रतिष्ठा हो गई। वहीं कालपी में तत्कालीन जिलाधिकारी मन्नान अख्तर ने कालपी के फोरलेन निर्माण का बहाना लेकर दुर्गा मंदिर तोड़वा दिया था। हालांकि नया मंदिर भरपाई में बना दिया गया, लेकिन दुर्गा प्रतिमा आज भी टूटे मंदिर की खुली छत पर ही है। उनकी नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा साल साल बाद भी नहीं की गई।

कालपी से तत्कालीन भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने मंदिर तोड़ने का विरोध किया था। पूर्व विधायक ने इस बात को लेकर तत्कालीन डी एम की शिकायत मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से भी की थी। तब कहीं फोरलेन निर्माता कंपनी में टूटे दुर्गा मंदिर के बगल में नया मंदिर बनाया था। कालपी का प्राचीन दुर्गा मंदिर भाजपा शासन काल 2017 में तोड़ा गया था। जबकि तोड़े गए पुराने दुर्गा मंदिर की चोटी फोरलेन निर्माण की जद में नही आ रही थी। फिर भी मंदिर की चोटी तोड़ दी गई। 2018 में बगल में नए मंदिर का निर्माण कराया जा चुका है, मगर नए मंदिर में दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सात साल बाद भी नही हो सकी है। प्रशासनिक अमले के साथ भाजपा के किसी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान भी नहीं दिया। दुर्गा जी मूर्ति आज भी खुली छत और टूटे मंदिर में विराजमान है। भक्तो द्वारा खुली छत में टीन और छप्पर रख दिए गए हैं। इसको लेकर हिंदू संगठनों व नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है। कालपी विधान सभा के पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि कालपी के दुर्गा मंदिर टूटने की अवधि में वह विधायक थे और दुर्गा मंदिर तोड़ने का पुरजोर विरोध किया था, मगर तत्कालीन जिलाधिकारी मन्नान अख्तर ने जबरदस्ती दुर्गा मंदिर को तुड़वा दिया था। अक्रोशित नगरवासियों ने कहा कि प्रशासन द्वारा तुड़वाए गए मंदिर में विराजमान दुर्गा देवी की मूर्ति की स्थापना नए मंदिर में कराई जाए। अन्यथा पुराने मंदिर की चोटी, सुराही का निर्माण शीघ्र कराया जाए।



कालपी में बना नया मंदिर व बगल में टूटा मंदिर।

# संत रविदास व संत गाडगे की मनाई गई जयंती

**माधौगढ़-जालौन।** एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक बेसिक टीचर्स एवं शिष्ट कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन जनपद इकाई जालौन उत्तर प्रदेश के पदाधिकरियो ने सिद्धिविनायक नर्सिंग कॉलेज उरई में संत शिरोमणि रविदास व स्वच्छता नायक संत गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई। जयंती के उपलक्ष्य कार्क्रम की अध्यक्षता संगीता जाटव ने की। कार्यक्रम में लल्ला सिंह व अमर सिंह आदि रहे। प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त व जिला अध्यक्ष रवि कुमार ने एसोसिएशन के नये पदाधिकरियो का मानोनयन किया। इसमें संगीता जाटव महिला प्रदेश उपाध्यक्ष, हरी शंकर शाहू, जिला संरक्षक जालौन , राजेश कुमार कुशवाहा को जिला संयोजक जालौन व गनपत सिंह अहिरवार को ब्लॉक अध्यक्ष डकोर पद पर मनोनीत किया।

# स्टैंड के लिए ई-रिक्शा व ऑटो चालकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन

- कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन निराकरण की मांग
- उरई शहर में कहीं नहीं ठौर जहां भी खड़े हो वहीं नो इंट्री का फरमान

**अमृत विचार।** शहर के ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों ने अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेंट कर समस्याओं को हल करने की मांग की।

ई-रिक्शा एवं ऑटो चालक सुमाष सिंह, सियाराम, रोहन परिहार, सुधीर कुमार पाण्डेय, राजू सहित दर्जनों चालकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए बताया कि ऑटो चालक बहुत परेशान है। शहर उरई जालौन में कहीं भी ऑटो स्टैण्ड नहीं है। ऑटो कहीं भी खड़ी है तो वही नो इंट्री होती है। शहर के अंदर ऑटो स्टैण्ड है। उसी तरह हमारे शहर उरई व जालौन में ऑटो स्टैण्ड दिलवाया जाये तथा शहर के अंदर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान किया जा रहा है और शहर के बाहर आरटीओ द्वारा चालान किया जाता है, न शहर के अंदर ऑटो सीएनजी चल पा रही है और न बाहर इस समस्या को दूर करवाये जाने की मांग उठाई है। शहर के अंदर ऑटो स्टैण्ड दिलवाया जाये तथा इन जगहों पर एक-एक ऑटो खड़ी करने की व्यवस्था की जाये।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते ऑटो चालक। अमृत विचार

# धूप निखरने से शहर की बाजारों में लौटी रौनक

## रात में सामान्य से दो डिग्री, दिन में एक डिग्री नीचे रहा पारा, खरीदारी के लिए उमड़े लोग, कई दिन से बिगड़ा था मौसम

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में बारिश ओले गिरने के दो दिन बाद मौसम ने फिर बदला। शनिवार को तेज धूप निकलते ही गांवों से लेकर कस्बों तक चहल पहल बढ़ी, बाजारों में भी रौनक दिखी। दोपहर में धूप रहने के बाद भी पारा सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा। जबकि ठंडी तेज हवा राहगीरों को सर्दी का अहसास कराती रही।

जनपद में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। शुक्रवार रात में पारा सामान्य से सवा दो डिग्री नीचे रहा। वहीं ठंडी हवा लोगों को सर्दी का अहसास कराती रही। शनिवार को भी ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। लेकिन धूप निकलते ही गांवों से लेकर कस्बों तक चहल पहल बढ़ रही। नगरीय क्षेत्रों की दुकानों में ग्राहकों के पहुंचने से दुकानदारों के चेहरे खिले दिखे। दिन में धूप निकलने के बाद भी पारा सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा। जबकि तेज रफ्तार उत्तर पश्चिमी हवा राहगीरों को सर्दी का अहसास कराती रही।



मौसम खुलने से बाजारों में बढ़ी रौनक। अमृत विचार

### खेतों में शुरू हो गई फसलों की कटाई

मौसम के रुख बदलते ही बारिश व ओलों से फसलों के नुकसान से आहत किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट रही है। धूप निकलते ही खेतों में पहुंचकर किसानों ने पकी फसल को सुरक्षित करने की कवायद तेज कर दी। आसमान साफ होने व धूप निकलते ही किसान सरसों, लाही आदि की कटाई व आलू की खुदाई के काम में जुट गए। इससे खेतों में चहल पहल बढ़ गई। धूप निकलने के बाद खेतों में पहुंचे किसान फसलों को समेटने व थ्रेंसरिंग कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

### मौसम का मिजाज बदलने से बढ़ रहे मरीज

जनपद में बदले मौसम के साथ ही बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। अस्पतालों में जुकाम, बुखार, खांसी, बदनदर्द, सिरदर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द आदि बीमारियों से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। शनिवार को भी जिला अस्पताल की ओपीड़ी में नए पुराने मरीजों की खूब भीड़ रही। इससे पर्चा बनवाने, डाक्टर को दिखाने व दवा लेने के लिए मरीजों की लाइन लगी रही।

- मौसम में आए बदलाव से बढ़ रहीं बीमारियां, अस्पतालों में हर रोज पहुंच रही भीड़

### शिकायत दर्ज कराएं

कृषि विभाग के अनुसार जिन गांवों में रबी की फसलों में नुकसान हुआ है। उसकी शिकायत किसान फसलीय बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर दर्ज करा सकते हैं, जिससे संबंधित बीमा कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे किया जाएगा।

# बारिश, ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर फेर दिया पानी

कार्यालय, संवाददाता, फतेहपुर

- ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का नहीं हो रहा सर्वे
- किसानों का आरोप दैवीय आपदा से किसान हो रहे बर्बाद

**अमृत विचार।** बीते दिनों बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि एवं तेज हवाओं के कारण किसानों की फसलों को तगड़ा नुकसान हुआ है। दलहनी, तिलहनी आदि रबी की फसलों पर तीखा प्रहार हुआ। खेतों में बिछी फसलें देख किसान बिलखने को मजबूर हो गए। उन्होंने शासन-प्रशासन से सर्वे कर मुआवजा दिलाने की आवाज उठाई है। किसानों ने बताया कि मौसम ने एक झटके में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

बीते बुधवार की शाम को अचानक मौसम ने रंग बदला। इसके बाद बारिश व ओलावृष्टि ने दस्तक दी। फिर गुरुवार की सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो हवा, बारिश, ओलावृष्टि से नष्ट हुई रबी की फसलों को देखकर परेशान हो गए। जिले के 13 ब्लाकों के सैकड़ों गांवों के खेतों में गेहूं, मटर, मसूर, चना, लाही, जौ सहित अन्य फसलों में करीब 70 से 75 फीसदी नुकसान हुआ है।

किसानों ने बताया कि दैवीय आपदा से अधिकांश फसलों का नुकसान हुआ है। तेज हवा से तो गेहूं की फसल गिर गई है, उससे खास नुकसान होने की उम्मीद नहीं है। लेकिन पकी सरसों समेत अन्य फसलें ओलों से चकनाचूर होकर खेते में ही फैल गई है। लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से फसलों के नुकसान का सर्वे नहीं कराया जा रहा है। फसलों में हुए नुकसान से किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई हैं।

# गोल्डन वन मिनट से शिशु मृत्यु दर रोकेंगे

संवाददाता फतेहपुर

- दो दिवसीय प्रशिक्षण का जल्द होगा आयोजन
- जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** गोल्डन वन मिनट का सही उपयोग कर शिशु मृत्युदर कम करने की तैयारी है। इसके लिए नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्टाफ नर्स व एएनएम को जल्द ही दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया कि कैसे बच्चे के पैदा होते ही शुरुआती गोल्डन एक मिनट का सदुपयोग कर नवजात को सुरक्षित रखा जा सकता है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अलग-अलग बैच में किया जाना है। प्रत्येक ब्लाक से स्टाफ नर्स व एएनएम को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण अस्पताल के चिकित्सकों व यूपीटीएसयू संस्था के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। इस दौरान न्यू बॉर्न केयर इकाई (एसएनसीयू) में ले जाकर प्रैक्टिकल भी दिया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। सीएमओ ने बताया कि शिशु के जन्म के बाद का एक मिनट गोल्डेन टाइम माना जाता है। इस एक मिनट में बच्चे का रोना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिशु मृत्यु का सबसे बड़ा कारण सही समय पर उपचार एवं जानकारी का अभाव है। अगर जन्म के तुरंत बाद शिशु की सही देखभाल और उपचार की जाए तो निश्चित तौर पर शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। कहा कि शिशु किसी भी परिवार में खुशी का अभिन्न अंग होता है। शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सेवा अच्छी होनी चाहिए।

### जन्म श्वासरोधक है जानलेवा

बर्थ एसफिक्सिया या जन्म श्वासरोधक एक ऐसी दशा हैं, जिसमें नवजात पैदा होने के बाद न तो रोता है और न सांस लेता हैं। यह बच्चे के मस्तिष्क में आक्सीजन की कमी के कारण होता हैं। आक्सीजन की कमी होना मुख्यता बच्चे के मुंह में गंदा पानी चले जाने, कम वजन होने की वजह से हो सकती है।

# संत रविदास के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प

संवाददाता फतेहपुर

- सनातन धर्म प्रचार मंच की बैठक का आयोजन

**अमृत विचार।** शहर के चित्रांश नगर जीपीएस स्कूल के पास संत शिरोमणि रविदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट एवं विशिष्ट अतिथि मोहनलाल पासवान, इंद्रजीत सिंह यादव एडवोकेट मौजूद रहे। आयोजक दिलीप सिंह गौतम, विनोद गौतम, भानु प्रकाश रहे। मुख्य अतिथियों ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि ने संत रविदास के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए लड़ाई लड़ी, आज हमें आपस में मिलजुल करके एक दूसरे को समाज से जोड़ने का काम करना है और आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार तिलक ने किया। इस मौके पर दिलीप सिंह गौतम, विनोद गौतम, भानु प्रकाश, फूल सिंह मौर्य, गंगाराम, रमाशंकर गौतम, रामस्वरूप गौतम एडवोकेट, शिव प्रताप मौर्य, बदलू प्रसाद, सुनीता गौतम, कुसुम देवी, रोशन सिंह, धीरेंद्र सिंह यादव एडवोकेट सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



संत शिरोमणि रविदास जयंती में चित्र पर मल्यार्पण करते पालिकाध्यक्ष व अन्य।

**माल्यार्पण कर किया गया याद: बिंदकी फतेहपुर।** संत रविदास की जयंती के मौके पर उनके प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया। आयोजित एक गोष्ठी में उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर चर्चा की गई। कहा गया कि संत रविदास महान समाज सुधारक थे। उनका मानना था कि इंसान इंसान में भेदभाव नहीं करना चाहिए।

शनिवार को नगर के मोहल्ला मीरखपुर स्थित संत रविदास मंदिर में उनकी जयंती के मौके पर लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हे नमन किया गया। बाद में संत रविदास मंदिर परिसर में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने संत रविदास के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर चर्चा की। कहा गया कि संत रविदास महान समाज सुधारक थे। उन्हें हमेशा हमेशा याद रखा जाएगा। संत रविदास का मानना था कि इंसान इंसान में भेदभाव कभी नहीं करना चाहिए। सबको बराबरी का सम्मान का दर्जा मिलना चाहिए। उनके द्वारा कहे गए शब्द मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी लोगों के जीवन में प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर लोगों ने बिंदकी कस्बे के ललौली चौराहे में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस मौके पर दयाराम बाबा, राकेश, रामगोपाल, बदलू राम, सुशील कुमार, सभासद महेंद्र साहू, सभासद श्याम बाबू, सभासद आनंद सोनकर, सभासद सीताराम, अवधेश कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मारपीट कर लूटपाट करने पर तीन महिलाओं समेत चार पर रिपोर्ट

**फतेहपुर।** जमीन के विवाद की खुन्नस के चलते घर में घुसकर मारपीट और नकदी, जेवरात लूट का मामला सामने आया है। खखरेरू थाना क्षेत्र के कोट निवासी दीनू प्रसाद परिवार समेत सलेमपुर गोली में रहता है। सगे भाई दीपू व अन्य से संपत्ति का बंटवारा हो चुका है। 22 मार्च को दीपू की पत्नी शोभा देवी व परिवार के कल्लू की पत्नी माया देवी, दिनेश की पत्नी सीमा देवी, धाता अढौली निवासी बबलू ने उसके हिस्से की जमीन पर खड़ी चने की फसल चोरी से काट ली। उसने शोभा देवी व अन्य से पूछताछ की तो गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। 16 जनवरी को पैतृक मकान कोट गांव पहुंचा। पुरानी खुन्नस में बबलू, माया देवी, शोभा देवी, सीमा देवी लाठी डंडा, लोहे की रॉड लेकर घुस आए। गाली गलौज और मारपीट की।

# कर्ज चुकाने को मां की हत्या की

खुलासा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक महिला की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पुत्र ने कर्ज उतारने के लिए माता पिता का बीमा कराया था। बीमे की रकम के लिए मां का गला घोंटकर हत्या कर शव को यमुना नदी किनारे फेंक दिया गया था। हत्या का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि 21 जनवरी को धाता थाना क्षेत्र के अढ़ोली गांव के रहने वाले रोशन सिंह ने तहरीर दी कि 20 जनवरी के दिन सुबह चित्रकूट जिले के राजापुर हनुमान मंदिर गया था। दर्शन कर जब घर आया तो पत्नी प्रभा घर पर नहीं दिखी। बेटे हिमांशु सिंह से पूछा तो मां मामा के घर जाने की बात कही। जब शाम तक पत्नी घर नहीं आई तो ससुराल में फोन पर जानकारी की तो मालूम पड़ा कि पत्नी वहां गई ही नहीं।



आरोपी।

शाम से बेटा भी गायब हो गया। मेरे बड़े पुत्र अंकुर सिंह को मेरे बड़े भाई लाल सिंह ने गोद लिया है। बड़ा बेटा उनके साथ रहता है। हिमांशु उसके साथ रहकर खेती किसानी का काम करता है। हिमांशु को डेढ़ साल से ऑनलाइन गेम खेलने की आदत थी। गेम में चार लाख रुपए हार कर कर्ज में डूबा था। उसके घर पर निर्माण कार्य चल रहा था। जिस पर उसकी भाभी ने प्रयागराज से मेरी पत्नी प्रभा देवी को फोन पर कहा कि घर पर अलमारी में जेवरात रखे हैं। उसका ध्यान रखना क्योंकि लेबर घर पर काम कर रहे हैं। इस बात को हिमांशु ने सुन लिया था और उसने धीरे धीरे सारे जेवर बेच दिए।

### मां-पिता का 50-50 लाख रुपए का बीमा कराया

इस मामले में आरोपी पुत्र हिमांशु से पूछताछ में बताया कि गेम में करीब 4 लाख रुपए हराने के कारण दोस्तों से पैसा लिया था। वो पैसा मांगा जा रहा था। मैंने माह दिसंबर में माता पिता का 50 – 50 लाख रुपए का बीमा कराया। 20 फरवरी को पिता जब चित्रकूट के राजापुर जा रहे थे उन्होंने जेवर वापस लाने के लिए कहा और मुझे टीम थप्पड़ मार दिया। मां ने मुझे बुरा भला कहा। जिसके बाद जब पिता चले गए तो मां भूसा घर के कमरे में चारा काट रही थी। उसने 11 बजकर 30 मिनट पर कपड़े की रस्सी बनाकर पीछे से मां का गला घोंटकर हत्या करने के बाद ट्रैक्टर ट्राली से शव को ठिकाने लगाने के लिए ऐरई गांव के यमुना नदी के पास पहुंचा। जहां जलधारा दूसरी ओर जा रही थी। जिसके बाद शव को वहीं किनारे फेंक दिया था। मां के बाद पिता रोशन सिंह को भी मारकर बीमा की रकम लेने की योजना थी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की आरोपी पुत्र को डेंडासई तिराहा के पास गिरफ्तार किया गया है।

# दहेज हत्या के दोषी पति को दस साल की सजा

संवाददाता फतेहपुर

- सास-ससुर को आठ साल कारावास की सुनाई सजा
- चार साल पहले खखरेरू के भदौहा में हुई थी घटना

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश पांडेय की अदालत ने दहेज हत्या में दोषी पति और सास, ससुर को सजा सुनाई है। कोर्ट ने पति को 10 साल और सास-ससुर को आठ-आठ साल कैद व प्रत्येक को चार-चार हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

खखरेरू थाना क्षेत्र के भदौहा गांव निवासी वीरन की पुत्री रीतू देवी की शादी सात मई 2018 को सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सरौली निवासी रामबाबू के साथ हुई थी। ससुराली दहेज में नकदी व जेवरात की मांग करते थे। विवाहिता की आग लगने से 22 अगस्त 2020 को मौत हो गई थी। वीरन ने दहेज हत्या का मृतका के पति रामबाबू, ससुर हरिश्चंद्र उर्फ बचानी, सास सोना देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। एडीजीसी कल्पना पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की अंतिम सुनवाई की।

# एजुकेट गर्ल्स ने मनाया 16वां स्थापना दिवस

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** ग्रामीण भारत में बालिकाओं की शिक्षा के लिए काम कर रही गैर-लाभकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स ने 16वां स्थापना दिवस जीटी रोड स्थित एक होटल में धूमधाम से मनाया। संस्था 2007 से भारत के ग्रामीण और शैक्षिक रूप से पिछड़े इलाकों में स्थायी परिवर्तन लाने के लिए युवा टीम बालिका (स्वयंसेवक) के साथ मिल कर बालिका शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। संस्था वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 23 जिलों मं कार्यरत है।



एजुकेट गर्ल्स के 16वें स्थापना दिवस में केक काटते सीडीओ व बीएसए।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के टीम बालिकाओं और कर्मचारियों ने नाटकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बालिका शिक्षा के महत्व को दर्शाया। एजुकेट गर्ल्स संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए सीडीओ पवन कुमार मीणा ने कहा कि आज भी समाज में कई सारे बच्चे शिक्षा से वंचित है। समाज में समानता को बढ़ावा देने की जरूरत है। बीएसए पंकज यादव ने कहा संस्था के द्वारा गांव स्तर पर बालिका शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य सराहनीय है। एजुकेट गर्ल्स संस्था के सहयोग से हमें अच्छा आउटपुट और आउटकम मिला है, जिससे जिला फतेहपुर की कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टॉप-टेन में रहती हैं।

इस मौके पर डीसी विवेक शुक्ला, अशोक त्रिपाठी, आशीष दीक्षित, अरुण मिश्रा, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित आशिया फारुखी, बीईओ राजेश कटियार, डिस्ट्रिक्ट ऑपरेशन्स लीड अर्जुन कुमार, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर नूरीश परवीन, आदित्य सिंह, आकाश सिंह, गुलिस्ता खान सहित संस्था के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के उनवा आधारपुर में शनिवार की दोपहर पिता की डांट से क्षुब्ध एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। समय पर हुई जानकारी के बाद परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सदर कोतवाली के उनवा आधारपुर गांव निवासी किशन पाल ने शनिवार दोपहर अपनी पुत्री दीपिका को किसी बात को लेकर डांट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी हुई। परिजनों ने एंबुलेंस के माध्यम से उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।

### युवती को पीटा, अस्पताल में भर्ती

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सेमरामऊ में शनिवार की सुबह पड़ोसी ने एक युवती को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। हुसैनगंज के सेमरामऊ गांव निवासी ठाकुर दीन चैहान की पत्नी मीरा देवी को पड़ोसी राम औतार पुत्र ननकू ने आज सुबह लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उधर पीड़ित परिवार थाने पहुंचा। जहां पुलिस ने एनसीआर दर्ज करते हुए घायल युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### सड़क हादसों में चार लोग घायल

**फतेहपुर।** कानपुर नगर के थाना महाराजपुर निवासी विनोद कुमार का पुत्र शुभम अपने ननिहाल कल्यानपुर थाने के बेरीखेड़ा में आठ वर्षों से रह रहा है। शनिवार सुबह बाइक लेकर वह किसी काम से जा रहा था। हाईवे पर रोड किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर घायल हो गया। इसी तरह सदर कोतवाली क्षेत्र के सनगांव निवासी अब्दुल रशीद का पुत्र समीर शनिवार दोपहर आबूनगर स्थित मस्जिद के पास सड़क पार कर रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। शहर क्षेत्र के तांबेश्वर मंदिर के पास रोड किनारे सड़क हादसे में घायल एक अधेड़ व्यक्ति को पुलिस ने एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

कार्रवाई — पुलिस की बढ़ गई टेंशन, भेजे गए नोटिस और रिमाइंडर

# जेल वापस नहीं लौटे पैरोली

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला कारागार से कोरोना काल में अप्रैल 2020, मई व जून 2021 में छह माह के पैरोल पर गए चार बंदी अब तक नहीं लौटे हैं। पुलिस कई माह से उनके घर नोटिस भेज रही है लेकिन वह अब तक नहीं लौटे हैं। अब बंदियों के परिजनों को भी चेतावनी दी गई है कि बंदियों का पता लगाकर जेल भिजवाएं, अन्यथा उनकी सजा को बढ़ाया जा सकता है।

कोरोना संक्रमण काल में जिला कारागार से कई बंदियों को पैरोल पर रिहा किया गया था। निर्धारित अवधि खत्म होने के बाद इनमें से ज्यादातर बंदी ही लौटकर आए थे। बाकी के घरों पर पुलिस भेजी गई तो वह नहीं मिले। कुछ के तो परिवार वाले भी मौके पर नहीं मिले। यह भी पता चला है कि कुछ बंदियों ने अपने ठिकाने भी बदल लिए हैं। ऐसे घरों पर नोटिस और हर माह रिमाइंडर भेजे गए हैं। इन चार बंदियों पर हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी सहित अन्य अपराधों से बड़े केस दर्ज हैं। इन्हें तीन साल से आजीवन कारावास तक की सजा मिली है। जिला जेल प्रशासन और पुलिस टीमें इसलिए भी टेंशन में हैं कि कहीं फरार बंदी बड़ी आपराधिक वारदात जिले या जिले से बाहर न कर दें। इससे परेशानी और बढ़ जाएगी। पैरोल के बाद वापस न लौटने वाले बंदियों में में कानपुर नगर जनपद का लाल कुरील, बिहार राज्य का बिलाल, बागपत का लालू और बांदा जनपद का चंद्रपाल है। जेल अधीक्षक अकरम खां ने बताया कि कोरोना काल में पैरोल पर जाकर फरार बंदियों को पकड़ने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। चार बंदी अब तक नहीं लौटे हैं। उनके बारे में कई क्षेत्रों से जानकारी जुटाने के प्रयास जारी हैं। इसके बारे में पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा जा चुका है।




जिला कारागार। अमृत विचार

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता थरियांव

- टक्कर से कई फीट ऊपर उछलकर सिर के बल गिरा
- सिर पर हेलमेट होता तो शायद बच जाती जान

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार कई फीट ऊपर उछलने के बाद सिर के बल सड़क पर गिर गया। हेलमेट नहीं पहने होने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थरियांव थाना क्षेत्र के बिलन्दा हाईवे के पास शुक्रवार की देर रात बाइक सवार युवक को पीछे से अज्ञात वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक कई फीट ऊपर उछलकर सड़क पर सिर के बल गिर गया। इस दौरान चालक गाड़ी लेकर भाग गया। काफी देर बाद रास्ते से निकल रहे लोगों ने युवक का शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के जेब की तलाशी ली तो आधार कार्ड से मृतक का नाम गोरेलाल पुत्र जनकी निवासी बहलोलपुर थाना हुसैनगज के रूप में होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मृतक हेलमेट नहीं लगाए था इसलिए सिर पर चोट लगने से युवक की मौत हुई है। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा।




# समाधान दिवस में पहुंची 68 शिकायतें सिर्फ पांच निस्तारित

**फतेहपुर।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने संबंधितों को शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

एसपी उदय शंकर सिंह शनिवार को समाधान दिवस में गाजीपुर थाना पहुंचे। जहां पर राजस्व की अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। तीनों तहसीलों के थानों में शनिवार को आयोजित हुए संपूर्ण थाना दिवस में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी फरियादियों की समस्याओं से रूबरू हुए। राजस्व संबंधित शिकायत के मद्देनजर टीम बनाकर मौके पर भेजी गई। शाम तक समस्या का समाधान कराने में टीम जुटी रहीं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
LDA शारदा नगर योजना लखनऊ में एक छोटा मकान बिजली, पानी युक्त बिकाऊ है खरीददार स्वयं संपर्क करें– 7379655405

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम VAKEEL था अब मैने बदलकर अपना नाम VAKEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। VAKEEL AHMAD S/O: ABDUL AJEEJ R/O: 60, SAMMANPUR MACHLI GAON SIKANDARPUR, AMBEDKAR NAGAR

सूचना
सूचित हो कि मै सुनीता देवी पत्नी राम वृक्ष, निवासी– ग्राम गौरा गूजर परगना व तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकर नगर मेरी एल0आई0सी0 पालिसी सं0 216054202 में मेरा पुकारू नाम प्रमिला कुमारी अंकित हो गया है जब कि मेरे आधार कार्ड व अन्य कागजी दस्तावेज में मेरा नाम सुनीता देवी है। यह कि प्रमिला देवी व सुनीता देवी दोनो एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी एल0आई0सी0 पालिसी में घरेलू नाम प्रमिला कुमारी के स्थान पर सुनीता देवी अंकित किया जाय

# भारत की प्रज्ञा में ऋषि का सम्मान

अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्त ऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्त ऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधु कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं।

भारत की प्रज्ञा में बहुत ऊंचे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्य यंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराण काल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।"

भारत का मन ऊर्ध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे हैं। सो स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाईवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार और प. बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती है लेकिन गंगा जल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ई. के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर बृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्त ऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्त ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों को एक भालू के आकार की कल्पना की गई है।" ये सप्त ऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गये हैं।" तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भारतीय भावबोध ने उन्हें आकाश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवें मण्डल तक 6 मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। 6 मंडलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद् वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मण्डल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और भरद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश असफल कर देंगे।

# साहित्यकार और भैंस

कवियों और साहित्यकारों पर यदि मैं कोई तीखी टिप्पणी करूं, तो इस वर्ग के लोग हमें आड़े हाथों ले लेंगे, किंतु यदि मैं किसी बड़े की आड़ ले लूं, तो आक्रमण से बच जाऊंगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने एक विचारोत्तेजक लेख "कवियों में उर्मिला विषयक उदासीनता" में कहा है कि 'कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं, जी में आये तो राई को पर्वत बना दें और कभी कहो पर्वत पर भी ध्यान न दें'। बात सही है। अब देखिए दुधारू पशुओं में गाय के गीत तो सबने गाये। हिंदुओं की तो वह माता भी हैं। भगवान भी अवतार लेते समय गाय और ब्राह्मण के ही हितकारी (गो द्विज हितकारी, जै असुरारी, सिंधु सुता प्रिय कंता) होते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है। दूध भी कम ही देती है, किंतु पुराने से लेकर नए साहित्यकारों ने इसका नामोल्लेख किया है। संस्कृत के नीति शास्त्रज्ञों ने इसके गले के थन को उपमा के लिए प्रयुक्त किया।' अजा गलस्तनस्तैव तस्य जन्म निरर्थकम्'। तुलसी बाबा को भी बकरी का खुर-चिह्न ही उपमा के लिए याद आया' "जे सुमिरे गिरि मेरु सिला कन होत अजा खुर बारिधि बाढ़े'(कवितावली)। रही सही कमी गांधी जी ने पूरी कर दी, क्योंकि उन्हें बकरी का दूध ही पसंद था। फतेहपुर जिले की बिंदकी तहसील में 'टिकरी'और 'बकरी' नाम के गांव हैं। पूरा नाम तो 'पैगम्बरपुर बकरी' है , किंतु रोजमर्रा में 'बकरी' ही कहते हैं। किसी ने भैंस की सुधि नहीं ली, जब कि वह सबसे ज्यादा दूध देती है और बहुत सीधी होती है। बस रंग रूप काला है। इसे पक्षपात नहीं तो क्या कहेंगे? साहित्यकारों ने यह भी नहीं सोचा कि अंत समय में इन्हीं के पुत्र (भैंसा) की सवारी वाले यमराज से सामना होना है। कुछ तो डरते। इस मामले में नामचीन उपन्यासकार बाबू भगवतीचरण वर्मा होशियार निकले। उन्होंने भैंस को तो इग्नोर किया, किंतु भैंसा को डाइरेक्ट साध लिया और "भैंसा गाड़ी" शीर्षक एक लंबी कविता लिख दीः-

चरमर चरमर चूं चरर मरर जा रही चली भैंसा गाड़ी। भर भर कर फिर मिटने का स्वर, कॅंप कॅंप उठते जिसके स्तर स्तर। हिलती डुलती हंफती कॅंपती, कुछ रुक रुक कर कुछ सिहर सिहर।।

चरमर चरमर चूं चरर मरर-।

> मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विद्वान साहित्यकारों द्वारा किए गए इस अन्याय की काफी कुछ भरपाई गांव गिरांव के सीधे-साधे कम पढ़े लिखे लोगों ने जरूर कर दी है। उन्होंने भैंस पर तमाम लोकोक्तियां बनाई हैं, जिनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है जैसे- गई भैंस पानी में, भैंस के आगे बीन बजावै भैंस खड़ी पगुराय, खइबे दूध चरइबे भैंसी, पढ़ैं लिखैं की ऐसी तैसी, माठा रोटी घर मा खइबे झबरेन भैंस चरइबे जाय, जोण्डी की रोटी भैंस का दूध, मानो रन जीतो रजपूत। इत्यादि।

हमारी जन्मभूमि के जिले कानपुर ने भी भैंसे का ध्यान रखकर एक गांव का नाम "भैंसऊ'रक्खा है और कर्मभूमि के नगर लखनऊ में श्मशान घाट को "भैंसाकुंड" कहते हैं। हालांकि यहां अब इस मरघट को "बैकुंठ धाम" कहने लगे हैं। कुछ बड़ों ने साहित्य क्षेत्र में 'वाद' चलाए हैं, जैसे 'छायावाद', 'रहस्यवाद' आदि। अब अगर हमारे लेख से प्रेरित हो कलम के सिपाहियों ने भैंस के साथ न्याय कर दिया, तो हम एक नये वाद "भैंसवाद" के प्रवर्तक माने जाएंगे।

# आंदोलन से उपजी समस्याओं की कौन लेगा सुध

एक बार फिर किसान आंदोलन चर्चा में है। जिस प्रकार पिछले किसान आंदोलन में तांडव हुआ था उसको देखते हुए पंजाब हरियाणा बॉर्डर और दिल्ली की ओर आने वाले सभी राजमार्ग सुरक्षा के घेरे में है। किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं जबकि सरकार उनकी मुख्य मांग को मानने में अपनी मजबूरी बता रही है और इन दोनों के बीच दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की जनता पिस रही हैं। इस समय बच्चों की परीक्षा चल रही है। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित है लेकिन पक्ष-विपक्ष राजनीति में व्यस्त हैं। बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति है उसे देख कर यह कतई नहीं लगता कि आंदोलनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन की राह पर हैं पर सरकार बल प्रयोग करके अपनी सत्ता खतरे में नही डालना चाहती और दूसरी ओर सरकार को किसानों की मुख्य मांगें मानने में देश की आर्थिक अव्यवस्था डगमगाने का डर भी है।



अजय कुमार मिश्र
मुख्य सतर्कता अधिकारी इफको, बरेली

> संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं।

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं। वह उस रूप में अपने व्यवसाय के माध्यम से देश की भी सेवा कर रहा है। मजदूर से लेकर किसान और नौकरीपेशा सभी का देश की प्रगति में योगदान है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमें हम अपनी बात और अपनी मांग लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से चुनी हुई सरकार के सामने रख सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाना और अव्यवथा फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह पिछला किसान आंदोलन चला था और यह आंदोलन चल रहा है यह सोची समझी रणनीति के तहत राजनीति से प्रेरित उग्र और अराजक आंदोलन है जिसमे पूरे देश के 10 प्रतिशत किसान भी वैचारिक रूप से शामिल नहीं है।

आंदोलनकारियों को न तो आम जनता को हो रही परेशानियों से मतलब है और न ही इस प्रकार की मांग जबरन थोपने पर देश में होने वाले असर से मतलब है, उन्हें तो बस सरकार को घुटनों पर लाना है। मजेदार बात यह है कि किसानों की एक मुख्य मांग डब्लूटीओ से देश को अलग करने की भी है जबकि डब्लूटीओ में देश को शामिल करने वाली तत्कालीन सरकार वाली कांग्रेस और किसान आंदोलनकारी आज साथ-साथ है। आंदोलन को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन कर रही विपक्षी पार्टियां सत्ता में रहते हुए किसानों के लिए क्या करती रही हैं। वह सबके सामने है। मेरे विचार से पिछले किसान आंदोलन में सरकार के ढुलमुल रवैए ने ही एक बार फिर यह विषम स्थिति सामने खड़ी की है। अगर सरकार सत्ता लोभ से दूर होकर पिछले किसान आंदोलन में हुई अराजकता को सबक सिखाती और बलप्रयोग करके कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देती जो कि सरकार का दायित्व भी था तो शायद आज यह बुरी स्थिति सामने न आती।

हमारा समाज कृतज्ञ समाज है। सबको सम्मान देना हमारी संस्कृति है। इसी के चलते हम डॉक्टर को ईश्वर के रूप में, शिक्षक/ गुरु को ईश्वर से भी बड़ा और किसानों को अन्न दाता कहकर सम्मानित करते है लेकिन वर्तमान स्थितियां अलग हैं। ऐसे परिपेक्ष्य में जब समाज में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ है, जहां डॉक्टर और शिक्षक की प्राथमिकता ही व्यावसायिक हो चुकी है जहां अनैतिक लाभ के लिए इंजेक्शन वाली लौकी और अन्य सामान खेतों से सीधे बाजार में आता हो और आम जनता धोखे में यूरिया मिला नकली दूध लेने को विवश हो, वहां किसी को अन्न दाता या ईश्वर के रूप में सम्मानित करना बेमानी है। सब अपने अपने लाभ के लिए अपने विवेक और अपनी व्यक्तिगत नैतिकता के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए किसी को अतिरिक्त सम्मान देना अनावश्यक है। एक और बात जिसका मैं स्वयं गवाह हूंः बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश में होने वाले कठिया गेहूं की कीमत खुले बाजार में 40/50 रुपए प्रतिकिलो है। इस दाम पर भी बमुश्किल ही यह गेहूं लोगों को मिल पाता है। आपने भी देखा होगा कि पिसे हुए आटे का प्रचार किया जाता है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के गेहूं से बना हुआ आटा है। कभी यह नहीं प्रचारित किया जाता कि यह पंजाब के गेहूं का आटा है। अगर आमजनता में जिसके पास आर्थिक विकल्प उपलब्ध है , वह पंजाब के गेहूं को कतई उपयोग नहीं करना चाहता क्यों कि सबको पता है कि वहां का गेहूं अनेक प्रकार के अंधाधुंध कीटनाशकों और रसायनों से पैदा हुआ है। पंजाब की जमीन वहां का पानी घोर प्रदूषण का शिकार है वहां की पराली केवल पंजाब ही नहीं दिल्ली तक को प्रदूषित कर रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

## भारतीय-संस्कृति

भारतीय-संस्कृति को केवल किताबों में पढ़ कर तो जाना नहीं जा सकेगा। संस्कृति प्रवाह की तरह है, गतिशील है। भारत की सांस्कृतिक-धाराओं, उपधाराओं, अन्तर्वर्ती-धाराओं को लोकजीवन में उतर कर ही जाना जा सकेगा। ये धाराएं किस प्रकार मिलती हैं और बिछुड़ती भी हैं।

लोकधारा में आपको शैव और शाक्त धारा भी मिलेंगी और वैष्णव-धारा भी। बौद्ध-धारा कहीं चली नहीं गई, लोकधारा में उनकी भी पहचान की जा सकती है। विभिन्न जनपदीय, जनजातीय, प्रदेशीय संस्कृतियों का संगम होता है और उस संगम से नई अवधारणाओं का जन्म होता है। नए विचारों का जन्म होता है। नए सौंदर्यशास्त्र का जन्म होता है। सांस्कृतिक-प्रवाह को हम किसी संप्रदाय में बांध कर नहीं समझ सकते। उदाहरण के लिए हम भक्ति-आंदोलन को ही लें, भक्ति-आंदोलन में लोकमानस का तत्त्व बहुत प्रबल है। इस आंदोलन का स्रोत केवल वेद-वेदान्त, उपनिषद ही नहीं है, इसमें आगम-परंपरा भी है, आलवार भी हैं, सिद्ध भी हैं, सहजिया-वैष्णव भी हैं, सहजयानी और वज्रयानी भी हैं। योग-परंपरा न होती तो समाधि की बात कैसे आ जाती, आउ समाधि भीतर। लोकधारा किसी से परहेज नहीं करती। इस्लाम का प्रभाव भी भाषा के रूप में देखा जा सकता है। सचाई तो यह है कि सभी सांस्कृतिक-धाराओं का स्रोत लोक में है। सभी दर्शनों का जन्म और विकास लोक की धरती पर ही होता है, लोक के लिए होता है। जो लोकातीत है, वह भी लोक के लिए ही है। लोक जीवन का सत्य दायरों में कैसे समा सकता है?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## ब्रह्मविद्या -गुरु एवं शिष्य

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यम् निरञ्जनम्।/ अमृतस्य परं सेतुं/ दग्धेन्धनमिवानलम्।।-निर्गुण निराकार ब्रह्म के ध्यान की विधि बताते हुए श्रुति कहती है कि जो सोलह कलाओं अर्थात् संसार के सभी संबंधों से रहित, सर्वथा क्रियाहीन अर्थात् कूटस्थ, परमशांत और सब प्रकार के दोषों से रहित है, जो अमृत स्वरूप मोक्ष के परम सेतु हैं, जिनका आश्रय लेकर मनुष्य अत्यंत सुगमता पूर्वक इस संसार समुद्र से पार हो सकता है, जो लकड़ी का पार्थिव अंश जल जाने के बाद धधकते हुए अंगारों वाली अग्नि की भांति सर्वथा निर्विकार, निर्मल, प्रकाश स्वरूप हैं, निर्विशेष, निर्गुण निराकार परमात्मा को तत्व से जानने के लिए उन्हीं देव की मैं शरण लेता हूं। जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना मनुष्य के लिए सर्वथा असंभव है, उसी प्रकार परमात्मा को जाने बिना कोई भी जीव इस दुख समुद्र से पार नहीं हो सकता। यह बात प्रसिद्ध है कि श्वेताश्वतर नामक ऋषि ने तप के प्रभाव से उन परमदेव परमेश्वर को उन्हीं की दया से जान लिया था और ऋषि परंपरा से सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्व का उपदेश परमहंस संन्यासियों को दिया। इस परम गुह्यविद्या के ज्ञान का वर्णन पूर्वकल्प मे भी उपनिषदों मे किया गया था अर्थात् यह ब्रह्मविद्या परंपरागत रही है। पुत्र व शिष्य को इस विद्या का अधिकारी बनाना आचार्य का दायित्व है। भाव यह है कि शिष्य के गुणों को जानकर ही उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया जाना चाहिए। जिसकी परमेश्वर में अत्यंत भक्ति है और जैसी परमेश्वर में है, वैसी ही भक्ति गुरु में भी है ऐसे श्रद्धावान महात्मा के हृदय मे ही इन उपदेशों का गूढ़ अर्थ प्रकाशित होता है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## कुरीतियों के सुधारक संत रविदास

सद्गुरु रविदास भक्तिकालीन संत परंपरा में बहुत सम्मानीय कवि हैं। उनकी रचनाओं में समतामूलक समाज की परिकल्पना, चेतना, जन आंदोलन हैं, पाखंड का विरोध है। समतामूलक की कल्पना में वे कहते हैं- रविदास जन्म के कारने, होत न कोई नींच।/नर कुं नींच करि डारि है, ओछे कर्म की कींच।/ न जच्चा बसलों होति, न जच्चा होति ब्राहमणों।/ कामन्ना बसलों होती, कामन्ना होति ब्राहमणों। -आशय यह है मानव जाति एक है सभी मनुष्य एक जैसे ही जन्मते हैं, मानव को जाति के आधार पर पशुवत जीवन जीने को बाध्य करना कुकर्म की श्रेणी में आता है। मैं रूखी सूखी खाऊं, औरन की भूख मिटाऊं। का संदेश देते हैं खुद भी खाओ और भूखे प्राणियों पर भी दया करो। मन्दिर-मस्जिद एक हैं, इन महं अंतर नाहिं।/रैदास राम रहमान का, झगड़ऊ कोऊ नाहिं।।/ एक माटी के सभै भांडे, सबका का एकै सिरजनहार।/रैदास व्यापै एकौ घट भीतर, सभ को गढ़े कुम्हार।

धर्मनिरपेक्षता का संदेश देते हैं जो आज भी प्रासंगिक है हिंदू मुस्लिम एकता पर बल है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश है आपके विचार पवित्र हैं तो कहीं तीर्थ या गंगा में जाने की जरूरत नहीं। कर्मकांड और आडंबर के कभी नहीं, जो गए थे पास। सदा याद रखेगा उनको, भारत का इतिहास। दुखियों का दुख हारन हारा, मानवता के दास। सभी जन नमन करें हैं उनको, जो हैं संत रविदास।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

# मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से

मयखाने गए हैं कभी आप? ना गए हों तो बदनसीबी आपकी। ये दुनिया की उन बेहतरीन जगहों में शामिल है जहां कदम रखते ही आदमी अपनी सारी दुश्वारियां भूल जाता है। दुनिया की तमाम आफ़तें, मिलकर भी मयकदे की सीढ़ियां चढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाती। यहां की आबो-हवा आपको खुद पर यक़ीन दिलाएगी। हौसला बढ़ाएगी आपका। सुकून महसूस करेंगे आप। यदि ऐसा न होता तो अब्दुल हमीद अदम जैसे शायर भला ये क्यों कहते।

मय-कदा है यहां सुकूं से बैठ
कोई आफ़त इधर नहीं आती।

आदमी को चाहिए क्या? बस चैन चाहिए। और जो ऐसा चाहते हैं उनके लिए मयकदे से बेहतर कोई दूसरी जगह तलाशना मुश्किल है।

यहां की आबोहवा आने वाले को पलक झपकते एक खुशमिजाज, ज़िंदादिल और मिलनसार इंसान में बदल देती है। यदि आपको सच्चे दोस्तों की तलाश है तो इससे मुफ़ीद जगह कोई दूसरी नहीं। यहां बने दोस्त बचपन के लंगोटियां दोस्तों को मात कर सकते है। ऐसे दिलदार और हाज़िरजवाब लोग जो बिना जान पहचान के आपके गले लग जाएं, अपनी जेब की आखरी पाई तक आप पर लुटा दें, आपके दुख दर्द बांट लें, आपके लड़खड़ाने पर सहारा दे और आपको घर छोड़ जाने की ज़िम्मेदारी भी उठा लें। ऐसे मददगार लोग जो अपनी कहने के साथ-साथ आपकी भी सुनते है, मशविरा देते हैं और मदद करते हैं।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

और फिर मयखाने में जाने वाले रोज़ जाते हैं वहां। वही बने रहना चाहते हैं और उसके प्रति वफ़ादार होते है। ज़ाहिर है ऐसे लोग भरोसेमंद है, अमीर मीनाई तस्दीक़ करते हैं इसकी।

मस्जिद में बुलाते हैं हमें ज़ाहिद-ए-ना-फ़हम!
होता कुछ अगर होश तो मय-ख़ाने न जाते।

और फिर पीने वाला और कहीं जाए भी क्यों? मयकदे तो पुण्यात्माओं की पनाहगाह है। अहमद हुसैन माइल कहते हैं।

तौबा खड़ी है दर पे जो फ़रियाद के लिए
ये मय-कदा भी क्या किसी क़ाज़ी का घर हुआ।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से है। ये नेकदिलों की बस्ती है। सो इसकी बुराई वही करते हैं जो इससे नावाक़िफ़ या नासमझ हैं।

दुनियादारी है फरेब। अहम के नशे में धुत्त लोग बसते है इस दुनिया में। ऐसे में बस मयखाना ही वह जगह है जहां ईमान पर कायम सच्चे लोग रहते हैं। मयखाना वो इकलौती जगह है जहां आकर इंसान एकदम पाक साफ हो जाता है। दरअसल ये नीम बेहोशी से बाहर आने की जगह है। बशीर बद्र गवाही देते है इस बात की।

न तुम होश में हो न हम होश में हैं
चलो मय-कदे में वहीं बात होगी।

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

आबेहयात मिलती है मयखाने में। ज़ाहिर है जन्नत है ये। जन्नत जाना सभी चाहते हैं पर मरना कोई नहीं चाहता। और फिर सवाल यह भी कि जन्नत देखी किसने है? देखने वाले वापस आकर बयान कहां करते हैं उसके बारे में? किताबों में यह ज़रूर लिखा है कि आबेहयात की नदियां बहती हैं वहां। ये बताने वाले बिना मयखाने गये ये लिख सके होंगे यकीन करना मुश्किल है। दुनिया के छल कपट से बाहर निकल आना। सच्चे होने की निशानी है। ऐसे बंदे बस मयखाने में मिलते हैं। खुदा सच्चे लोगों की क़द्र ना करे ऐसा हो ही नहीं सकता। यदि जन्नत है तो मेरा मानना है कि मयखाने के पीछे का दरवाजा सीधे जन्नत मे खुलता है।

नितांत समाजवादी और सभी की जेब बर्दाश्त कर सके ऐसी जगह है मयखाना। यहां दिमाग़ का भी इलाज होता है और मन का भी। मयकदे न होते तो हमें हजार गुना ज्यादा मानसिक अस्पतालों की ज़रूरत होती। ऐसा न होता तो लोग जाते ही नहीं। यहां पहुंचा आदमी बहुत जल्दी हल्का हो जाता है, ख़ुशियों से भरपूर, तरोताज़ा हवा में तैरता है वो। गहरी नींद जैसा सूकून मिलता है उसे। यहां आकर फ़क़ीर भी ऐसे सपने देखता है, जहां वो बादशाह होता है, ऐसे सपने जहां उसे किसी चीज़ की कमी नहीं होती और मनचाहा करने की आज़ादी होती है। आजाद होने से अच्छा और हो तो आप मुझे बता सकते हैं।

दुनिया भर के बेहतरीन उस्ताद, विचारक, शायर, दार्शनिक, और हकीम मिलेंगे यहां आपको। ऐसे तपे तपाये अनुभवी लोग जो ज़िंदगी के बेशक़ीमती पाठ मुफ्त में पढ़ा सकते हैं। दुनिया के सारे सच्चे, नेक, भले और ईमान पर भरोसा रखने वाले लोग भी यहीं मौजूद है। बड़े दिलवाले, खरे कुंदन से दमकते बंदे। हमेशा सच बोलने वाले ऐसे लोग जिनकी संगत आपको बहुत कुछ सिखा सकती है। आप यहां आये और बेहतर हुए बिना लौट जाएं ये मुमकिन ही नहीं। ऐसा न होता तो ज़ौक़ जैसा मशहूर शायर ऐसा कभी ना कहता।

'ज़ौक़' जो हैं मदरसे के बिगड़े हुए मुल्ला!
उन को मय-ख़ाने में ले आओ संवर जाएंगे।

संवरना चाहते हैं? ज़ाहिर है हां ही कहेंगे आप ,तो आईए मयखाने चलते हैं। संवरने निखरने, दमकने के लिए उससे मुफ़ीद जगह इस धरती पर और कोई दूसरी है नही।

## संस्कृति की विशिष्ट परंपरा

भारतीय संस्कृति की परम विशिष्ट परंपरा सनातन काल से यह रही है कि इसके सभी पर्व और त्योहार सूर्य और चंद्रमा की गति और स्थिति से जुड़े रहे हैं। यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में देवगुरु बृहस्पति और दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी यथोचित सम्मान दिया गया है। यह प्रसंग इसलिए है कि गंगा स्नान के माघ मास का पुण्य प्राप्त करने का इस वर्ष का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा आ गई है। इस साल यह कम से कम दस दिन के विलंब से है। बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भादो इन पांच महीनों में तीन साल बाद किसी एक महीने में अधिमास हो जाता है। इसका कारण सामान्य रूप से यह समझ लीजिए कि सूर्य का राशि परिवर्तन लगभग निश्चित है और पृथ्वी 365.24-दिन में परिभ्रमण करती एक साल बाद उसीबिंदु पर आ जाती है। सूर्य के सापेक्ष, वैसे तो अनन्त ब्रह्मांड में तो सूर्य नारायण के साथ करोड़ों मील दौड़ गई होती है। हमारा जीवन तो सूर्य से ही जुड़ा है इसलिए हमें क्या कि सूर्य कितना दौड़ चुके हैं। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि आपके बालों के अन्दर एक छोटी सी जूं बैठी है और आप मुंबई से न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं लेकिन जूं की सीमा तो वहीं तक है जहां तक सिर में बाल हैं। चन्द्रमा शीघ्र गति होने के कारण इस परिपथ को लगभग दस दिन अग्रगामी हो जाता है, इसलिए इस अवधि को सौरमास के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भारतीय पंचांग में अधिमास की गणना की जाती है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

यह गणित कैसे किया जाता है की क्लिष्टता में पड़ने की हमें जरूरत नहीं है। इस बार श्रावण मास में अधिमास आने से पूर्णिमा दस दिन आगे बढ़ गई है। जिस वर्ष भाद्रपद में अधिमास पड़ेगा उस साल यह बारह दिन आगे बढ़ जाएगी।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## मध्य प्रदेश से ओवरलोड गिट्टी लेकर आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने हादसे को दिया अंजाम, मचा कोहराम

संवाददाता चकरनगर, इटावा

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश से ओवरलोड गिट्टी लेकर आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क मार्ग पर गिर गया। अधिक खून के बहने से सीएचसी पर पहुंचने से पहले ही बाइक चालक की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाने का प्रयास किया, इससे पहले ही घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शांत कराया और कार्रवाई शुरू कर दी।




चकरनगर थाना के गांव फूटाताल निवासी अरविंद यादव का 19 वर्षीय पुत्र सचिन यादव शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे उदी चकरनगर मार्ग पर बाइक से कस्बा में कुछ सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान सामने से ओवरलोड गिट्टी लेकर आ रहे डंपर ने बाइक चालक को भीषण टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही गिर गया। आनन-फानन में राहगीरों के साथ पुलिस घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर पहुंची, यहां डॉक्टरों की टीम ने अधिक खून बह जाने के कारण घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। इस खबर से स्वजन में कोहराम मच गया।

कुछ ही समय में पुलिस शव लेकर थाने पहुंची, तो लोगों का तांता लग गया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। एक्सीडेंट करने वाले वाहन को पुलिस ने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की।

> एक्सीडेंट से एक युवक की मौत हो गई है शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, वाहन को कब्जे में लिया गया है।
>
> –मुनेश्वर सिंह, इंचार्ज थानाध्यक्ष चकरनगर

### बाइकों की भिड़ंत में मां-बेटा घायल

**इकदिल, इटावा।** स्टेशन रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में मां बेटा घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव मुखरामपुर के रहने वाले संतोष कुमार का 17 साल का बेटा अपनी मां रामश्री (45) को बाइक पर बैठाकर बाजार से शुक्रवार शाम घर लौट रहा था। रीतौर गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क पर गिरने से मां बेटे घायल हो गए। हादसे को अंजाम देने वाला युवक बाइक सहित फरार हो गया। राहगीरों ने मां बेटे को अस्पताल भिजवाया, वहां मां की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की गई जान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बरेली ग्वालियर हाईवे पर थाना बढपुरा क्षेत्र में उदी नगला गौर के पास चौधरी पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार देर रात पैदल जा रहे 55 साल के इसी गांव के गणेश शंकर को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया, गंभीर रूप से घायल गणेश को सीएचसी के डॉक्टरों ने जिलाअस्पताल रेफर कर दिया, जहां पर शनिवार को इलाज के दौरान गणेश की मौत हो गई।

चौकी इंचार्ज अरुण कुमार तिवतिया ने बताया कि मृतक का कोई परिजन नहीं होने से उसका शव आगामी 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। इस दौरान परिजनों का इंतजार किया जाएगा। इसके बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### गोवंश बचाने में बारातियों से भरी कार पलटी, दो घायल

**भरथना।** थाना क्षेत्र में पड़ियापुर गांव के पास सड़क पर अचानक गोवंश आने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। कार के पलटने से दो लोग घायल हो गए। ईको मारुति कार में सवार इसी क्षेत्र में गांव समसपुर के बाबूराम व औरैया के उनके रिश्तेदार नेकराम घायल हो गए, सीएचसी से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के भतीजे राजेश ने बताया कि शुक्रवार को बेटे की बरात औरैया के कोराई (बेला) गांव में गई थी। रात में शादी समारोह से वापस आने के दौरान सामने गोवंश आ जाने से हादसा हो गया। कार में छह लोग सवार थे, जिसमें चाचा व बहनोई घायल हो गए।

# नवीन मंडी परिसर को निर्वाचन प्रक्रिया से मुक्त रखने की मांग

कार्याल संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल आगामी लोकसभा चुनाव मे नवीन मंडी परिसर को निर्वाचन प्रक्रिया से मुक्त रखने की मांग की है। जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने पदाधिकारियों के साथ एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि मंडी परिसर से समस्त जनपद में आम जनता के लिए खाद्यान्न की आपूर्ति व्यापारियों के माध्यम से की जाती है। आगामी मार्च के महीने से मंडी में गेहूं खरीद शुरू हो जायेगी, जिसमें सरकारी गेहूं खरीद केन्द्र व आढ़तियों को किसान गेहूं,सरसों आदि बेचने आयेंगे। मंडी में आलू की खरीद भी शुरू हो चुकी है जो मई तक चलेगी। आम जनता कि दैनिक आवश्यकता की खाद्यान्न की आपूर्ति में भी मंडी परिसर का मुख्य योगदान रहता है। मंडी में काम कर रहे व्यापारियों की जीविका का एकमात्र साधन मंडी की दुकान व गोदाम है।


एडीएम अभिनव रंजन को ज्ञापन देते व्यापारी नेता आलोक दीक्षित। अमृत विचार

- व्यापार मंडल ने समस्याओं को गिनाते हुए सौंपा ज्ञापन

मंडी परिसर की दुकान व गोदाम चुनाव के लिए अधिग्रहण किए जाने से व्यापारियों का काम बंद हो जाता है। दुकानों व गोदाम का किराया ,घर का खर्चा, स्टाफ की तनख्वाह ,बैंक का ब्याज ,बिजली का बिल व अन्य खर्च पूरे करने का कोई साधन व्यापारी के पास नहीं होता है । सरकार द्वारा भी कोई सहायता व्यापारी को नहीं दी जाती है।

निर्वाचन प्रक्रिया के लिए मंडी की दुकानों में गोदाम का अधिग्रहण होने से मंडी के व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। मांग करनें वालों मे प्रमुख रूप से नवीन मंडी अध्यक्ष प्रदीप यादव आढतिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा,अशोक जाटव, महामंत्री रिषी पोरवाल,भारतेन्दु भारद्वाज,बंटी मंसूरी, राहत हुसैन रिजवी, कामरान खांन, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी,शंहशाह वारसी, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, अर्चना कुशवाहा, रियाज अहमद, देव गुप्ता, अंकित, धर्मेंद्र आदि रहे।

# गांजा तस्कर को पुलिस ने ऑटो समेत दबोचा

संवाददाता भरथना, इटावा

- गांजा बेचने में प्रयोग होने वाला ऑटो भी किया बरामद

**अमृत विचार।** थाना पुलिस ने गस्त के दौरान भोली चौराहे के पास से ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने बताया कि वह ऑटो से अलग अलग स्थानों पर जाकर लोगों को गांजे की बिक्री करता है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने ऑटो भी सीज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में थे। भोली चौराहे के पास वह वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो चालक ने ऑटो भगा दिया। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में ऑटो से छह किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मंजीत पुत्र दिनेश निवासी रमायन बताया। उसने बताया कि भी गांवों में जाकर अवैध रूप से गांजे की बिक्री करता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया पकड़े गए व्यक्ति को मादक पदार्थ रखने में जेल भेज दिया साथ ही उसका ऑटो भी सीज कर दिया गया है।

### सटोरिया पकड़ा गया

**बकेवर।** कस्बा लखना में मुखबिर की सुचना पर एक सट्टे बाज को चौकी प्रभारी ने गिरफ्तार कर लिया। चौकी इन्चार्ज ललित कुमार ने बताया कि उसकी तलाशी ली गयी तब उसकी दूसरी जेब मे 550 रुपये मिले। जानकारी करने पर उसने अपना नाम राजू निवासी अदर्श नगर बकेवर बताया।

# महिला नदी में कूदी सिपाही ने बचाया

**इटावा।** बीमारी से त्रस्त महिला ने चंबल पुल से नदी में छलांग लगा दी। वहां मौजूद सिपाही ने नदी में कूदकर उसे डूबने से बचा लिया व अस्पताल में भर्ती कराया।

आगरा जिले के गांव जैतपुर की रहने वाली 40 साल की सुमोरा देवी पत्नी राम वीरेश शनिवार सुबह ऑटो से इटावा आई हुई थी। उदी पर ऑटो से उतरकर वह चंबल पुल पर पहुंच गई, पुल पर खड़े होकर नदी में छलांग लगा दी। पुल पर पुलिस पिकेट पर तैनात सिपाही हरेश चौधरी ने तुरंत ही नदी में कूदकर महिला को नदी से बाहर निकालकर डूबने से बचा लिया। महिला को चोट आने से उसे सीएचसी ले जाया गया। वहां उसने बताया कि वह बीमारी से परेशान थी इसी वजह से नदी में कूदकर जीवन लीला समाप्त करनी चाही। पुलिस ने परिवार के लोगों को जानकारी दी, जिसपर परिजन जिला अस्पताल आ गए।

# विद्यार्थी परिषद ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कर्मक्षेत्र महाविद्यालय इकाई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हो रहे कुकृत्यों व हिंसा के खिलाफ शहर के पक्का तालाब चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया और आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का पुतला फूंक कर नारेबाजी की।

विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेई ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निरंकुशता अपने चरम पर है। टीएमसी की विभाजनकारी नीति राज्य के सुनहरे भविष्य को अंधेरे में धकेल रही है। आज पश्चिम बंगाल का आम जनमानस काफी डरा हुआ है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में मानवता को कुचल रही है।

कॉलेज इकाई अध्यक्ष प्रतीक दुबे ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा ने संदेशखाली को बुरी से झकझोर कर रख दिया है। यह हिंसा कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा समर्थित हैं। निरंतर महिलाओं के साथ अनाचार की घटनाएं सामने आ रही हैं।



पक्का तालाब चौराहे पर ममता बनर्जी का पुतला फूंकते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

संदेशखाली में टीएमसी के गुंडे महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। ममता बनर्जी तुष्टिकरण के नाम पर मौन साधकर बैठी हुई है। कॉलेज इकाई के मंत्री देवांशु यादव ने कहा ममता सरकार महिलाओं के साथ हुए शोषण को दबाने की कोशिश कर रही है। विद्यार्थी परिषद देशभर में इस घटना का विरोध कर रही है। इस दौरान अजर दुबे, विवेक पटेल, संस्कार गुप्ता, अमरनाथ, ज्योति गौतम, कृष्णा, नितिन, अंजलि कुमारी, सौम्या गुप्ता, एकता यादव, दीपेश कुमार, उत्सव शर्मा, कशिश, निधि तिवारी, राज तिवारी, दिव्या रामी, दीपाली, संदीप, अभिषेक धाकरे, ईशु, साहिल , लव मिश्रा,रामबीर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा का लक्ष्य राजनीति के माध्यम से जनसेवा : गोविंद

**इटावा।** लोकसभा चुनाव को लेकर सदर विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में मुख्य वक्ता विधानसभा प्रभारी गोविंद दुबे ने कहा कि भाजपा की राजनीति का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं होता है बल्कि राजनीति के माध्यम से जनसेवा करना होता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को देश का पीएम बनाकर सेवा का अवसर दिया था। तभी से अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ देश के निचले पायदान के लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने के लक्ष्य के साथ केंद्र सरकार कार्यरत है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित जन–कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से जन–संपर्क करके उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के लिए प्रेरित करें। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। लोकसभा सह–संयोजक राकेश पाल, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, चक्रेश जैन, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, अच्युत मिश्रा, जितेंद्र जैन 'हैप्पी', जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अंकित सैनी, सीपू चौधरी, दिनेश भदौरिया, विरला शाक्य, रईसुद्दीन राइन, मुनेश बघेल, बासु चौधरी, सुशांत दीक्षित, कुशल चौधरी मौजूद रहे।



बैठक को सम्बोधित करते विधानसभा प्रभारी गोविंद दुबे। अमृत विचार

# हरि किशोर के आने से भाजपा होगी मजबूत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- भाजपा में शामिल हुए इं. हरि किशोर तिवारी का हुआ स्वागत

**अमृत विचार।** भाजपा में शामिल होने के बाद सांसद राम शंकर कठेरिया ने अन्य भाजपा नेताओं के साथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी का जोरदार स्वागत किया। दोनों नेताओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने संग बैठकर चाय पर चर्चा की। भाजपा को आने वाले लोकसभा चुनाव में मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

सांसद डॉ. रामशंकर ने कहा कि श्री तिवारी भाजपा की विचारधारा के बहुत पुराने नेता हैं। वे कुछ परिस्थितियोंवश तन से सपा में भले चले गए हों, लेकिन मन से हमेशा भाजपा के रहे। अब पुनः भाजपा को मजबूत करेंगे, यह हम सभी के लिए बहुत हर्ष और खुशी की बात है।


हरिकिशोर और सांसद रामशंकर का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

इं. हरि किशोर तिवारी ने कहा कि वे कुछ समय के लिए सपा में जरूर रहे, लेकिन हमारा वैचारिक मेल कभी नहीं हो सका। भाजपा में आकर वे जनता और अपने कर्मचारी वर्ग का अधिक हित कर सकेंगे।अब डबल इंजन की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं को आगे बढ़ाने का यह फैसला लिया है।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भरथना विधानसभा के संयोजक गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, राजेंद्र गुप्ता, अरविंद दीक्षित, कृष्ण मुरारी गुप्ता, शरद वाजपेई, अमित तिवारी मानू, नवल किशोर शुक्ला, अंशुल अशोक दुबे, शेखर चौधरी, दिलीप मिश्रा, राजेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# सपाइयों ने पार्टी छोड़कर थामा भाजपा का दामन

- तीन दर्जन से अधिक सपाई भाजपा में हुए शामिल
- वरिष्ठों की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** तीन दर्जन से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

सपा समर्थक जिला सहकारी संघ ऊमरसेंडा के पूर्व अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव के साथ तीन दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह की मौजूदगी में भाजपा का दामन थामा। युवा नेता नीरज यादव सहित अन्य पार्टी नेताओं ने पार्टी में सम्मिलित होने वाले सभी नये सदस्यों का माल्यार्पण व भाजपा की पट्टिका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही आयोजकगणों द्वारा आगन्तुक अतिथियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया है। इस मौके पर राज्यवर्धन सिंह, सौरभ दीक्षित, ब्रजेश शर्मा, पप्पू यादव, आशू यादव, अंकित यादव, ईशूयादव,विवेक यादव, शिवपाल सिंह यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन नीरज यादव ने किया।


सपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकर्ता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कुल्हाड़ी से घायल किसान ने तोड़ा दम

**बकेवर, इटावा।** खेत में बकरियां चराने से मना करने पर तीन दिन पहले नामजद भाइयों ने कुल्हाड़ी व अन्य घातक हथियारों से हमला करके किसान को घायल कर दिया था। उसने इलाज के दौरान सैफई मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। थाना क्षेत्र में गांव यादवान की मड़ैया में रहने वाले 45 साल के रामजीवन अपने बड़े भाई सुखवीर सिंह के साथ तीन दिन पहले खेत में बरसीम काट रहे थे कि उसी समय गांव के ही दीप सिंह के बेटे विनोद, रामवीर तथा चन्द्र वीर बकरियां लेकर खेतों पर आ गए और बकरियों को खेतों में चराने लगे, जिसका विरोध खेत मालिक रामजीवन और सुखवीर ने किया तो तीनों भाई उत्तेजित हो गए और कुल्हाड़ी व अन्य हथियारों से हमला कर दिया था जिसमें रामजीवन को गंभीर चोटें आई थीं। रामजीवन को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, वहां पर इलाज के दौरान रामजीवन की मौत हो गई।

### कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**बकेवर, इटावा।** ग्राम सराय नरोत्तम में महिला के साथ पड़ोसी युवक व उसकी पत्नी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर चार माह बाद मुकदमा दर्ज किया गया। ग्राम सराय नरोत्तम निवासी बीएससी नर्सिंग छात्रा ने बताया कि 20 नवंबर को उसकी मां दरवाजे के बाहर झाड़ू लगा रही थी । पड़ोसी दीपेन्द्र ठाकुर उसकी मां को जातिसूचक गालियां देने लगा । विरोध किया तो दीपेन्द्र ने मां को बेरहमी से मारा पीटा। इसकी सूचना जब मां ने मुझे इटावा दी तो मैं घर पहुंची तो दीपेन्द्र ने उसके साथ अश्लील हरकतें की। न्यायालय के आदेश पर आरोपी युवक व उसकी पत्नी के विरुद्ध मारपीट छेड़खानी व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।

### घर के सामने खड़ा पिकअप लोडर चोरी

**इकदिल।** क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही। चोर घर के बाहर खड़े पिकअप लोडर को चुरा ले गए । नगर के मोहल्ला लुधियात के रहने वाले संतोष कुमार के घर के सामने खड़े पिकअप लोडर को रात के समय चोरों ने चुरा लिया। शनिवार सुबह जब वाहन मालिक उठा तो लोडर गायब पाया। आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। रात लगभग साढ़े 11 बजे तक लोगों ने पिकअप लोडर घर के सामने खड़ा देखा था। इससे पहले चोरों ने क्षेत्र में एक ढाबा के पास से डीसीएम को चुराया है जिसका अब तक पता नहीं चल सका। पुलिस को अभी तक अज्ञात चोरों के विरुद्ध कोई सुराग नहीं मिले हैं। नगर के लोगों ने रात में पुलिस की गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### पुलिस ने की शांतिभंग की कार्रवाई

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के पुरावली गांव में चार दिन पूर्व दो पक्षों के विवाद में पुलिस ने शांतिभंग में कार्रवाई की। गांव निवासी नरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि चार दिन पूर्व गांव के ही एक युवक ने शराब के नशे में गाली गलौज की। मना किया तो उसने पीड़ित के साथ मारपीट कर थी। उल्टा उसी ने पुलिस से शिकायत की थी। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांतिभंग की कार्रवाई की ।

### चकरोड निर्माण में दबंग कर रहे हैं मनमानी

**भरथना, इटावा।** भरथना तहसील क्षेत्र के ग्राम ग्राम मोढ़ा देव सम्पर्क मार्ग से निकलने वाली चकरोड के निर्माण के लिए राजस्व टीम ने भारी पुलिस बल के साथ नाप जोख की। इसके बाद चकरोड निर्माण के लिए चिन्हीकरण किया। अधिकारियों ने करीब 10 फिट चौड़ा और करीब 600 मीटर लम्बे चकरोड में करीब 160 मीटर तक चकरोड डलवा दिया। अधिकारियों के मौके से जाने के बाद कुछ दबंग किसानों ने मनमानी शुरू करते हुए कमजोर किसानों की तरफ करीब एक मीटर चकरोड दबाकर चकमार्ग टेढ़ाकर दिया। पीड़ित किसान धर्मनरायन अवधेश, सर्वेश शाक्य व रानी देवी ने बताया कि उनके खेत से करीब 10 फिट चौड़ा चकरोड़ प्रशांत राज शुक्ला व जयदेवी दीक्षित के खेतों तक करीब 600 मीटर लम्बा निर्माण होना था। जिसके लिए भरथना के उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत,नायव तहसीलदार मनीष दुवेदी, कानूनगो जितेंद्र यादव, चकबंदी लेखपाल राजीव, क्षेत्रीय लेखपाल आरिफ खान,अर्जुन सिंह चौहान, राहुल चौबे,गणेश दत्त आदि राजस्व टीम ने जैसे ही चिन्हीकरण कर करीब 160 मीटर चकरोड डलवा दिया। और मौजूदा प्रधान की देख रेख में आगे तक चकरोड़ निर्माण के आदेश कर अधिकारीगण जैसे ही मौके से हटे, इसी बीच दबंग किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए चिन्हीकरण की हवा निकाल दी । किसानों ने चकरोड़ को सही कराये जाने की मांग की है।

**थाना समाधान दिवस** डीएम –एसएसपी ने सुनीं समस्याएं, राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें करेंगी शिकायतों का निस्तारण

# भूमाफियाओं के शस्त्र लाइसेंस जल्द किये जायेंगे निरस्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस पर जिला अधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी व कोतवाली पर पहुंचकर समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। यह भी कहा कि पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर पहुंचकर मामलों का निस्तारण करें।


थाने में समस्याएं सुनते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार । अमृत विचार

डीएम एवं एसएसपी ने कहा कि उच्च स्तरीय अधिकारी रेवेन्यू टीम के साथ थाना समाधान दिवस में मामले की गहराई से लंबित प्रकरणों की सुनवाई कर शिकायतों के मौके पर निस्तारण करें, कुछ शिकायतों का निस्तारण भी किया गया। उन्होंने एक-एक करके सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता के साथ सुना एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पूर्व के थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली तथा जनसुनवाई के दौरान राजस्व से जुड़े मामलों को तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित क्षेत्र के लेखपालों को पुलिस के साथ मौके पर जाकर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए । थाना समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें कब्जे से संबंधित थीं। इसमें अवैध तरीके से प्लाटिंग एवं कब्जा करना या एक ही प्लॉट की एक से दो बार रजिस्ट्री करने से संबंधित शिकायतों को सुना गया। उन्होंने वहां पर उपस्थित संबंधित पक्ष विपक्षों की समस्याओं को सुना गया तथा स्थलीय व अभिलेखीय जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। थाना समाधान दिवस डीएम व एसएसपी द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शहर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 1 का निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस के दौरान एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह रहे।

### फसल को ट्रैक्टर से जुतवाकर नष्ट करने का आरोप

**इटावा।** जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव सिरहोल में गांव के लोगों ने थाना दिवस में शिकायत की है कि पीड़ित के खेत में खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जुतवाकर नष्ट कर दिया है पीड़ित ने इस मामले में प्रधानपति पर आरोप लगाते हुए थाना जसवंतनगर में समाधान दिवस में दी है और न्याय की गुहार लगाइ है। गांव के रहने वाले राजीव सिंह, राजवीर सिंह, संदीप सिंह, कृष्ण वीर सिंह और शिवनंदन ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रधान पति व उनके साथी ने उसके खेत में ट्रैक्टर चलवा कर खड़ी फसल को नष्ट कर दिया। उस समय वह सभी लोग घर से बाहर गए हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधान पति ने खेत से चक रोड निकलवाने के लिए खेत में खड़ी फसल को ट्रैक्टर के माध्यम से जुतवा दिया है। जिससे फसल पूरी तरीके से नष्ट हो गई है।

### भूमाफियाओं के खिलाफ होगी कार्यवाही

**इटावा।** डीएम अवनीश राय ने बताया कि जिन भू माफियाओं के लाइसेंस बने हुए हैं और उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं तो उनका लाइसेंस रद किया जाएगा और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में तीन ऐसे भूमाफियाओं को चिह्नित किया गया है जिनके लाइसेंस जल्द ही रद किए जाएंगे और जांच पड़ताल की जाएगी। माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मां कालिका के हजारों भक्तों ने किये दर्शन

**बकेवर, इटावा।** शनिवार को कस्बा लखना स्थित मां कालिका देवी के मंदिर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन कर माता के दरबार में मत्था टेककर पूजा अर्चना की और बच्चों का मुंडन संस्कार कराया।

शनिवार को औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कानपुर, कानपुर देहात, जालौन, आगरा, मध्यप्रदेश के भिंड, ग्वालियर, मुरैना आदि से श्रद्धालुओं ने अपने परिवारों के साथ आकर पूजा अर्चना की।

लखना मंदिर पर माता कालिका देवी की पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर के पक्का तालाब पर नन्हे मुन्ने बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराये। भारी श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते लखना चौकी पुलिस को श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## एक नजर

### एएनटीएफ ने नशे के 31 कारोबारियों को दबोचा

अमृत विचार, लखनऊ : एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 2024 में अब तक प्रदेश-भर के नशे के 14 कारोबारियों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 13 वांछितों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। इनके पास से 1594.97 किलो. मादक पदार्थ बरामद किया गया है। इसकी कीमत 14 करोड़ 63 लाख है। एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि इन आरोपियों के पास से 18,066 रुपये नगद, आठ दो पहिया, चार पहिया वाहन 4 और 2 ट्रक बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में अवैध नशे के सौदागरों के कब्जे से 5.31 किलो. मार्फिन, 21.33 किलो. हेरोइन (स्मैक), 115.80 किलो. चरस, 47.35 किलो. अफीम, 6155.87 किलो. (डोडा पोस्ता तृण), 5647.341 किलो. गांजा, 32 दो पहिया, 41 चार पहिया वाहन और 15 ट्रक बरामद किए गए हैं।

# नौकरी देने की नीयत ही नहीं थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर अखिलेश ने सरकार पर साधा निशाना

**लखनऊः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा सरकार की नौकरी देने की नियत ही नहीं थी। सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार इतनी लापरवाह निकली जिसकी वजह से पेपर लीक हुआ है। अगर इनकी नियत साफ होती तो, जिस समय पहला पेपर लीक हुआ था उसी समय सख्ती से कार्रवाई होती तो, इस तरह आज करोड़ों परिवार प्रभावित न होता।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है, यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं।दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना..., ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे।

युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसीलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले ले।

## अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के निर्णय पर जाहिर की खुशी

**अमृत विचार, लखनऊः** पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को परीक्षा निरस्त करने फैसले पर अभ्यर्थियों ने खुशी जाहिर की। सोशल मीडिया पर भी छात्रों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीएम योगी के समर्थन में दर्जनों हैशटैग वायरल होने लगे। इनमें #YogiWithYouth ट्रेंड लिस्ट में टॉप पर आ गया। लखनऊ में एक छात्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लाखों छात्रों की बात को सुना है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। हमारी मांग है कि 6 महीने में सरकार न सिर्फ पारदर्शी तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित करे, बल्कि पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा भी दिलाए।

# पेपर लीक नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम: कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को दिया जाए मुआवजा: अंशू

**अमृत विचारः** प्रदेश कांग्रेस ने सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार का नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम है।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रदेश में भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिर्फ मंचों से भाषणों में नकल को रोकने की बात करते रहे। प्रदेश के 50 लाख परिवारों ने अपने पेट काट-काट कर अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई, अपनी आजीविका से पैसे बचाकर कोचिंग कराई, नौजवान सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगा रहे थे कि उनको नौकरी मिलेगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने नौकरी देने के बजाय प्रदेश में नकल माफिया के राज को बढ़ावा दिया, इसलिए प्रदेश में अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए, क्योंकि परीक्षा रद होने के कारण उनकी कई प्रकार से क्षति हुई है।

## जातिवादी लोगों से सावधान रहने की जरूरतः मायावती

**अमृत विचार, लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बहुजन समाज को जातिवादी ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है। संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बसपा प्रमुख ने उनके उपदेशों को अपनाकर जीवन संवारने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बसपा शासनकाल में भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदासनगर रखा गया, पर तत्कालीन सपा सरकार ने जातिवादी व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया, पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने नाम बहाल नहीं है। यह साबित करता है कि दोनों पार्टियों की सोच एक जैसी जातिवादी है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपना सारा जीवन इंसानियत का संदेश देने में गुजारा।

## 58 जिलों से रिपोर्ट तलब, एक घंटे पहले वायरल हुई उत्तरकुंजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तरकुंजी व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गई थी वायरल
- अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों से सामने आई सच्चाई

**अमृत विचारः** समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद को लेकर यूपीपीएससी ने 58 जिलों के नोडल अफसरों से परीक्षा केंद्रों को लेकर रिपोर्ट तलब की है।

सूत्रों के अनुसार अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्य से सामने आया है कि दोनों पालियों के प्रश्नपत्रों की उत्तरकुंजी परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल की गई।

प्रथम प्रश्नपत्र की जो उत्तरकुंजी वायरल की गई, उसमें आधे सवालों के वैकल्पिक जवाब सही और आधे गलत हैं। जबकि दूसरी पाली में हिंदी के प्रश्नपत्र में केवल 28 सवालों के वैकल्पिक उत्तर सही हैं और बाकी सवालों के जवाब गलत हैं। सूत्रों के अनुसार अब तक हुई जांच में सामने आए इन तथ्यों के आधार पर माना जा रहा है कि पेपर आउट हुआ होता तो, यह परीक्षा केंद्र के स्तर से हो सकता है।

### धांधली को लेकर छात्रों में आक्रोश जारी

यूपीपीएससी की समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा में धांधली और पेपर लीक का आरोप लगाते हुए हजारों छात्र प्रयागराज में आयोग के गेट पर शुक्रवार से ही आंदोलित है।

# लोकसभा चुनावः प्रदेश में अर्धसैनिक बल की 230 कंपनी होंगी तैनात

## उप्र पुलिस की ओर से अंतिम दौर में है चुनाव को लेकर सुरक्षा तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने पुलिस कप्तानों को चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का दिया निर्देश

**अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की अगले माह तारीख घोषित किए जाने की संभावना को देखते हुए पुलिस महकमा सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। डीजीपी मुख्यालय इस माह के अंत तक सुरक्षा तैयारी को मुकाम देने में जोर-शोर से लगा हुआ है। सुरक्षा इंतजाम को लेकर फिलहाल जो खांका तैयार किया गया है, उसके हिसाब से उप्र के लिए 230 कंपनी अर्धसैनिक बलों की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्र सरकार से मांग की जाएगी।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सभी पुलिस कप्तानों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश जारी किया। दरअसल, इस माह आखिरी में केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम भी आने वाली हैं। वह जिला पुलिस के प्रमुखो और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक करेगी और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था के मसले पर समीक्षा करेगी। लिहाजा डीजीपी कार्यालय पुलिस बल की तैनाती को लेकर अपनी तैयारी कर रहा है। पुलिस मुख्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक चुनाव में करीब दो लाख पुलिसकर्मियों की तैनाती का खांका तैयार किया गया है।

### राजधानी में 129 स्थानों पर ठहरेंगे जवान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। शनिवार को जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने मातहतों के संग बैठक कर निर्देशित किया। कहा शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिये फोर्स के ठहरने के लिये 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। कहा इन स्थानों पर बिजली, पानी, शौचालय, रास्ते व अन्य मूलभूत सुविधाएं संबंधित विभाग के अफसरों से समन्वय कर मुकम्मल करायें।

जेसीपी ने दोपहर एक बजे लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये अभी से कमर कस लें। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल, पीएसी, समेत अन्य फोर्स रहेगा। ऐसे में इनके रात्रि विश्राम के लिये विद्यालय, स्कूल और धर्मशाला समेत 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। इन स्थानों पर पानी, शौचालय, स्नानागार, बिजली की समुचित व्यवस्था की जाये। इसके लिये पुलिस अफसर संबंधित विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापित कर इन सुविधाओं को मुकम्मल करायें। खराब रास्तों की मरम्मत करायें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर उचित कार्रवाई करें।

## यूपी बोर्ड परीक्षाः शासन स्तर से जांचे गए सात हजार परीक्षा केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर शनिवार को हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा नहीं होने के बावजूद भी बोर्ड मुख्यालय से प्रदेश भर के जिला विद्यालय निरीक्षकों के ऑनलाइन बैठक हुई। बाराबंकी के राजकीय इंटर कालेज में केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति की एक शिकायत मिलने पर शासन ने तत्काल संज्ञान में लिया है। कंमाड सेंटर से अब सात हजार परीक्षा केंद्रों की मॉनीटिरिंग की जा चुकी है। वहीं सौ से अधिक परीक्षा केंद्रों की कमियों को कंट्रोल रूम ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पकड़ा और कमियों को दूर कराया।

यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला के अनुसार कुछ परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही दिखी। इसे दूर करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा केंद्रों की साफ सफाई सही तरीके से हो इसके लिए सख्ती से कहा गया। बोर्ड सचिव ने गूगल मीट में बैठक में सभी अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### जिलों में गठित है विशेष निगरानी दस्ता

बोर्ड के सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिलों में विशेष जांच दस्ता गठित किया गया है। इस दस्तें के अफसरों का नाम गोपनीय रखा गया है। यह दस्ता किसी भी समय परीक्षा केंद्रों पर जांच के लिए पहुंचने के लिए अधिकृत है। हालांकि जांच के लिए जाने के पहले जिलाविद्यालय निरीक्षक को इसकी जानकारी दी जाएगी।



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संत रविदास की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

### छह डिप्टी एसपी का हुआ स्थानांतरण

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र शासन ने शनिवार को छह पीपीएस अफसरों का तबादला किया है। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के सहायक सेनानायक संजय कुमार सिंह को एडीजी जोन गोरखपुर का स्टाफ अफसर बनाया गया है, जबकि राकेश प्रताप सिंह को पीएसी लखनऊ से एडीजी जोन लखनऊ का स्टाफ अफसर और परमानंद पाण्डेय को पीएसी मिर्जापुर से एडीजी जोन वाराणसी का स्टाफ अफसर के पद पर तैनाती दी गई है। ओजस्वी चावला को डिप्टी एसपी एसटीएफ से एडीजी जोन आगरा का स्टाफ अफसर, कुशल पाल सिंह पीएसी प्रयागराज से एडीजी जोन प्रयागराज का स्टाफ अफसर तथा सूक्ष्म प्रकाश को एलआईयू कानपुर नगर से एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है।

## सपा ने अपने विधायकों को समझाया वोट देने का तरीका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी विधायकों को वोट देने का तरीका बताया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की उपस्थिति में प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने मतदान की बारीकियां समझायीं। 25 फरवरी को विधायकों को डमी मत्र पत्र के जरिये मतदान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बीच, समर्थन जुटाने के लिए सपा प्रमुख जनसत्ता पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री राजा भैया से मुलाकात की।

राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के आठ व सपा के तीन प्रत्याशी शामिल हैं। सपा प्रमुख की ओर से बुलाई गई बैठक में दो महिला समेत चार विधायक नहीं पहुंचे। इस मौके पर सपा प्रमुख ने सभी विधायकों को एकजुट होकर मतदान करने का निर्देश दिया।

## आकांक्षी नगर योजना पोर्टल शुरू, गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** आकांक्षात्मक जिलों की तर्ज पर प्रदेश के 100 पिछड़े नगरीय निकायों में विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री अर्बन फेलोशिप योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों का शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। इसका उद्घाटन नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने किया। साथ ही आकांक्षी नगर योजना पोर्टल की शुरुआत की और योजना से संबंधित गाइडलाइंस भी जारी की।

नगरीय निकाय निदेशालय में आयोजित समारोह में मंत्री ने चयनित सीएम फेलोज को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी नगर योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के 100 निकायों को आकांक्षी नगर के रूप में विकसित करना है। योजना के तहत इन नगरों में बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। उन्होंने फेलोज से आग्रह किया कि वे इस योजना को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

### 38 जिलों के 100 नगरीय निकाय आकांक्षात्मक श्रेणी में

ये फेलोज 20 हजार से 1 लाख तक की आबादी वाले 100 पिछड़े नगरीय निकायों में निर्धारित 32 इंडिकेटर्स के माध्यम से न केवल विकास की सभावनाएं तलाशेंगे, बल्कि अपनी शोध रिपोर्ट को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। राज्य सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 100 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक श्रेणी में रखा है। इनमें अलीगढ़ में 5, एटा में 1, हाथरस में 1, कासगंज में 1, अयोध्या में 2, अंबेडकर नगर में 1, बाराबंकी में 1, सुल्तानपुर में 1, आजमगढ़ में 2, बलिया में 3, मऊ में 2, शाहजहांपुर में 2, बस्ती में 9, संत कबीर नगर में 3, सिद्धार्थनगर में 4, बांदा में 1, बहराइच में 4, बलरामपुर में 1, गोंडा में 3, देवरिया में 6, गोरखपुर में 2, कुशीनगर में 5, महाराजगंज में 4, फरुखाबाद में 2, कानपुर देहात में 2, लखीमपुर खीरी में 2, लखनऊ में 2, रायबरेली में 1, उन्नाव में 2, बुलंदशहर में 1, सोनभद्र में 2, मुरादाबाद में 1, रामपुर में 3, फतेहपुर में 3, कौशाम्बी में 2, प्रतापगढ़ में 10, प्रयागराज में 1 और जौनपुर में 2 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक नगरीय निकाय की श्रेणी में रखा गया है।

## वर्ग पहेली-353

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर, कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | 8 | | |

### वर्ग पहेली - 352 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नो |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | मे | ला |

## सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 3 | 1 | |
| | | | 1 | | | | 5 | |
| 6 | | 1 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 5 | | 3 | | 8 | 4 |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | |
| | | 4 | | | | 5 | | 2 |
| | 5 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 69 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 20.35 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 26 फरवरी 01.24 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

**मेष** आज नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आज आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए।

**वृष** आज पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर आज शान्ति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। सिर्फ अपने काम पर ध्यान रखें।

**मिथुन** आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**कर्क** आज धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वे शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। प्रेम संबंधों में आ रही गलतफहमियां दूर होंगी।

**सिंह** आज आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। मेडिकल संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या** आज संतान के व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

**तुला** आज अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**वृश्चिक** आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आज आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

**धनु** आज समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

**मकर** आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो मोटिवेशनल वीडियोज़ से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

**कुंभ** आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। मनोरञ्जन के लिए वेबसीरीज़ और सिनेमा का आनंद उठायेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**मीन** आज उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- विश्वासघात — सुबह : 10.00
- अनाड़ी — रात : 07.00

SONY MAX
- अतरंगी रे — सुबह : 09.53
- टाइगर जिंदा है — रात : 10.06

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.13
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- जजमेंटल है क्या — सुबह : 10.30
- मदारी — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- छलांग — सुबह : 10.29
- दृश्यम 2 — रात : 09.06

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-09.06 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता और महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुरा कर उसका सिर सहलाते हुए कहती है) -"अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं
काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूं दड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूं फारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4200-4300 |
| उड़द हरा | 10000-10200 |
| उड़द काला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 14500-14700 |
| अरहर स्पेशल1 | 12200-12400 |
| चना दाल | 7050-7150 |
| मटर दाल | 5050-5150 |
| म्सूर मलका | 6900-6950 |
| मसूर दाल | 7100-7150 |
| उड़द दाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूंग दाल | 8800-10300 |
| मूंग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं1. | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं2. | 6500 - 7500 |
| **किराना-मेवा (प्रति क्वि.)** | |
| कली मिर्च | 55000-70000 |
| बड़ीइलायची | 85000-120000 |
| सोंठ | 30000-40500 |
| धनिया | 6000-13000 |
| लालमिर्च | 28000-34000 |
| जीरा | 58000-62000 |
| अजवाइन | 20000-28000। |

# प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

● योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में अनाज भंडारण के लिए 11 गोदामों का उद्घाटन किया। ये गोदाम सहकारी क्षेत्र में सरकार की दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का हिस्सा हैं। इस योजना में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है।

मोदी ने गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी। इन पहलों का मकसद नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने कहा, 'आज हमने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है। इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी।

मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों व उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें। उन्होंने अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इस समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज पैक्स के जरिए इस समस्या का समाधान किया जा रहा है।'

### विकसित भारत के लिए विकसित कृषि जरूरी: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र का विकसित और आधुनिक होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी विकसित भारत के निर्माण के लिए बराबरी का महत्व रखता है।" उन्होंने कहाकि कृषि और खेती-बाड़ी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता व सहयोग की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसीलिए उनकी सरकार ने सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय बन गया है।

## अब भी सीईओ हूं, बर्खास्तगी की खबर अफवाह: रविंद्रन

**नई दिल्ली।** संकट से जूझ रही शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को एक पत्र लिखकर कहा है कि वह सीईओ बने रहेंगे और प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं होगा। निवेशकों द्वारा नेतृत्व परिवर्तन के लिए मतदान करने के एक दिन बाद उन्होंने पत्र में शुक्रवार की ईजीएम को तमाशा करार दिया।

कर्मचारियों के लिए यह पत्र महत्वपूर्ण है, क्योंकि बायजू के शेयरधारकों ने शुक्रवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' के चलते संस्थापक-सीईओ रवींद्रन और उनके परिवार को बोर्ड से हटाने के लिए मतदान किया था। रवींद्रन ने कंपनी संस्थापकों की अनुपस्थिति में की गई वोटिंग को अमान्य और अप्रभावी बताया है।

# अडाणी समूह उबर के साथ कर सकता है कारोबारी करार

नई दिल्ली, एजेंसी

● गौतम अडाणी ने उबर के सीईओ से मुलाकात के बाद दिए संकेत

अरबपति गौतम अडाणी ने शनिवार को उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की, जो इस समय भारत के दौरे पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने समूह और उबर के बीच भविष्य में सहयोग की संभावना के संकेत भी दिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों व्यापारिक नेताओं ने भारत की वृद्धि गाथा और उपमहाद्वीप के लिए उनके नजरिए पर चर्चा की।

अडाणी ने एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, 'उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही के साथ बेहद दिलचस्प बातचीत हुई। भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं।' उबर के सीईओ ने कहा कि उन्होंने 'बेहद शानदार बातचीत'' के लिए नाश्ते पर अडाणी समूह के प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने भारत में ईवी रूपांतरण में तेजी लाने के लिए अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया।

अडाणी ने मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, लेकिन यह नहीं बताया कि मुलाकात कहां हुई। तस्वीरों से ऐसा लग रहा है कि बैठक अहमदाबाद में हुई थी। दारा ने अडाणी की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, 'स्वादिष्ट नाश्ते के साथ भारत की अभूतपूर्व वृद्धि और बढ़ती उद्यमशीलता के बारे में गौतम अडाणी के साथ एक बहुत ही शानदार बातचीत हुई।'

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 712 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

## जेमिनी संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं: गूगल

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी पर चैटबॉट की प्रतिक्रिया के बाद दी सफाई

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गूगल ने कहा है कि उसका एआई चैटबॉट वर्तमान घटनाओं और राजनीतिक विषयों से संबंधित कुछ संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल 'जेमिनी' की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गूगल ने शनिवार को कहा कि उसने इस मुद्दे का समाधान करने के लिए तेजी से काम किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जेमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। एक पत्रकार के सत्यापित खाते से लिखा गया था कि मोदी पर एक सवाल के जवाब में गूगल जेमिनी की प्रतिक्रिया पक्षपात से भरी है। इस पर संज्ञान लेते हुए चंद्रशेखर ने यह बात कही। जेमिनी से जब इसी तरह का सवाल ट्रंप या जेलेंस्की के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

## एमईएनए देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने में केरल सबसे आगे: रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी (एमईएनए) देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने के मामले में केरल सबसे आगे हैं। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ऐसा हैं, जहां पिछले साल मांग 3.3 गुना बढ़ी। नौकरी दिलाने में मदद करने वाले मंच हंटर के आंकड़ों के अनुसार केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश एमईएनए देशों में नर्सों, डॉक्टरों और प्रयोगशाला तकनीशियनों सहित स्वास्थ्यकर्मियों को भेजने के लिहाज से अग्रणी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि केरल से यूएई को स्वास्थ्यकर्मियों का प्रवासन 2023 में बढ़कर 3.3 गुना हो गया।

# भारत एकमात्र अर्थव्यवस्था, जो तेजी से बढ़ रही आगे

मुंबई, एजेंसी

● 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने एक कार्यक्रम को किया संबोधित



सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शनिवार को कहा कि दुनिया में तूफान लाने के लिए भारत की परिस्थितियां बिल्कुल सही हैं और भारत अब एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो मजबूती से आगे बढ़ रही है।

डॉ. पनगढ़िया ने यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 3.0 में 'द इकोनॉमिक व्हिस्पररः हाउ टू फ्यूल ग्रोथ विद जॉब्स' विषय पर अपने विचार साझा करते हुये भारत और नए भारत के बारे कहा, "1980 के दशक में मैं भारत को लेकर बहुत निराशावादी हुआ करता था। 1991 में हालात बदल गए। रुझान उदारीकरण की ओर हो गया। यदि हम कोविड काल को हटा दें, तो पिछले 20 वर्षों में वास्तविक डॉलर में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी हम 1980 के दशक में कल्पना भी नहीं कर सकते थे।' उन्होंने कहा कि बेरोजगारी वास्तव में भारत के लिए कोई समस्या नहीं है। अल्परोजगार है, चुनौती अच्छी तनख्वाह वाली, उच्च उत्पादकता वाली नौकरियां पैदा करने की है। जनसंख्या बड़ी है और जनसंख्या युवा है। यह हमारी मदद करेगा। हमारे पास उस तरह का निर्भरता अनुपात नहीं है, जैसा चीन के पास है।

डॉ. पनगढ़िया ने कहा, "हम एक श्रम प्रचुर देश और पूंजी की कमी वाला देश हैं। हमने अपनी अधिकांश पूंजी कुछ चुनिंदा पूंजी-गहन क्षेत्रों में लगाई है। बहुत सारे कर्मचारी कृषि और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें बहुत कम पूंजी है।"



# मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में गिरा

## कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका, विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने विरोध में किया मतदान

बेंगलुरु, एजेंसी



कर्नाटक में 10 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों से कोष एकत्र करने संबंधी कांग्रेस सरकार का एक विधेयक विधान परिषद में विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन के चलते गिर गया।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 को इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा से मंजूरी मिल गई थी। शुक्रवार को उच्च सदन में ध्वनिमत से विधेयक गिर गया, जहां विपक्षी दलों के पास बहुमत है।

विधेयक में 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों से पांच प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत राशि एकत्रित करने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि एकत्रित धन को 'राज्य धार्मिक परिषद' द्वारा प्रशासित एक साझा कोष में डाला जाएगा, जिसका उपयोग पांच लाख से कम आय वाले 'सी' श्रेणी के मंदिरों (राज्य नियंत्रित) के अर्चकों (पुजारियों) के कल्याण के लिए किया जाएगा।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष कोटा श्रीनिवास पुजारी ने पुजारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के कदम का स्वागत किया। हालांकि मंदिरों द्वारा अर्जित राजस्व के दुरुपयोग का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार उनके कल्याण के लिए बजट के तहत धन क्यों नहीं दे सकती। विपक्ष ने विधेयक में मंदिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा मनोनीत करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया। 'मुजराई' मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विपक्ष को समझाने की कोशिश करते हुए सदन को आश्वासन दिया कि सरकार मंदिर समिति के अध्यक्ष के मनोनयन में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मंदिरों से साझा कोष में दी जाने वाली प्रस्तावित राशि को भी कम करेगी।

विपक्ष ने विधेयक पारित करने से पहले इसमें संशोधन किए जाने पर जोर दिया, जिसको देखते हुए रेड्डी ने सोमवार तक का समय मांगा और कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ इस पर चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि इसमें वित्तीय निहितार्थ शामिल हैं।

हालांकि, सभापति के रूप में मौजूद उप सभापति एमके प्रणेश ने सोमवार तक का समय न देते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि सदन पहले ही विधेयक पर विचार कर चुका है। इसके बाद विधेयक पर मतदान हुआ और यह विपक्षी भाजपा-जद(एस) गठबंधन के संख्या बल की वजह से गिर गया। भाजपा ने इस विधेयक के बाद कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने के आरोप लगाए हैं, जबकि इन आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि यह एक्ट पहली बार 2003 में ही लाया गया था। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा है कि भाजपा इस बारे में भ्रांति फैला रही है।

### विधान परिषद में राजग का संख्या बल ज्यादा

कर्नाटक विधान परिषद में राजग यानी भाजपा के गठबंधन के पास सत्ताधारी कांग्रेस से अधिक संख्या बल है। कांग्रेस के 30 एमएलसी हैं, जबकि भाजपा के 35 एमएलसी हैं। इसके अलावा 8 एमलसी भाजपा की गठबंधन सहयोगी जेडीएस के हैं। कर्नाटक में लाए जा रहे 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024' कानून के तहत सरकार सालाना एक करोड़ से अधिक आय वाले मंदिरों से आय पर दस प्रतिशत टैक्स ले सकेगी, जबकि दस लाख से एक करोड़ तक की आय वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत टैक्स लिया जा सकेगा।

## शरद पवार ने अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न का किया अनावरण

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने अपने नेतृत्व वाले पार्टी के गुट के चुनाव चिह्न 'तुरहा (पारंपरिक तुरही) बजाते हुए आदमी' का शनिवार को अनावरण किया और इसे लोगों के कल्याण के लिए एक नया संघर्ष शुरू करने और उनके उत्थान के वास्ते काम करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रेरणा बताया।

अजित पवार और आठ अन्य विधायकों के पिछले वर्ष जुलाई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो जाने के बाद शरद पवार नीत राकांपा विभाजित हो गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असल राकांपा घोषित किया था और उसे पार्टी का चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया था।

# भ्रष्टाचार छिपाने को आप ने कांग्रेस के सामने टेके घुटने

नई दिल्ली, एजेंसी

● भाजपा ने दोनों पार्टियों के गठजोड़ को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया



भाजपा ने कांग्रेस-आप गठजोड़ की आलोचना करते हुए शनिवार को इसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि आप ने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस के सामने घुटने टेक दिए। यह (गठजोड़) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का किसी भी तरह से मुकाबला नहीं कर पाएगा।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन राज्यों में यह गठजोड़ किया गया है चाहे वह गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, गोवा या दिल्ली हो, भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। लेखी ने अतीत में कांग्रेस के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के कई आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि यह भ्रष्ट गठबंधन उन लोगों के खिलाफ सफल नहीं होगा, जो जनता की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। लेखी ने कहा कि केजरीवाल न केवल 2004-14 के दौरान केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के अधिकांश मंत्रियों पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाते थे, बल्कि उन्होंने दिवंगत राजीव गांधी से भारत रत्न सम्मान वापस लेने की भी मांग की थी।

## एक नजर

### तमिलनाडु में कांग्रेस की विधायक विजयधरानी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में लगातार तीन बार से विधायक कांग्रेस की नेता एस. विजयधरानी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विजयधरानी के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वह राज्य में अपना जनाधार बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। विजयधरानी कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र की विलावनकोड सीट से विधायक हैं। भाजपा कन्याकुमारी से अतीत में लोकसभा चुनाव जीत चुकी है।

### कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलागावी जिले से करीब 90 किमी दूर दत्त जंबोटी रोड पर हुई दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को हुई दुर्घटना में पांच लोगों की घटनास्थल पर, जबकि एक अन्य की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार एक कार ने खड़े हुए दोपहिया वाहन और फिर एक अन्य दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। खड़े हुए वाहन के पास मौजूद दो लोगों को गंभीर चोट आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल की यात्रा पर आएंगे

**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव से पहले केरल में राजनीतिक पैठ मजबूत करने की भाजपा की कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को राज्य की यात्रा पर आ रहे हैं। यह इस साल राज्य की उनकी तीसरी यात्रा है। मोदी आधिकारिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। वह भाजपा की राज्य इकाई द्वारा आयोजित 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भाग लेंगे।

## बरकती व उसकी पत्नी के खिलाफ चार्जशीट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियों और आतंकवादी वित्तपोषण के एक मामले में सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती, उसकी पत्नी और अब पाकिस्तान में सक्रिय एक आतंकवादी के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। शोपियां के ज़ैनापोरा के निवासी सरजन बरकती और एक प्रमुख क्लर्क पर हिजबुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी के निष्कासन के बाद 2016 की अशांति में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का आरोप लगाया गया था। एसआईए की कश्मीर इकाई ने बरकती, उसकी पत्नी शबरोजा बानो और हिजबुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय आतंकी अब्दुल हामिद लोन के खिलाफ कुलगाम में विशेष यूएपीए अदालत के समक्ष शुक्रवार को आरोप पत्र पेश किया, जो पाकिस्तान में स्थित है और फरार है।

## झारखंड में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक शख्स की हत्या की

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों ने पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के बंदाबेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात घटी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जितेन लागुरी नामक व्यक्ति के शुक्रवार शाम को घर लौटने के बाद नक्सलियों का एक समूह उनके घर पर पहुंचा और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

## सिंघू और टीकरी बॉर्डर को खोला जाएगा

**नई दिल्ली।** किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों को करीब दो सप्ताह तक बंद रखने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उन्हें आंशिक रूप से खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंघू सीमा मार्ग के 'सर्विस लेन' और टीकरी सीमा मार्ग के एक लेन को खोला जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही हो सके। सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों के खुलने से दिल्ली से हरियाणा जाने वाले वालों को बहुत राहत मिलेगी। इन दोनों सीमा मार्गों को 13 फरवरी को सील कर दिया गया था, क्योंकि पंजाब से प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तथा कृषि ऋण माफी समेत अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

**एडीआर ने विश्लेषण के बाद दी जानकारी**

# राज्यसभा के 36% प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा चुनाव के 36 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

एडीआर और 'नेशनल इलेक्शन वॉच' ने 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए मैदान में उतरे 59 उम्मीदवारों में से 58 के हलफनामों का विश्लेषण किया। राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को होंगे। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से आठ (27 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ उम्मीदवारों में से छह (67 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के चार उम्मीदवारों में से एक (25 प्रतिशत), सपा उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत) और राजद के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत) प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है। इसके अलावा इनमें से 17 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं।

## मध्य प्रदेश में ट्रक से लहसुन की लूट, 11 बदमाश गिरफ्तार

**बड़वानी।** जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रक से ले जा रहे लहसुन लूटने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने लहसुन से भरे ट्रक की डकैती के मामले में अंतर्राज्यीय गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुनीत ने बताया कि देर रात आगरा मुंबई हाईवे पर लहसुन से भरे वाहन को 15 हथियार बंद लोगों ने अपना ट्रक अड़ाकर रोका था। इसके बाद कांच तोड़ते हुए उसके ड्राइवर को उतार कर उसके हाथ पैर बांध दिए थे। उसे अपने वाहन में मारपीट करते हुए 2 घंटे तक घुमाते रहे। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन कर नेशनल हाईवे पर छोड़ दिया था।

# असम में मुस्लिम विवाह और तलाक अधिनियम खत्म

गुवाहाटी, एजेंसी

● राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी दी, विपक्ष ने सरकार के फैसले को बताया मुस्लिम विरोधी



असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद करने की मंजूरी दे दी है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, 'इस अधिनियम में ऐसी स्थिति में भी विवाह पंजीकरण की अनुमति दिए जाने के प्रावधान शामिल हैं, जब वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष न हो, जो कि विवाह के लिए वैध आयु होती है। यह कदम (कानून को निरस्त किया जाना) राज्य में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

विपक्षी दलों ने सरकार के इस फैसले को मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण और चुनावी वर्ष में मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने का प्रयास बताया। कांग्रेस के विधायक अब्दुल रशीद मंडल ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनावों के वर्ष में अधिनियम को निरस्त करने का निर्णय लेकर सरकार मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रही है। यह मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण निर्णय के अलावा और कुछ नहीं है।' गोलपारा (पश्चिम) से विधायक ने कहा, 'सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने की बात करती है, लेकिन अब तक विधानसभा में ऐसा कोई विधेयक या अध्यादेश नहीं लाया गया है और इसका कारण उन्हें ही पता है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को निरस्त किए जाने पर जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रार को इस समय 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रार के पास मौजूद 'पंजीकरण रिकॉर्ड को अपने संरक्षण' में लेने के लिए अधिकृत किया जाएगा

### यह यूसीसी की ओर पहला कदम: अजमल



**गुवाहाटी।** एआईयूडीएफ अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने शनिवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन यह राज्य में भाजपा सरकार की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। अजमल ने कहा, 'वे मुसलमानों को भड़काने और मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं।'

# ईडी की कार्रवाई से इतनी बेचैन क्यों तमिलनाडु सरकार: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



● ईडी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर तमिलनाडु सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टरों को तलब किया था।

राज्य सरकार ने अधिकारियों के साथ मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी। इसको लेकर जांच एजेंसी ने आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ ने तमिलनाडु सरकार के वकील से पूछा कि राज्य यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है। किस कानून के तहत। आप हमें बताएं कि राज्य की रुचि कैसे है और वह प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है।

पीठ ने कहा कि अधिकारियों को ईडी के साथ सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नोटिस जारी तक तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने 26 फरवरी को सुनवाई के लिए यह याचिका सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में करीबी रिश्तेदार को शादी का झांसा देकर 13 साल से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्रीय सिनेमा के अभिनेता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता मनोज राजपूत को 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने रेलवे पुलिस थाने में शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि, मनोज 2011 से उसका यौन शोषण कर रहा है। पीड़िता ने शिकायत में कहा- मनोज अब शादी से इनकार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा- आरोपी मनोज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

# रूस-यूक्रेन जंग के दो साल पूरे 4 लाख रूसी जवानों ने गंवाई जान

*कीव/न्यूयॉर्क। रूस-यूक्रेन युद्ध को दो साल पूरे हो गए। फरवरी 2022 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद 40 लाख से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को देश छोड़ना पड़ा और ये लोग अन्य देशों में रिफ्यूजी के रूप में रह रहे हैं। वहीं, 65 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश में ही विस्थापित हो गए हैं। यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 18,500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन का दावा है कि रूस के 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है। पुतिन ने फादरलैंड डे के अवसर पर कहा कि रूस के 95% रणनीतिक परमाणु बलों का आधुनिकीकरण किया गया है। रूसी वायुसेना ने हाल ही में 4 नए सुपरसोनिक परमाणु सक्षम बमवर्षकों की डिलीवरी ली है।*




## यूक्रेन ने रूसी कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा किया



यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा हासिल कर लिया है, जबकि 18% हिस्से पर अभी भी रूस का कब्ज़ा है। करीब 4.30 करोड़ की आबादी वाले यूक्रेन के 1.76 करोड़ यूक्रेनी लोगों को राहत सामग्री के भरोसे रह रहे हैं। रूस और यूक्रेन दोनों देश सैनिकों के संकट से जूझ रहे हैं। युक्रेन सरकार ने सेना में भर्ती होने की उम्र घटाने का प्रस्ताव रखा है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

## परिवार को गंवाने वाले बच्चे यूएन में रखेंगे दर्द

युद्ध की त्रासदी झेलने वाले 2 बच्चे शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करेंगे। कीरा और इल्या मारियुपूल के हैं। कोरा का कहना है कि जब मैं स्कूल बस का इंतजार कर रही थी, तभी धमाका सुनाई दिया। एक माह तक बेसमेंट में छिपती रही। हमले में उसके पिता की मौत हो गई, लेकिन परिवार को शव ऐसे ही छोड़कर भागना पड़ा। इल्या का कहना है कि उसका घर हमले में टूट गया। उसे रूसी सैनिकों ने पकड़ लिया।

## यूक्रेन के 30 हजार से ज्यादा युवा लापता

यूक्रेन में 30 हजार से ज्यादा यूक्रेनी अभी भी लापता है। उनके परिजन को उनकी रिहाई का इंतजार है। इरिना हमेशा फोन पर निगाह रखती है। करीब 19 माह पहले दोनेत्स्क में रूस से लड़ रहे उसके 25 वर्षीय बेटे व्लादिस्लाव से आखिरी बार बात हुई थी। वे कहती हैं कि बेटे की खोज के लिए उन्होंने सभी प्रयास कर लिए लेकिन अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। मारियुपूल की एना उसेंको 2022 में युद्ध शुरू होने से पहले बिजनेस टूर के लिए घर से निकली थीं। उनके भाई हर्मन सिकोरस्की का कहना है कि मार्च 2022 के बाद एना से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

## एक नजर

### हरियाणा: पूर्व कुश्ती कोच को हत्या के जुर्म में सुनाई मौत की सजा

**चंडीगढ़।** रोहतक की एक अदालत ने फरवरी 2021 में चार वर्षीय लड़के समेत छह लोगों की हत्या के जुर्म में कुश्ती के पूर्व कोच को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगन गीत कौर ने सुखविंदर को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए 1.26 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने कहा- सोनीपत जिले के बड़ौदा गांव के निवासी सुखविंदर ने 12 फरवरी, 2021 को मनोज मलिक, उनकी पत्नी साक्षी मलिक और बेटे सरताज, कुश्ती कोच सतीश कुमार तथा प्रदीप मलिक और पहलवान पूजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तब कहा था सुखविंदर ने गुस्से में आकर यह अपराध किया था। कोर्ट ने दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई।

### मुंबई में अवैध तरीके से रह रहा अफगान नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने वडाला इलाके में अवैध तरीके से रह रहे 38 वर्षीय अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह अफगान का नागरिक है और 2007 से ही मुंबई में रह रहा है। अफगान नागरिक की पहचान जहीर अली खान के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसके पास से अफगान पासपोर्ट, पैनकार्ड और टीकाकरण प्रमाणपत्र जब्त कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद अफगान नागरिक को अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने 26 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### कोलंबिया: रोबोट ढूढ़ेगा 18वीं सदी का अरबों का डूबा खजाना

**बोगोटा।** कोलंबिया ने रोबोट की मदद से 316 साल पुराने सैन जोस गैलियन (नौकायन जहाज) के कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरा-जवाहरात के खजाने को खोजने की घोषणा की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा-1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था, उसे वर्ष 2026 से पहले सतह पर लाया जाए। 20 बिलियन डॉलर की कीमत की लूट का माल ले जा रहा स्पेन के गैलियन अगले तीन वर्षों के भीतर कैरेबियन सागर से बरामद किया जाएगा। अरबों रुपये का पन्ना, चांदी और सोने को ले जाने वाला स्पेन का गैलियन 1708 में ब्रिटिश नौसेना के हमले के कारण डूब गया था।


### आईसीजे इजराइल को अंतर्राष्ट्रीय कानून में छूट न दें : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से आग्रह किया है कि वह इजराइल को पूर्वी यरुशलेम सहित अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन की अनुमति न दे। पाकिस्तान के कार्यवाहक कानून एवं न्याय मंत्री अहमद इरफान असलम ने कहा, इजराइल का फिलीस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा अवैध है। उसे इस तरह की कार्रवाइयों से लाभ उठाने की इजाजत देने से न्याय को बनाए रखने में आईसीजे की भूमिका कमजोर हो जाएगी और आईसीजे अपने न्यायिक कार्यों का निर्वहन करने में विफल हो जाएगा।

# वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित 'क्वाड' में कोई वीटो नहीं कर सकता : जयशंकर

## उन्होंने कहा-बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास की सोच को दर्शाता है क्वाड का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज के समय में क्वाड का गठन बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास और शीत युद्ध के बाद की सोच को दर्शाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि 'क्वाड क्यों अहम है? इसका सीधा सा जवाब है कि ये पूरी दुनिया के हित में है। क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है।

चीन की बढ़ती आक्रामकता पर वैश्विक चिंताओं के बीच जयशंकर ने कहा- क्वाड इस बात की अभिव्यक्ति है कि समान विचारधारा वाले देशों की पसंद पर कोई अन्य वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकता और यह संगठन टिके रहने, विकास करने और वैश्विक समृद्धि में योगदान देने के लिए किया गया है। विदेश मंत्री ने बताया कि 'क्वाड के प्रमुख तौर पर पांच संदेश हैं। जिनमें पहला बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दूसरा यह शीत युद्ध के बाद की सोच, तीसरा किसी देश पर दबाव बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ, चौथा लोकतंत्रीकरण और सहयोग के दृष्टिकोण को दर्शाने वाला और पांचवां आज कोई भी हमारी पसंद पर मनमर्जी से वीटो नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन ने कई बार भारत के प्रस्ताव पर वीटो किया है। ऐसे में विदेश मंत्री के बयान को चीन से जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस है।

### भारत में महिला सशक्तिकरण से आया बदलाव: एंजेला रेनर

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की लेबर पार्टी की नेता और डिप्टी पीएम पद की दावेदार एंजेला रेनर भारत की तरक्की से काफी प्रभावित हैं। शनिवार को वे रायसीना डायलॉग सम्मेलन के सत्र में शामिल हुईं। सत्र से अलग मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में काफी तरक्की की है और भारत की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है। एंजेला रेनर ने कहा कि वह चाहती हैं कि ब्रिटेन और भारत के संबंध मजबूत होने चाहिए और दोनों देशों को व्यापार समझौते पर आगे बढ़ना चाहिए। एंजेला रेनर ने कहा कि 'मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये दिखाता है कि भारत ने कमाल की प्रगति की है।' रेनर ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनसे महिलाओं की भूमिका को न सिर्फ समाज में बल्कि अर्थव्यवस्था में भी पहचान मिली है।



रेनर ने कहा कि अगर आपको आर्थिक रूप से मजबूत होना है तो महिलाओं को सशक्त करना होगा। लेबर पार्टी की नेता ने कहा कि ऐसे कानून बनाने की जरूरत हैं, जिससे महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और कार्यस्थल, समाज और सत्ता के अन्य पदों पर उनकी सुरक्षा भी हो सके। एंजेला रेनर ने कहा कि हम ब्रिटेन में ऐसा ही कर रहे हैं। हमारे यहां ऐसे कानून हैं, जो महिलाओं को सुरक्षा देते हैं, उन्हें सशक्त करते हैं। हम ये सुनिश्चित भी करते हैं कि ये कानून ठीक से लागू भी हो।

# मेटा वॉट्सएप पर डीपफेक हेल्पलाइन शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** भारत में एआई जनरेटेड डीपफेक वीडियों का शिकार आम- खास सभी लोग हो रहे हैं। अब इसे काबू में करने के लिए वॉट्स एप फैक्ट चेक हेल्पलाइन शुरू करेगा। टेक दिग्गज कंपनी मेटा और मिसइन्फॉर्मेशन कॉम्बैट एलायंस (एमसीए) ने एआई से उत्पन्न डीपफेक के खतरे से निपटने के लिए साझेदारी कर इस की घोषणा की है।

मेटा ने कहा कि वॉट्स एप चैटबॉट पर डीपफेक कंटेंट को मार्क करने में मददगार होगा। यह अंग्रेजी के साथ तीन क्षेत्रीय भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआत अगले महीने मार्च से की जाएगी। इसके लिए डीपफेक एनालिसिस यूनिट होगी। यूजर्स चैटबॉट के जरिए टेक्स्ट मैसेज, इमेज और वीडियो भेजकर रिपोर्ट कर सकेंगे। एमसीए के चेयरमैन भरत गुप्ता ने कहा कि गलत सूचना रोकने के लिए यह जरूरी है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सभी इंटरनेट प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना है कि उनके मंच पर कोई गलत या डीपफेक पोस्ट न हो।

# यमन में पोत पर ड्रोन से हमला भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

● व्यापारिक पोत के चालक दल का एक सदस्य घायल, बीते दिनों में भारत ने कई हमले किए विफल

व्यापारिक जहाजों पर अदन की खाड़ी में हमले कोई नई बात नहीं है। इजराइल-हमास के बीच जारी जंग से समुद्री लुटेरे अक्सर इन जहाजों को निशाना बना रहे हैं। समुद्र में बढ़ रहे जहाजों पर हमले दुनिया भर के देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना ने कई अभियानों के तहत व्यापारिक जहाजों को लुटेरो से बचाया है।

एक बार फिर अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज की मदद की। भारतीय नौसेना लगातार समुद्री लुटेरो के हमलों विफल कर रही है।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया। इस दौरान जहाज के चालक दल के एक सदस्य को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि नौसेना की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और वहां मौजूद चालक दल को बचाया। यह ताजा घटना हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में



कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सामने आई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना की एक चिकित्सा टीम ने एमवी आइलैंडर पर सवार होकर घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता दी।

मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि जहाज से एक इमरजेंसी कॉल आया, जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय नौसेना के बलों ने मालवाहक जहाज को बहादुर से बचा लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना के जहाजों के प्रयास, व्यापारी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

## फिर बढ़ी ठंड...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में फिर बर्फबारी होने से प्रदेश में ठंड बढ़ी है। कुछ जगह पारा माइनस 7 तक नीचे गिर गया। वहीं, बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही मनाली में सैलानियों की खासी भीड़ उमड़ी है। पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह से गति पकड़ चुका है। यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

# इमरान की पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे अली जफर, गौहर को हटाया

**इस्लामाबाद।** बैरिस्टर गौहर अली खान को खराब प्रदर्शन के कारण इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। अगले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बैरिस्टर अली जफर हैं और पार्टी के आंतरिक चुनाव तीन मार्च को होंगे।

पीपीपी, पीएमएल-एन और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सदस्यों ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच सिंध प्रांतीय विधानसभा में शपथ ग्रहण किया। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष आगा सिराज दुर्रानी ने समारोह का आयोजन किया था। इसमें इमरान खान की पार्टी और अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित विधायक अनुपस्थित थे।

# सुनक के खिलाफ बागी तेवर, इस्तीफा देंगे सांसद

● उपचुनाव में हार के बाद पीएम की पार्टी में नेतृत्व बदलने की मांग

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरकारी नीतियों के विरोध और भ्रष्टाचार के मामलों के कारण कंजर्वेटिव पार्टी उपचुनावों में लगातार हार की परंपरा तोड़ नहीं पा रही है। हार के चलते कंजर्वेटिव पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की मांग शुरू हो गई है।

कंजर्वेटिव पार्टी के 100 सांसदों ने चुनाव से पहले इस्तीफा देने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों को लगता है कि आगामी चुनावों में वे अपनी सीट खो देंगे। साथ ही, इनमें से कई सांसदों ने राजनीति से संन्यास लेने का फैसला लिया है। इसी माह हाउस ऑफ कॉमन्स की जस्टिस कमेटी के प्रमुख सर बॉब नेइल और पूर्व चांसलर क्वासी क्वार्तेंग और डिप्टी प्रमुख निक्की एइकेन ने घोषणा की है कि वे संसद छोड़ रहे हैं और इस साल होने वाले चुनाव नहीं लड़ेंगे। ब्रिटेन में 2019 के आम चुनावों में तत्कालीन पीएम जॉनसन ने पार्टी को पर्याप्त बहुमत दिलाया था, लेकिन उसके बाद एक ही कार्यकाल में 10 से ज्यादा उपचुनाव पार्टी हार चुकी है। हाल में, दो सीटों वेलिंगबर्ग और किंग्सवुड में हार से कंजर्वेटिव सांसद चिंता में पड़ गए हैं। कंजर्वेटिव सांसद पीटर बोन को हटाने के बाद चुनाव हुए थे। यहां लेबर पार्टी के सांसद जेन किचेन को 45.8% वोट मिले, जो पिछली बार से 28.5% ज्यादा थे।

### ब्रिटेन के हर क्षेत्र में हावी हो रहे मुस्लिम परस्त अतिवादी



**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने दावा किया है कि देश के हर क्षेत्र में मुस्लिमपरस्त अतिवादी हावी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की पहचान ऐसे देश के रूप में रही है, जहां विभिन्न धर्मों और नस्लों के लोग मिलजुल कर रहते रहे हैं, लेकिन ब्रिटेन अब अपनी पहचान खो रहा है। ब्रेवरमैन ने शुक्रवार को 'द डेली टेलीग्राफ' में लिखे लेख में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने लेख में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर भी इस्लामवादियों के तुष्टीकरण को लेकर हमला बोला। ब्रेवरमैन ने लिखा, "सच्चाई यह है कि इस्लामवादी, अतिवादी और यहूदी-विरोधी अब हावी हो रहे हैं। हम अपनी न्यायपालिका, अपने विश्वविद्यालयों में भी उनका प्रभाव देखते हैं।

# सीएम शिंदे और बेटे को धमकी देने वाला युवक पुणे से गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने पुणे से शनिवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया। उस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी थी और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2) और 505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

# मणिपुर की डीएम यूनिवर्सिटी में विस्फोट, 1 की मौत, एक घायल

इंफाल, एजेंसी

● धमाके के बाद सुरक्षा बल इलाके में किए तैनात, अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी



इंफाल में डीएम विश्वविद्यालय परिसर के पास शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास एक शक्तिशाली बम, जिसके इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) होने का संदेह है, विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) के कार्यालय के पास हुआ। पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है, जिसका प्रभाव शहर के कुछ हिस्सों से सुना गया था।

विस्फोट के बाद सुरक्षा बल तुरंत इलाके में पहुंचे और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। इस बीच एक नागरिक समाज संगठन के परिसर में भी आगजनी और गोलीबारी भी की है।

विज्ञान | ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बेशुमार धूल कणों से भरे क्षेत्र से धुंधला नजर आता है सूर्य

# हमारी कल्पना से बहुत बड़ा है कुइपर बेल्ट

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अनगिनत पिंडों से भरे हमारे सौर मंडल का कुइपर बेल्ट हमारी सोच से कहीं बड़ा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार यह बेशुमार धूल कणों से भरा हुआ है। इस क्षेत्र से सूरज धुंधला नजर आता है। नासा का न्यू होराइजन्स मिशन इन दिनों सौर मंडल के इस हिस्से की खाक छान रहा है।

नासा के अनुसार न्यू होराइजन्स मिशन ने 2015 में प्लूटो के सामने से गुजरा था। अब कुइपर बेल्ट की गहराई से गुजर रहा है। यह अंतरिक्ष यान बेशुमार ब्रह्मांडीय धूल भरी आंधी का सामना कर रहा है। अंतरिक्ष धूल से भरा यह हिस्सा माइक्रोन के एक मीटर के लाखवें हिस्से से भी छोटे कणों से भरा हुआ है। यह सौर मंडल में अधिकांश धूल ग्रहों के निर्माण से बचा हुआ अवशेष है। अब इसमें क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं की सतहों से सूक्ष्म उल्कापिंड के प्रभाव से निकली ताजा धूल भी शामिल हो गई है।



धूल से भरा कुइपर बेल्ट की तस्वीर।

कोलोराडो विश्वविद्यालय बोल्डर के खगोलशास्त्री एलेक्स डोनर ने अपने बयान में कहा है कि न्यू होराइजन्स नेप्च्यून और प्लूटो से परे अंतरग्रहीय धूल का पहला प्रत्यक्ष माप कर रहा है, इसलिए हर अवलोकन से एक खोज हो सकती है। जनवरी में कुइपर बेल्ट के बाहरी किनारे और सूर्य के बीच की दूरी 149.5 मिलियन किलोमीटर थी। वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिसके चलते माना जा रहा है कि यह क्षेत्र बहुत बड़े हिस्से में फैला हो सकता है। न्यू होराइजन्स इन दिनों बाहरी सौर मंडल से होकर गुजर रहा है। डोनर के अनुसार हमने एक विस्तारित कुइपर बेल्ट का पता लगाया है। जिसमें छोटे पिंडों का बड़ा समूह टकराता रहता है। जिस कारण भारी मात्रा में धूल पैदा होती है। बड़ी बात यह है कि सौर मंडल के सबसे दूर के क्षेत्रों के रहस्यों को सुलझाने में यह खोज कई सुराग प्रदान करती है।

कुइपर बेल्ट का नाम खगोलविद जेरार्ड कुइपर और केनेथ एडगेवर्थ के नाम पर रखा गया है। उन्होंने स्वतंत्र रूप से इस क्षेत्र के अस्तित्व का प्रस्ताव इसकी खोज से भी पहले रखा था। यह हमसे बहुत दूर है और बर्फीला क्षेत्र है।

### साल 2040 तक काम करेगा मिशन न्यू होराइजंस

न्यू होराइजन्स बहुत दूर अंतरिक्ष के खगोलीय पिंडों की खोज के लिए महत्वाकांक्षी योजना है। यह मिशन 2040 के दशक तक काम करेगा। इस अंतरिक्ष यान में अभी पर्याप्त ईंधन है। वैज्ञानिकों के अनुसार न्यू होराइजंस बाहरी सौर मंडल के मानचित्र को बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# समुद्र के नीचे देश की पहली ट्यूब रेल टनल का काम शुरू



मुंबई, एजेंसी

देश में पहली बार कोई ट्रेन समुद्र के नीचे सुरंग से होकर गुजरेगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए महाराष्ट्र में बांद्रा- कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच सुरंग का निर्माण शुरू हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुदाई का शुभारंभ किया। वैष्णव ने कहा, प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए खुदाई एक साथ चार स्थानों से शुरू की गई है। टनल में तीन तल होंगे। निचले तल से ट्रेन चलेगी। उन्होंने कहा, कॉरिडोर के सूरत-बलिमोरा सेक्शन पर अगस्त 2026 तक बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी।

### ट्यूब में बिछेगी पटरी

समुद्र में 5 किमी की खुदाई न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) तकनीक से होगी। अस्थाई दीवार से सुरंग बनने के बाद ट्यूब डाला जाएगा। फिर इसमें पटरी बिछेगी। ट्यूब को पानी के अंदर नीचे से जुड़े प्लेटफॉर्म पर फिक्स करेंगे। अस्थाई दीवार हटा ली जाएगी। फिर ट्यूब से ट्रेन गुजरेगी। 320 किमी/घंटा स्पीड टनल के अंदर ट्रेन की स्पीड 300 से 320 किमी प्रति घंटा होगी। 21 किलोमीटर की टनल में 7 किमी हिस्सा समुद्र के नीचे होगा।